जबलपुर
शुक्रवार, 7 फरवरी 2025
माघ मास शुक्ल पक्ष -9
■ वर्ष : 19, अंक : 275
■ पृष्ठ : 14 मूल्य : 3.00 *

मौसम
अधि. 30
न्यून. 13

# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

*खराब स्वास्थ्य और भारी भीड़ के चलते लिया गया फैसला*

## प्रेमानंद महाराज अब रात 2 बजे नहीं निकालेंगे पदयात्रा



**वृंदावन।** संत प्रेमानंद ने अपने स्वास्थ्य और श्रद्धालुओं की संख्या में लगातार हो रहे इजाफे को देखते हुए अपनी पदयात्रा अनिश्चितकाल के लिए स्थगित कर दी है। श्री हित राधा केलि कुंज परिकर की तरफ से सोशल मीडिया पर पत्र जारी कर ये जानकारी दी गई है। पत्र में लिखा गया है- आप सभी को सूचित किया जाता है कि पूज्य महाराज जी के स्वास्थ्य और बढ़ती हुई भीड़ को देखते हुए रात 2 बजे निकलने वाली पदयात्रा अनिश्चित काल के लिए बंद किया जाता है।

### इन सेक्टरों की बड़ी कंपनियां होंगी जीआईएस-2025 में शामिल

# आईटी, आईटीईएस और ईएसडीएम निवेश का नया केंद्र बन रहा है मप्र

राज्य की आईटी, आईटीईएस और ईएसडीएम निवेश प्रोत्साहन नीति 2023 निवेशकों को विभिन्न प्रकार की रियायतें और सुविधाएं प्रदान करती है। आईटी और आईटीईएस कंपनियों को 30 करोड़ रुपए तक की पूंजीगत सहायता, ईएसडीएम सेक्टर के लिए 150 करोड़ रुपए तक की प्रोत्साहन राशि और डेटा सेंटर निवेशकों को 125 करोड़ तक की सहायता उपलब्ध है। भूमि शुल्क में 75 प्रतिशत तक की छूट दी जा रही है जबकि स्टांप ड्यूटी और पंजीकरण शुल्क पूरी तरह से माफ किया गया है

हरिभूमि न्यूज ▶▶|भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि 24-25 फरवरी को भोपाल में होने वाली जीआईएस में आईटी, आईटीईएस और ईएसडीएम सेक्टर की बड़ी कंपनियां शामिल होंगी। इससे मप्र इस सेक्टर में भी नई ऊंचाइयों को प्राप्त करेगा।उन्होंने कहा कि सूचना प्रौद्योगिकी अब केवल एक सेक्टर नहीं, बल्कि हर उद्योग की आधारभूत आवश्यकता बन चुका है। स्वास्थ्य से लेकर कृषि, शिक्षा, उद्योग सहित हर क्षेत्र में आईटी की महत्वपूर्ण भूमिका है। मुख्यमंत्री ने कहा कि मप्र इस बदलाव का केंद्र बन रहा है, डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर, स्टार्ट-अप्स और अत्याधुनिक टेक्नोलॉजी मिलकर नए अवसरों को जन्म दे रहे हैं।

इन्वेस्ट मध्यप्रदेश ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट 24, 25 फरवरी 2025 भोपाल



इंदौर, भोपाल, जबलपुर और ग्वालियर जैसे शहर आईटी कंपनियों के नए केंद्र बन रहे

## मैन्युफैक्चरिंग, हेल्थकेयर, लॉजिस्टिक्स में भी नवाचार

डिजिटल इंडिया मिशन के साथ कदम मिलाकर मप्र अब आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, मशीन लर्निंग, बिग डेटा, ब्लॉक-चेन और साइबर सिक्योरिटी जैसी अत्याधुनिक तकनीकों को अपनाने में अग्रणी भूमिका निभा रहा है। आज आईटी सेक्टर ही नहीं बल्कि मैन्युफैक्चरिंग, हेल्थकेयर, लॉजिस्टिक्स और एग्रीटेक सेक्टर में भी तकनीकी नवाचार हो रहे हैं। राज्य में 15 आईटी पार्क और 5 आईटी स्पेशल इकोनॉमिक जोन पहले से कार्यरत हैं। आने वाले वर्षों में इंदौर में क्रिस्टल आईटी पार्क-3 और 4, 50 एकड़ में डेटा सेंटर पार्क, जबलपुर में 1 लाख वर्गफुट का आईटी टॉवर और कई अन्य परियोजनाएं डिजिटल विकास को नई गति देंगी।

### पूरे देश के बाजारों तक सीधा और सुगम संपर्क

मप्र की भौगोलिक स्थिति इसे पूरे देश के बाजारों तक सीधा और सुगम संपर्क प्रदान करती है। राज्य में 6 प्रमुख हवाई अड्डे और 6 इनलैंड कंटेनर डिपो मौजूद हैं, जिससे वैश्विक व्यापार को गति मिलती है। प्रमुख राष्ट्रीय राजमार्गों और समर्पित फ्रेट कॉरिडोर से जुड़ा यह राज्य लॉजिस्टिक्स और परिवहन के लिए भी अनुकूल है। वर्तमान में 1 मिलियन वर्गफुट आईटी स्पेस उपलब्ध है, और 5 लाख वर्गफुट का नया आईटी अवसंरचना निर्माण कार्य जारी है। राज्य में डेटा सेंटर पार्क (50 एकड़) विकसित किया जा रहा है, जिससे एआई, क्लाउड कंप्यूटिंग और बड़े डेटा केंद्रों की स्थापना को बढ़ावा मिलेगा।

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

## खबर संक्षेप

### जयपुरः कार-बस की टक्कर, 8 की मौत



**जयपुर।** दूदू में एनएच-48 मोखमपुरा के पास एक भीषण सड़क हादसा हुआ। रोडवेज बस का टायर फटने से बेकाबू बस कार से टकरा गई, जिससे 8 लोगों की मौत हो गई और 6 से ज्यादा लोग घायल हो गए। रोडवेज की बस जयपुर से अजमेर जा रही थी। अचानक रोडवेज बस का टायर फट गया और रोडवेज बस ईको कार में घुस गई।

### हर्षित ने रचा इतिहास दिग्गजों को पछाड़ा



**नागपुर।** भारतीय टीम के स्टार तेज गेंदबाज हर्षित राणा ने ऐतिहासिक रिकॉर्ड अपने नाम किया है, जो अब तक कोई भी भारतीय नहीं कर सका है। उन्होंने लीजेंड कपिल देव, बुमराह और जहीर खान जैसे तमाम दिग्गजों को पछाड़ दिया है। इंग्लैंड के बीच 3 मैचों की वनडे सीरीज का पहला मुकाबला गुरुवार को नागपुर में खेला गया।

### एसआई को पीटने वाले गुंडों का निकाला जुलूस



**इंदौर।** बाणगंगा थाने में पदस्थ एसआई तेरेश्वर इक्का के साथ मारपीट करने वाले, उनसे माफी मंगवाने वाले और वायरलेस तोड़ने वाले जेल प्रहरी विकास डाबी और उसका दोस्त रवि राठौड़ को पुलिस रिमांड में ले लिया गया है। इन्हें गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया गया जहां से रिमांड पर लिया गया। आरोपियों के हाथ-पांव पर पट्टियां मिली।

### अमेरिका से भारत के निर्वासितों के साथ दुर्व्यवहार के मुद्दे पर सरकार और विपक्ष के बीच तीखी तकरार

# विपक्ष : कोलंबिया से ही सीखें, विदेश मंत्री बोले कोई दुर्व्यवहार न हो, हम ट्रंप सरकार के संपर्क में

जयशंकर ने कहा कि प्रत्येक देश का अपने नागरिकों को वापस लेने का दायित्व है, अगर वह विदेश में अवैध रूप से रहते हुए पाए जाते हैं। यह नियम 2012 में आया था

जयशंकर ने अमेरिका से अब तक भारत निर्वासित किए गए लोगों के आंकड़े भी सदन के सामने रखे। उन्होंने कहा कि साल 2009 में 734, साल 2010 में 799, साल 2011 में 597, साल 2012 में 530 भारतीयों को निर्वासित किया गया।

विपक्ष बोला कोलंबिया ने अपने निर्वासित नागरिकों को अपना विमान भेजकर ससम्मान बुलाया

केंद्र सरकार ने अंतरराष्ट्रीय दायित्वों का हवाला देते हुए अपनी स्थिति का बचाव किया

एजेंसी ▶▶|नई दिल्ली

104 भारतीयों को अमेरिका से डिपोर्ट किए जाने को लेकर संसद में सरकार और विपक्ष के बीच तकरार शुरू हो गई है। विपक्ष ने सरकार से सवाल किया है कि आखिर इन्हें वापस लाने के लिए अमेरिका से अपनी शर्तों पर बात क्यों नहीं की गई? विपक्ष ने सरकार पर निष्क्रियता और भारतीय नागरिकों को कथित दुर्व्यवहार से बचाने में विफल रहने का आरोप लगाया है।



*अमेरिकी में गैरकानूनी तरीके से रह रहे भारतीयों को लेकर अमृतसर में उतरा था यूएस मिलिट्री एयरक्राफ्ट, इन लोगों के हाथों में हथकड़ी और पैरों में बेड़ियां थीं*



संसद परिसर में विपक्ष ने हाथों में हथकड़ी पहनकर विरोध प्रदर्शन किया

### सरकार पता लगाएगी-ये नागरिक कैसे अमेरिका गए?

जयशंकर ने कहा कि अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं कि वे वापस लौटने वाले प्रत्येक व्यक्ति (अमेरिका से निर्वासित भारतीय) के साथ बैठें और पता लगाएं कि वे अमेरिका कैसे गए, एजेंट कौन था और हम कैसे सावधानी बरतें ताकि यह फिर न हो। हम जानते हैं कि कल 104 लोग वापस आए हैं। हमने ही उनकी राष्ट्रीयता की पुष्टि की है। हमें ऐसा नहीं समझना चाहिए कि यह कोई नया मुद्दा है। निर्वासन की प्रक्रिया कोई नई नहीं है।

### भारत ने पहले भी चलाया है अभियान

*विदेश मंत्री जयशंकर के संबोधन के बाद तृणमूल कांग्रेस के सांसद साकेत गोखले और आम आदमी पार्टी के सांसद संजय सिंह ने कहा कि सरकार ने इसके पहले भी संकट में फंसे भारतीयों को निकालने के लिए स्पेशल फ्लाइट भेजी थी। कोविड-19 महामारी फैलने के शुरुआती महीनों में भारत ने अलग-अलग देशों में अपने नागरिकों को निकालने के लिए बड़े पैमाने पर अभियान चलाया था। 2020 में चीन के वुहान से भारतीयों को निकालने के लिए एयर इंडिया ने स्पेशल फ्लाइट भेजी थी। रूस-यूक्रेन युद्ध के वक्त भी भारत ने यूक्रेन से अपने लोगों को सुरक्षित निकाला था।*

### कोलंबिया ने क्या किया था?



कोलंबिया की जनसंख्या मात्र 5.2 करोड़ है और विश्व में उसकी अर्थव्यवस्था 39 वें नंबर पर है। अमेरिका ने जब कोलंबिया के अमेरिकी प्रवासी लोगों को ऐसे ही मालवाहक सी-17 से कोलंबिया भेजा तो वहां के राष्ट्रपति गुस्तावो पेट्रो ने इसका विरोध किया और अमेरिकी विमान को अपने यहां उतरने की अनुमति देने से इंकार कर दिया। हवा में चक्कर लगाकर सी-17 अमेरिका वापस चला गया। फिर कोलंबिया ने अपने यहां से दो पैसेंजर एयरोप्लेन अमेरिका भेजा और इज्जत के साथ अपने नागरिकों को अपने देश में बुलाया।

*राज्यसभा में पीएम मोदी ने कांग्रेस को निशाने पर लिया-कांग्रेस रंग बदलने में बहुत माहिर*

# मजबूरन कांग्रेस को जय भीम बोलना पड़ रहा है, पर उनका मुंह सूख जाता है



पीएम ने कहा कि बाबा साहेब के प्रति कांग्रेस को कितनी नफरत थी कितना गुस्सा था इसके प्रमाण हैं

एजेंसी ▶▶|नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राज्यसभा में धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा का जवाब देते हुए कहा कि राष्ट्रपति ने देश को आगे की दिशा भी दिखाई है। अभिभाषण प्रभावी भी था। इसे जिसने जैसा समझा, वैसे समझाया। जहां तक कांग्रेस का सवाल है, उनसे इसके लिए कोई अपेक्षा करना बहुत बड़ी गलती होगी।

पीएम मोदी ने कहा कि बाबा साहेब के प्रति कांग्रेस को कितनी नफरत थी, कितना गुस्सा था, इसके प्रमाण हैं। बाबा साहेब को दो-दो बार चुनाव हराने के लिए क्या कुछ नहीं कहा गया। बाबा साहेब को कभी भारत रत्न के योग्य नहीं समझा गया। इस देश के लोगों ने बाबा साहब की भावना का आदर किया, सर्व समाज ने किया। तब आज मजबूरन कांग्रेस को जय भीम बोलना पड़ रहा है। जय भीम बोलने में उनका मुंह सूख जाता है। ये कांग्रेस भी रंग बदलने में बड़ी माहिर लग रही है। कितनी तेजी से अपना नकाब बदल देते हैं, ये इसमें साफ-साफ नजर आ रहा है।

### पीएम मोदी ने नीरज की कविता पढ़ी

मोदी ने गोपालदास नीरज की कविता पढ़ी- है बहुत अंधियारा अब सूरज निकलना चाहिए, जिस तरह से भी हो, ये मौसम बदलना चाहिए।

### और क्या बोले मोदी?

**1 कांग्रेस के मॉडल में फैमिली फर्स्ट सर्वोपरि रहा**

■ ये उनकी सोच, समझ के बाहर है और रोडमैप में भी सूट नहीं करता। इतना बड़ा दल एक परिवार के लिए समर्पित हो गया है। उसके लिए ये संभव ही नहीं है। कांग्रेस के मॉडल में फैमिली फर्स्ट सर्वोपरि रहा है। हमारा मॉडल एक शब्द में कहना हो तो कहूंगा- नेशन फर्स्ट।

**2 हमने तुष्टिकरण नहीं संतुष्टिकरण का मॉडल दिया**

■ हमने तुष्टिकरण नहीं, संतुष्टिकरण का मॉडल दिया है। कांग्रेस का तरीका होता था कि जब चुनाव आए तब छोटे तबके को कुछ दे देना और बाकियों को तरसते देखना।

झुनझुना बांटना, लोगों की आंखों पर पट्टी बांधकर अपनी सियासत को चलाए रखना। इनकी नजर वोट की खेती पर होती थी।

### कांग्रेस ने यूं भी संविधान को कुचला

### देवानंद की फिल्मों व किशोर कुमार के गानों पर लगाया बैन

पीएम मोदी ने कहा कि कांग्रेस ने इमरजेंसी में संविधान को कुचला। देवानंद ने इमरजेंसी को सपोर्ट नहीं किया तो इन्होंने उनकी फिल्मों पर भी बैन लगाया। कांग्रेस के मुंह से संविधान शब्द शोभा नहीं देता है। किशोर कुमार ने कांग्रेस के लिए गाना गाने से मना किया तो इसके लिए आकाशवाणी पर किशोर कुमार के सभी गानों को प्रतिबंधित किया गया।

*ट्रक और पिकअप में भीषण टक्कर*

## चार लोगों ने ट्रक में ली लिफ्ट चंद मिनट बाद चली गई जान




बिरसिंहपुर पाली में दोनों वाहन तेज रफ्तार में टकराए

हरिभूमि न्यूज ▶▶|उमरिया

गुरुवार की सुबह हुई दो ट्रकों की आमने-सामने की टक्कर में तीन महिलाओं समेत एक व्यक्ति की मौत हो गई, जिन्होंने दुर्घटनाग्रस्त होने से पहले ट्रक में लिफ्ट ली थी। इस घटना में दो अन्य लोग घायल हैं, जिन्हें उपचार के लिए अस्पताल पहुंचा दिया गया है। घटना जिले के बिरसिंहपुर पाली क्षेत्र में हुई। चार लोगों ने एक ट्रक में लिफ्ट ली और कुछ दूर जाने के बाद ही जान चली गई।

*राज्यपाल की स्वीकृति के बाद अधिसूचना जारी*

## मप्र विस का बजट सत्र 10 मार्च से 24 मार्च तक कुल 9 बैठकें होंगी



11 से 13 मार्च के बीच पेश हो सकता है बजट

हरिभूमि न्यूज ▶▶|भोपाल

मप्र विधानसभा का बजट सत्र 10 मार्च से शुरू होगा। 24 मार्च तक चलने वाले सत्र में सिर्फ नौ बैठकें होंगी। इसके अलावा बाकी छह दिन अवकाश रहेगा। राज्यपाल मंगुभाई पटेल की स्वीकृति के बाद बजट सत्र की अधिसूचना जारी कर दी गई है। बजट 11 से 13 मार्च के बीच पेश किया जा सकता है। बजट सत्र 24-25 फरवरी को आयोजित ग्लोबल इन्वेस्टर समिट के चलते 10 मार्च से शुरू होगा। विधानसभा में मोहन यादव सरकार का यह पहला पूर्ण बजट होगा।

*सभी औपचारिकताएं हो चुकी हैं पूरी*

## सीएम का ऐलान- चंबल में बनेगा 9वां टाइगर रिजर्व



अंचल में वन्यजीवों की बढ़ेगी तादात

हरिभूमि न्यूज ▶▶|भोपाल

चंबल रीजन के शिवपुरी में मध्य प्रदेश का 9वां टाइगर रिजर्व बनने जा रहा है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने बताया कि हमारे राज्य में बनने जा रहे एक नए टाइगर रिजर्व के लिए औपचारिकताएं भी लगभग पूरी हो चुकी हैं। सीएम यादव ने कहा कि मध्यप्रदेश वन्यजीव संरक्षण में नए कीर्तिमान स्थापित कर रहा है। माधव टाइगर अभयारण्य जल्द ही राज्य का 9वां टाइगर रिज़र्व बनेगा, जिससे चंबल अंचल में वन्यजीवों की समृद्धि बढ़ेगी।

### शिवपुरी में बहरेटा के पास हादसा

## एयरफोर्स का फाइटर प्लेन हुआ क्रैश, खेत में गिरते ही लगी आग

◆ प्लेन ने ग्वालियर से उड़ान भरी थी



हरिभूमि न्यूज ▶▶|शिवपुरी

जिले में प्लेन बहरेटा सानी गांव के पास एयरफोर्स का एक फाइटर प्लेन मिराज-2000 क्रैश हो गया। हादसे में दोनों पायलटों के घायल होने की सूचना सामने आई है। प्लेन एक खेत में क्रैश हुआ, जिसके बाद उसमें आग लग गई। प्लेन जलकर खाक हो गया है।

घटना के बाद बड़ी संख्या में ग्रामीण घटना स्थल के पास पहुंच गए थे। मौके पर एयरफोर्स का हेलीकॉप्टर पहुंचा और दोनों पायलटों को लेकर ग्वालियर रवाना हुआ है। प्लेन क्रैश होने के कारणों का फिलहाल कोई खुलासा नहीं हो सका है।

*विद्यासागर जी के प्रथम समाधि स्मृति दिवस पर सीएम का ऐलान*

# राजधानी में बनेगा संत शिरोमणि विद्यासागर का स्मृति स्थल, शोध संस्थान भी स्थापित होगा




### संतश्री ने जीवन के कई क्षेत्रों में समाज को दिशा दी

डॉ. यादव ने कहा कि आचार्य विद्यासागर जी ने अपनी इच्छा शक्ति से जीवन के कई क्षेत्रों में समाज को दिशा दी। स्वरोजगार के क्षेत्र में जेल से लेकर समाज में महिलाओं को रोजगार देने का मार्ग प्रशस्त किया। गो-माता की भी उन्होंने चिंता की तथा गो-माता केमाध्यम से लोगों के जीवन और प्रकृति में बदलाव के लिए प्रोत्साहित किया। इसी प्रकार किसानों की आय बढ़ाने की दिशा में की गई उनकी पहल अनुकरणीय है।

विशेष प्रतिनिधि ▶▶|भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि संत शिरोमणि आचार्य विद्यासागर की स्मृति में भोपाल में स्मृति स्थल विकसित कर शोध संस्थान की स्थापना की जाएगी। डॉ. यादव विद्यासागर जी के प्रथम समाधि स्मृति दिवस पर विधानसभा परिसर में आयोजित गुरु गुणानुवाद सभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि आचार्य ने अपने जीवन में सभी आवश्यक नियमों का पालन किया।




जीवन और कृतित्व पर आधारित 25 पुस्तकों का किया विमोचन

### ◆ सीएम का मुकुट और स्मृति चिन्ह भेंट कर स्वागत

दिगंबर जैन पंचायत कमेटी ट्रस्ट द्वारा कार्यक्रम में आयोजनकर्ताओं ने मुख्यमंत्री डॉ. यादव का मुकुट, शॉल तथा स्मृति चिन्ह भेंट कर अभिवादन किया। मुख्यमंत्री ने संत विद्यासागर जी के चित्र के सम्मुख दीप प्रज्जवलित किया तथा मुनिश्री का पाद प्रक्षालन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। सभा में गुरु वंदना कर अतिशय पुण्य अर्जित करने पधारे समर्पित भक्तों का राज्य शासन की ओर से अभिवादन किया गया। कार्यक्रम में सांसद भोपाल आलोक शर्मा, महापौर श्रीमती मालती राय, विधायक भगवानदास सबनानी, मुख्य सचिव अनुराग जैन, विधानसभा के प्रमुख सचिव एपी सिंह तथा जैन समाज के वरिष्ठ पदाधिकारी और बड़ी संख्या में समाजबंधु उपस्थित थे।

### एंटी रैगिंग नियमों की अनदेखी करना पड़ा महंगा

# यूजीसी ने 18 मेडिकल कॉलेजों से 7 दिन के अंदर मांगा जवाब

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

यूनिवर्सिटी ग्रांट्स कमीशन (यूजीसी) ने एंटी-रैगिंग नियमों का पालन न करने वाले 18 मेडिकल कॉलेजों को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। नोटिस पाने वाले इन 18 मेडिकल कॉलेजों में दो कॉलेज दिल्ली के भी हैं। इन कॉलेजों को नोटिस प्राप्त होने की तिथि से सात दिनों के भीतर लिखित स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने का निर्देश दिया गया है, जिसमें चूक के कारणों और इस स्थिति को तुरंत सुधारने के लिए उठाए जाने वाले कदमों का विवरण दिया गया है। यूजीसी का कारण बताओ नोटिस पाने वाले 18 मेडिकल कॉलेजों में दो दिल्ली, दो तमिलनाडु, दो असर,दो पुडुचेरी, तीन आंध्र प्रदेश, तीन मध्य प्रदेश, एक तेलंगाना, एक पश्चिम बंगाल और एक उत्तर प्रदेश का मेडिकल कॉलेज शामिल है।



नोटिस पाने वाले इन 18 मेडिकल कॉलेजों में दो कॉलेज दिल्ली के भी हैं। इन कॉलेजों को नोटिस प्राप्त होने की तिथि से सात दिनों के भीतर लिखित स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने का निर्देश दिया गया है, इसमें कारणों और स्थिति को तुरंत सुधारने वाले कदमों का विवरण दिया गया है।

**खास बात**

- नोटिस पाने वाले कॉलेजों में दो दिल्ली, दो तमिलनाडु, दो असर,दो पुडुचेरी, तीन आंध्र प्रदेश, तीन मध्य प्रदेश, एक तेलंगाना, एक पश्चिम बंगाल एक यूपी का

### इसके कारणों और स्थिति को तुरंत सुधारने के लिए उठाए जाने वाले कदमों की जानकारी दें




**कारण बताओ नोटिस जारी किया**

#### निर्धारित अनिवार्य आवश्यकताओं का पालन नहीं किया गया

विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) के सचिव मनीष जोशी ने कहा कि यह पाया गया कि इन कॉलेजों ने रैगिंग की समस्या को रोकने के लिए एंटी-रैगिंग विनियम, 2009 में निर्धारित अनिवार्य आवश्यकताओं का पालन नहीं किया है। विशेष रूप से यह हमारे संज्ञान में आया है कि संस्थान छात्रों से उक्त विनियमों के अनुसार एंटी-रैगिंग अंडरटेकिंग प्राप्त करने में विफल रहे। एंटी-रैगिंग रेगुलेशन, 2009 भारतीय विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) द्वारा बनाया गया एक नियम है जिसका उद्देश्य उच्च शिक्षा संस्थानों में रैगिंग की समस्या को रोकना है। इस नियम के अनुसार सभी उच्च शिक्षा संस्थानों को रैगिंग के खिलाफ कार्रवाई करनी होती है और इसके लिए उन्हें कई कदम उठाने होते हैं।

#### अंडरटेकिंग प्राप्त नहीं कर सके कॉलेज

एंटी-रैगिंग रेगुलेशन, 2009 के अनुसार प्रत्येक छात्र और उनके माता-पिता और अभिभावकों को प्रवेश के समय और प्रत्येक शैक्षणिक वर्ष की शुरुआत में एंटी-रैगिंग अंडरटेकिंग प्रस्तुत करना होगा। मगर इन 18 कॉलेजों ने इस दिशा में कोई ठोस कदम नहीं उठाया न ही छात्रों और उनके माता-पिता से अंडरटेकिंग प्राप्त की।

#### छात्रों की भलाई और सुरक्षा को भी खतरे में डाला

मनीष जोशी ने कहा कि यह अंडरटेकिंग शैक्षणिक संस्थानों में रैगिंग की किसी भी घटना को रोकने और रोकने के लिए एक महत्वपूर्ण उपाय है। इन अंडरटेकिंग को प्राप्त करने में विफलता न केवल नियमों का पालन न करने का मामला है, बल्कि छात्रों की भलाई और सुरक्षा को भी खतरे में डालती है।जोशी ने कहा कि निर्धारित समय सीमा के भीतर संतोषजनक स्पष्टीकरण प्रदान करने में विफलता हमें एंटी-रैगिंग रेगुलेशन, 2009 के प्रावधानों के अनुसार आगे की आवश्यक कार्रवाई करने के लिए बाध्य करेगी, जिसमें दंड लगाना और अन्य सुधारात्मक उपाय शामिल हैं, लेकिन इन्हीं तक सीमित नहीं है।

---

## खबर संक्षेप

### धनंजय को पहली पत्नी को देना होगा गुजारा भत्ता



**मुंबई।** महाराष्ट्र में सरपंच की हत्या के मामले में घिरे कैबिनेट मंत्री धनंजय मुंडे की मुश्किलें बढ़ गई हैं। बांद्रा कोर्ट ने कैबिनेट मंत्री धनंजय को घरेलू हिंसा के मामले में दोषी पाया है। कोर्ट ने मुंडे को पहली पत्नी करुणा मुंडे को दो लाख हर महीने गुजारा भत्ता देने का आदेश दिया है। मुंडे के वकील ने कहा कि लिव इन की बात स्वीकार की थी।

### फैंस ने कॉमेडियन मोरे को पीटा और धमकाया



**नई दिल्ली।** स्काई फोर्स' एक्टर वीर पहाड़िया ने कॉमेडियन प्रणीत मोरे से पब्लिकली माफी मांगी है। एक्टर के कुछ फैंस ने स्टैंडअप कॉमेडियन प्रणीत मोरे पर उनका मजाक बनाने के लिए हमला किया था। 2 फरवरी को प्रणीत सोलापुर के एक कॉमेडी क्लब में परफॉर्म कर रहे थे। वहां पर उन्होंने पहाड़िया पर कुछ चुटकुले बोले।

### बजट से पीएफ की ब्याज दर बढ़ने की चर्चा



**नई दिल्ली।** सरकार ने बजट में मिडिल क्लास के लिए कई एलान और वादे किए हैं। इसमें 12 लाख तक की सालाना आय को टैक्स फ्री करना है। अब सरकार जल्द नौकरीपेशा मिडिल क्लास को एक और तोहफा दे सकती है, जो पीएफ की ब्याज दर में बढ़ोतरी की शक्ल में होगा। केंद्रीय बोर्ड ट्रस्टी की मीटिंग 28 फरवरी को होने वाली है।

### गया-हावड़ा एक्सप्रेस की चपेट में 3 लोगों की मौत



**मुंगेर।** बिहार के मुंगेर जिले के जमालपुर-बरियारपुर रेल खंड के ऋषिकुंड हॉल्ट के पास गुरुवार को गया-हावड़ा एक्सप्रेस ट्रेन की चपेट में 3लोगों की मौत हो गई। रेल पुलिस अधीक्षक रमन चौधरी ने बताया कि गाड़ी13023 अप गया-हावड़ा एक्सप्रेस की चपेट में आने से 3 लोग की मौत हो गई।

---

### यूजीसी नियमों के मसौदे के विरोध में उतरे नेता प्रतिपक्ष राहुल

# आरएसएस के एजेंडे को आगे बढ़ा रहे, इतिहास संस्कृतियों और परंपराओं का उन्मूलन हो रहा

### यह एक तरह से संविधान पर खुले हमले के समान

राज्य की शक्तियां छीनी जा रही

**विपक्ष ने बोला हमला**



एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) के ड्राफ्ट नियमों को लेकर विपक्षी दलों का विरोध तेज हो गया है। कांग्रेस नेता राहुल गांधी सहित कई विपक्षी नेताओं ने इसे लेकर केंद्र पह हमला बोलते हुए कहा कि वे राज्य सरकारों की सारी शक्ति अपने हाथ में लेना चाहते हैं। दिल्ली के जंतर-मंतर द्रमुक द्वारा यूजीसी नियमों के मसौदे के खिलाफ आयोजित विरोध प्रदर्शन में राहुल ने कहा कि विश्वविद्यालयों और कॉलेजों में शिक्षकों और शैक्षणिक कर्मचारियों की नियुक्ति पर यूजीसी के मसौदा नियम आरएसएस के एजेंडे को आगे बढ़ाने की कोशिश है। इसका उद्देश्य देश पर 'एक इतिहास, एक परंपरा, एक भाषा' थोपने का अपना एजेंडा है। आरएसएसका उद्देश्य देश के अन्य सभी इतिहास, संस्कृतियों और परंपराओं का उन्मूलन करना है। यह एक तरह से संविधान पर खुले हमले की तरह है। अलग-अलग राज्यों की शिक्षा प्रणाली के साथ छेड़-छाड़ की जो कोशिश की जा रही है। मैं हमेशा कहता हूं कि संविधान में, भारत को 'राज्यों का संघ' कहा जाता है, इसका मतलब है कि ये सभी इतिहास, परंपराएं, भाषाएं एक साथ मिलकर भारत को राज्यों का संघ बनाती हैं और इसलिए हमें इसके बारे में इसी तरह सोचना होगा।

#### अखिलेश ने भी कसा तंज

समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव ने भी भाजपा-आरएसएस पर निशाना साधा है। उन्होंने आरोप लगाया कि वे राज्य सरकारों की सारी शक्ति अपने हाथ में लेना चाहते हैं। अखिलेश यादव ने कहा कि वे राजनेताओं को उद्योगपतियों का नौकर बनाना चाहते हैं। हम कभी भी नई शिक्षा नीति का समर्थन नहीं कर सकते।

#### बेंगलुरू में 6 राज्यों के उच्च शिक्षा मंत्रियों का हुआ था सम्मेलन

कांग्रेस ने विश्वविद्यालयों और कॉलेजों में शिक्षकों और शैक्षणिक कर्मचारियों की नियुक्ति पर यूजीसी नियमों के मसौदे को संविधान विरोधी करार दिया है।पार्टी ने मांग की है कि इन्हें तुरंत वापस लिया जाए। कांग्रेस महासचिव संचार प्रभारी जयराम रमेश ने कहा था कि कर्नाटक के बेंगलुरू में 6 राज्यों के उच्च शिक्षा मंत्रियों का सम्मेलन हुआ था। इसमें कर्नाटक, तेलंगाना, केरल, तमिलनाडु, हिमाचल प्रदेश और झारखंड के मंत्रियों या उनके प्रतिनिधि शामिल हुए थे। उन्होंने कहा था कि संघवाद का संवैधानिक सिद्धांत पवित्र है और उच्च शिक्षा की गुणवत्ता एक होनी चाहिए।

#### मिल्कीपुर उपचुनाव पर अखिलेश का विवादित बयान

### चुनाव आयोग मर गया है, सफेद कपड़ा भेंट करना होगा



उत्तर प्रदेश के मिल्कीपुर विधानसभा उपचुनाव को लेकर लगाए जा रहे आरोपों पर समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव ने विवादित बयान दिया है। उन्होंने कहा कचुनाव आयोग मर गया है। हमें उन्हें सफेद कपड़ा भेंट करना होगा। इससे पहले अखिलेश ने सत्तारूढ़ भाजपा और स्थानीय प्रशासन पर तीखा हमला किया था। अखिलेश ने भाजपा पर लोकतांत्रिक प्रक्रिया को कमजोर करने और अयोध्या में मिल्कीपुर विधानसभा उपचुनाव में धांधली करने का आरोप लगाया था। उन्होंने निर्वाचन आयोग से कार्रवाई की भी मांग की थी। अखिलेश ने दावा किया कि पुलिस-प्रशासन का रवैया अलोकतांत्रिक रहा। दर्जनों बूथों पर सपा के बूथ एजेंटों को डराया-धमकाया गया। भाजपा ने मिल्कीपुर में बेईमानी के लिए हर तरह के हथकंडे अपनाए। भाजपा के गुंडों ने मिल्कीपुर उपचुनाव को प्रभावित करने के लिए अराजकता की।



#### राज्यसभा में भड़कीं जया

### बुर्के को उठा-उठाकर देख रहे थे


उत्तर प्रदेश के अयोध्या जिले की मिल्कीपुर विधानसभा सीट पर बीते दिन बुधवार को उपचुनाव हुआ। इसको लेकर समाजवादी पार्टी ने आरोप लगाया है कि मतदान केंद्रों में महिला मतदाताओं का बुर्का हटाकर जांच की गई। पार्टी ने इसकी शिकायत चुनाव आयोग से भी की। वहीं, गुरुवार को राज्यसभा में सपा सांसद जया बच्चन ने भी इस मुद्दे को उठाया। उन्होंने कहा कि राष्ट्रपति के अभिभाषण में महिलाओं के सशक्तिकरण की बात कीष। ये बहुत ही अच्छी बात है लेकिन हर महिला के साथ एक जैसा व्यवहार एक जैसा नहीं होता। जैसे कल जब उत्तर प्रदेश के इलेक्शन में महिलाएं जब लाइन में खड़ी थीं तो उनके बुर्के को उठा-उठाकर उनकी पहचान की जा रही थी. यही बात दिल्ली में भी हुई। जो बुर्का नहीं पहनी हैं तो उनके लिए कोई जांच नहीं और अगर बुर्का पहन लिया तो उठाकर देखा जाएगा कि आप महिला हैं या नहीं हैं।

---

### तेजी से कदम बढ़ा रहा पर्यटन विभाग

# कैंची धाम में बनेगा उत्तराखंड का पहला रूफटॉप हेलीपैड

**40** करोड़ रुपए होंगे खर्च, 3 मंजिला पार्किंग भी होगी



**देहरादून।** देश के प्रसिद्ध धार्मिक स्थलों में एक नैनीताल जिले के कैंची धाम से भी अब जल्द हेलीकाप्टर फर्राटा भरेंगे। कैंची धाम में हेलीपैड बनाने के लिए शासन से मौखिक स्वीकृति मिल गई है। करीब 40 करोड़ रुपए से यहां तीन मंजिला पार्किंग और उसकी छत पर हेलीपैड बनेगा। मंदिर में सुंदरीकरण, प्रकाश और आस्था पथ मार्ग की व्यवस्था दुरुस्त की जाएगी। यहां श्रद्धालुओं की भीड़ नियंत्रित करने के लिए मंदिर के पिछले हिस्से से वन-वे मार्ग का निर्माण होगा। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के ड्रीम प्रोजेक्ट में शामिल मानसखंड मंदिर माला मिशन के तहत कुमाऊं के तीर्थाटन एवं पर्यटन को बढ़ावा देने की दृष्टि से महत्वपूर्ण धार्मिक स्थलों को संवारने के लिए पर्यटन विभाग तेजी से कदम बढ़ा रहा है।

#### सभी 16 मंदिरों का होगा सौंदर्यीकरण

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के ड्रीम प्रोजेक्ट 'मानसखंड मंदिर माला मिशन' के तहत कुमाऊं के महत्वपूर्ण धार्मिक स्थलों को संवारने का कार्य तेजी से हो रहा है।2024 में इस मिशन में शामिल किए गए कुमाऊं के 16 मंदिरों में से कुछ प्रमुख मंदिरों में जागेश्वर धाम, बैजनाथ, नैना देवी, पाताल रुद्रेश्वर, हाटकालिका मंदिर और मां बाराही देवी शामिल हैं। इन सभी मंदिरों का सौंदर्यीकरण और विकास करीब 106 करोड़ रुपये की लागत से किया जाएगा।

### देहरादून में नई उड़ानें शुरू

डोईवाला। उत्तराखंड से भुवनेश्वर और श्रीनगर जाने वालों के लिए अच्छी खबर है। देहरादून हवाई अड्डे से गुरुवार से दो नई उड़ानें प्रारंभ की गई है। इंडिगो एयरलाइंस की ओर से भुवनेश्वर एवं श्रीनगर के लिए यह उड़ान प्रारंभ की गई है। नई उड़ानों के शुरू होने से देहरादून हवाई अड्डा अब दो नए शहरों से जुड़ गया है।लालबहादुर अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से वाराणसी-अहमदाबाद के बीच अकासा एयरलाइंस की नई विमान सेवा 16 फरवरी से शुरू होगी। इस हवाई रूट पर अकासा की पहली उड़ान सेवा है। विमान के टिकट की बुकिंग शुरू हो गई है।

---

### एयर इंटेलिजेंस यूनिट ने तस्करी का किया खुलासा

# कमर में छिपा कर विदेश से लाया 10 किलो सोना, एयरपोर्ट पर कस्टम ने धर-दबोचा

### दोनों यात्री कश्मीर निवासी बताए जा रहे

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली के इंदिरा गांधी इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर कस्टम की एयर इंटेलिजेंस यूनिट ने सोने की तस्करी के एक बड़े मामले का खुलासा करते हुए दो हवाई यात्री को पकड़ा है। इनके कब्जे से 10 किलोग्राम शुद्ध सोने के सिक्के बरामद किए गए हैं। दोनों हवाई यात्री कश्मीर के रहने वाले हैं और मिलान से सोने की तस्करी कर दिल्ली एयरपोर्ट पहुंचे थे। बरामद सोने की कीमत 7 करोड़ 80 लाख बताई जा रही है।



#### 7 करोड़ 80 लाख कीमत आंकी

सोने के सिक्कों का वजन 10 किलो 92 ग्राम है। कीमत 7 करोड़ 80 लाख बताई जा रही है। कस्टम की टीम ने सिक्के को जब्त कर लिया है और दोनों आरोपी हवाई यात्रियों को गिरफ्तार कर आगे की जांच में जुट गई है।

**क्या कहा कस्टम प्रवक्ता ने :** कस्टम प्रवक्ता के अनुसार 5 जनवरी को मिलान से एयर इंडिया की फ्लाइट एआई-138 से आईजीआई के टर्मिनल 3 तक पहुंचे दो हवाई यात्री को रूट प्रोफाइलिंग और जांच के लिए उस वक्त रोका गया। डोर फ्रेम मेटल डिटेक्टर को क्रॉस किया तो अलर्ट हुआ।

### सड़क पर टहल रहे हाथी ने शख्स को उठाकर फेंक दिया



**कोयंबटूर।** तमिलनाडु के कोयंबटूर में वालपाराई के पास टाइगर वैली व्यूपॉइंट पर एक जर्मन नागरिक पर एक हाथी ने हमला कर दिया। पर्यटक की पहचान 60 साल के जर्मनी नागरिक माइकल के रूप में हुई है। घटना 4 फरवरी की बताई जा रही है। इतने में उस हाथी की नजर उस बाइक सवार जर्मन नागरिक पर पड़ गई और हाथी उसे देख भड़क गया। हाथी ने उसे बाइक समेत उछाल कर दूर फेंक दिया।

### गढ़वासिनी देवी का प्रतिष्ठा समारोह



**पौडी गढ़वाल।** उत्तराखंड के पौडी गढ़वाल में माता गढ़वासिनी देवी के प्रतिष्ठा समारोह के दौरान उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ।

---

### कोलकाता के पब्लिक हेल्थ डिपार्टमेंट में वारदात

पब्लिक हेल्थ इंजीनियरिंग विभाग में है

# नहीं मिली छुट्टी तो सरकारी कर्मचारी ने चार साथियों को घोंप दिया चाकू

एजेंसी ⏭ कोलकाता

पश्चिम बंगाल में राजधानी कोलकाता की सड़कों पर एक सनकी युवक ने आतंक मचा दिया। पब्लिक हेल्थ इंजीनियरिंग विभाग में तैनात एक सरकारी कर्मचारी ने 4 लोगों को चाकू घोंप दिया। इस घटना का एक वीडियो भी सोशल मीडिया में वायरल हो रहा है। इस वीडियो में आरोपी हाथों में चाकू लिए घूमता नजर आ रहा है। बताया जा रहा है कि आरोपी ने अपने ऑफिस में छुट्टी के लिए आवेदन किया था, लेकिन किसी कारणवस उसकी छुट्टी मंजूर नहीं हुई। इससे युवक आक्रोशित हो



गया था। आरोपी की पहचान अमित कुमार सरकार के रूप में हुई है। घटना न्यू टाउन टेक्निकल एजुकेशन बिल्डिंग के पास गुरुवार की दोपहर करीब साढ़े 12 बजे की है। आरोपी की तैनाती भी इसी दफ्तर में है।

#### पुलिस ने मौके पर गिरफ्तार किया

आरोपी चाकू हाथ में लिए रोड पर घूमते नजर आया। सूचना मिलने पर मौके पर तैनात ट्रैफिक पुलिस के कर्मचारियों ने उसे रोकने की कोशिश की। इस दौरान आरोपी को चाकू फेंकने को कहा गया। कुछ देर तक तो वह चाकू हाथ में लिए रहा, लेकिन बाद में फेंक दिया। इसके बाद पुलिस ने आरोपी को हिरासत में ले लिया है। फिलहाल उसे टेक्नो सिटी थाना पुलिस ने उसे गिरफ्तार किया है।

---

### बढ़े तापमान ने वैज्ञानिकों की धारणा को गलत साबित कर दिया

# उम्मीदों को कर दिया 'नरम', जनवरी रहा रिकॉर्ड गरम

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

ला नीना के प्रभाव के चलते वैज्ञानिकों को 2025 का तापमान सामान्य से कम रहने की उम्मीद थी, लेकिन जनवरी में दर्ज किए गए तापमान ने इस धारणा को गलत साबित किया। इस बीच यूरोप के जलवायु मॉनिटर कॉपरनिकस क्लाइमेट चेंज सर्विस की रिपोर्ट में मौसम के तापमान को लेकर चौंकाने वाले दावे किए गए हैं। इसमें कहा गया है कि जनवरी अब तक का सबसे गर्म जनवरी साबित हुआ। वैज्ञानिकों का अनुमान है कि इस महीने का औसत तापमान 1850-1900 के मुकाबले 1.75 डिग्री सेल्सियस के अधिक रहा।

### मार्च तक 'ला नीना' का प्रभाव पूरी तरह खत्म होने का अनुमान




#### वैज्ञानिकों ने कारकों पर किया मंथन

यह पहली बार है जब अल नीनो का प्रभाव के खत्म होने के बाद भी जनवरी के तापमान में रिकॉर्ड बढोतरी दर्ज की गई है। अब वैज्ञानिकों में इस बात को लेकर मंथन शुरू हो गया है कि अन्य कौन से कारक गर्मी को शीर्ष स्तर तक पहुंचा सकते हैं। जलवायु वैज्ञानिक जेक हॉसफादर के मुताबिक जनवरी अप्रत्याशित रूप से अब तक का सबसे गर्म जनवरी रहा।

**वैश्विक स्तर पर भी किया आश्चर्यचकित :** कॉपरनिकस के जलवायु वैज्ञानिक जूलियन निकोलस ने इस बारे में बताया कि वैश्विक स्तर पर जनवरी में तापमान बढ़ोतरी को लेकर यही बात आश्चर्यचकित करती है। अल नीनो का प्रभाव खत्म होने के बाद भी वैश्विक तापमान पर इसका वह असर या कम से कम अस्थायी ब्रेक नहीं देख रहे हैं, जिसकी हम उम्मीद कर रहे थे। निकोलस ने यह भी बताया कि ला नीना के कमजोर होने की उम्मीद है।

#### कॉपरनिकस क्लाइमेट चेंज सर्विस ने डेटा दिया

इसके पहले सबसे गर्म जनवरी 2024, 2020 और 2016 में दर्ज किए गए थे। इनमें से 2024 और 2016 के दौरान अल नीनो सक्रिय था, जबकि 2020 में प्रशांत महासागर का तापमान अल नीनो की ओर संकेत कर रहा था। ईआरए5, जो कि कॉपरनिकस क्लाइमेट चेंज सर्विस का डेटा सेट है, वैश्विक वायुमंडलीय स्थिति, समुद्री लहरों,भूमि सतह के विभिन्न तत्वों का रिकॉर्ड रखता है। इसे यूरोपियन सेंटर फॉर मीडियम रेंज वेदर फोरकास्टिंग ने दिया है।

## अमेरिका जाने का सफर बेहद खतरनाक

# एजेंट को 35 लाख, जंगलों का रास्ता और बॉर्डर पर पुलिस, डंकी रूट की यात्रा लंबी और जोखिम भरी

एजेंसी ▶▶ चंडीगढ़

उज्जवल भविष्य की तलाश एवं घर की गरीबी को दूर करने की मंशा से कपूरथला जिले के छह नौजवान कुछ माह पहले ही अमेरिका गए थे। अभी तक यह सभी नौजवान अमेरिका में बनाए गए कैंप में ही पहुंचे थे कि अब उन्हें उल्टे पांव वापस लौटने को मजबूर होना पड़ा है। अमेरिका जाने की चाह में डंकी रूट अपानाने वालों का सफर बेहद खतरनाक होता है। उन्हें जोखिम भरी और लंबी यात्रा करनी होती है। अवैध तरीके से विदेश जाने के लिए जो मार्ग अपनाया जाता है उसे डंकी रूट कहते हैं। डंकी शब्द पंजाबी भाषा के डुंकी से लिया गया है। 30 से 50 लाख रुपए लगा कर अमेरिका गए कई नौजवानों के घरों की हालत बहुत ज्यादा दयनीय है और उनके डिपोर्ट होने से उनके ही नहीं बल्कि पूरे परिवारों के सपने चकनाचूर हो गए है।

### अमेरिका की पुलिस निगाह रखती है

*इस व्यवसाय से जुड़े लोगों का कहना है कि अमेरिका जाने के लिए ट्रैवल एजेंटों की ओर से तीन पैकेज दिए जाते हैं। पहला पैकेज मेक्सिको बॉर्डर के जरिए है। ट्रैवल एजेंट मेक्सिको बॉर्डर पर पहुंचा देते हैं, जहां उन्हें अमेरिकन पुलिस पकड़ कर कैंप में ले जाती है। फिर चार-पांच दिन बाद उन्हें कोई जानकारी लेने आ जाता है, तो ठीक नहीं तो छोड़ दिया जाता है लेकिन अमेरिकन पुलिस इन पर पूरी तरह निगाह रखती है।*

अवैध तरीके से विदेश जाने के लिए जो मार्ग अपनाया जाता है उसे डंकी रूट कहते हैं। डंकी शब्द पंजाबी भाषा के डुंकी से लिया गया है। 30 से 50 लाख रुपए लगा



**अमृतसर।** अमेरिका से 104 अवैध भारतीय प्रवासियों को लेकर एक अमेरिकी सैन्य सी-17 ग्लोबस्टार विमान बुधवार को अमृतसर में उतरा।

### बेटे के वापस आने के गम में मां बीमार

सुल्तानपुर लोधी तहतील के गांव तरफ बहबल बहादुर निवासी गुरप्रीत सिंह 40 लाख रुपए एजेंट को देकर अमेरिका गया था। उसके वापस आने के गम में उसकी मां बीमार है और पिछले दो तीन दिनों से लोहिया के एक अस्पताल में उसका इलाज चल रहा है। सोनू का पिता भी मेहनत मजदूरी ही करता है।

### 65 लाख खर्च किए सदमे में परिवार

राजाताल के गांव के स्वर्ण सिंह का बेटा आकाशदीप सिंह सात महीने पहले अमेरिका गया था। पिता स्वर्ण सिंह ढाई एकड़ जमीन बेचकर 18 लाख रुपए कर्ज लिया था, विदेश भेजने में 65 लाख रुपए से ज्यादा खर्च किया गया। उसके इस तरह लौटने पर परिवार सदमे में है।

### मां ने परमात्मा का शुक्रिया किया



जसपाल सिंह (36) निवासी हरदोरवाल, हाल निवासी सानन कॉलोनी, रेलवे रोड फतेहगढ़ चूड़ियां को अमेरिका में अवैध तौर पर रहने के कारण डिपोर्ट कर भारत भेजा गया है। जसपाल की मां शिंदर कौर बेटे के सही सलामत लौट आने को लेकर परमात्मा का शुक्रिया करते नहीं थक रही हैं।

### सपनों पर फिर गया पानी



कपूरथला जिले के गांव डोगरावाल निवासी असीस सिंह का बेटा विक्रमजीत सिंह 50 लाख रुपए देकर करीब एक महीना पहले ही अमेरिका पहुंचा गया था। विक्रमजीत सिंह के दादा हरमेल सिंह ने बताया कि उसका 22 साला पोता विक्रम करीब दो महीने पहले ही अमेरिका गया था। इस मकसद से उन्होंने जमीन गिरवी रख कर लाखों रुपये का कर्ज लिया था कि बेटा अमेरिका जाकर मेहनत करेगा और कुछ सालों में कर्ज उतर जाएगा और घर में खुशहाली आएगी। वह अपनी बहनों के अच्छे ढंग से विवाह करना चाहता था कि अमेरिका सरकार के ताजा फैसले ने उनके सारे सपनों पर पानी फेर कर रख दिया है।

---

## पाक एनजीओ को मिल रही थी मदद

अमेरिकी विदेश विभाग की रिपोर्ट में बड़ा खुलासा

# ट्रंप के फैसले से हाफिज सईद के आतंकी संगठन की टूटेगी कमर

◆ यूएसएआईडी ने जेयूडी और एलईटी को दी रकम एचएचआरडी संस्था का भी जिहादी संगठनों से संबंध

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



अमेरिकी सरकार के वैधानिक निकाय यूएस एजेंसी फार इंटरनेशनल डेवलपमेंट (यूएसएआईडी) से प्राप्त धन का उपयोग भारत विरोधी संगठन के वित्त पोषण में भी किया गया, जिसे खुद अमेरिकी सरकार ने आतंकी संगठन घोषित किया है। पाकिस्तान स्थित लश्कर-ए-तैयबा के मुखौटा एनजीओ संगठन फलाह-ए-इंसानियत फाउंडेशन (एफआईएफ) को वित्त पोषण का मामला ऐसे समय सामने आया है जब अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कार्यकारी आदेश के जरिये यूएसएड को बंद करना शुरू कर दिया है।

■ अमेरिकी करदाताओं के पैसे का ऐसा उपयोग

एफआइएफ और लश्कर मुंबई पर 26/11 के आतंकी हमले में शामिल थे जिसमें पाकिस्तानी आतंकियों ने छह अमेरिकी नागरिकों समेत 166 लोगों की हत्या कर दी थी। आश्चर्य की बात यह है कि आतंकी संगठनों से जुड़ी इस्लामिक धर्मार्थ संस्था को वित्त पोषण की जांच के दायरे में आने के बावजूद यूएसएड ने उसे धन जारी करना जारी रखा। ब यूएसएड पर ट्रंप के कार्यकारी आदेश की तलवार लटक रही है, लेकिन इस कारण भारत में भी कई परियोजनाएं प्रभावित हो सकती हैं। दुनियाभर में एनजीओ को फंड करने वाली यूएसएड के लाभार्थियों में से एक एफआइएफ है। आश्चर्यजनक यह भी है कि अमेरिकी करदाताओं के पैसे का उपयोग ऐसे संगठन को वित्त पोषित करने में किया गया, जिसे अमेरिकी सरकार ने 2010 में प्रतिबंधित कर दिया था।

### आतंकियों के मुखौटा संगठन को मिला पैसा

एफआइएफ को प्रतिबंधित करने वाले अमेरिकी विदेश विभाग के दस्तावेज में कहा गया है कि एफआइएफ पाकिस्तान स्थित संगठन है जो प्रतिबंधित आतंकी संगठन लश्कर-ए-तैयबा एवं उसके मानवता के मुखौटे एनजीओ संगठन जमात-उद-दावा (जेयूडी) से करीब से जुड़ा है। संक्षेप में एफआइएफ ही नए नाम से जेयूडी है जिसे 2008 में हुए मुंबई आतंकी हमलों से जुड़ी जांच एवं प्रतिबंधों से बचने के लिए बनाया गया है। साल 2019 में यूएसएआईडी ने आतंकवादी हाफिज सईद के आतंकी संगठन लश्कर-ए-तैयबा (एलईटी) को 110,000 डॉलर की मदद दी थी। अमेरिका की आधे से अधिक विदेशी सहायता यूएसएड के जरिये दी जाती है, लेकिन इस एजेंसी ने एफआइएफ पर अपनी ही सरकार द्वारा लगाए गए प्रतिबंध पर आंखें मूंदे रखीं। यूएसएड द्वारा एफआइएफ को सहायता मिशिगन स्थित मुस्लिम धर्मार्थ संस्था 'हेल्पिंग हैंड फार रिलीफ एंड डेवलपमेंट' (एचएचआरडी) के जरिए दी गई जिसके दक्षिण एशिया में संचालित जिहादी संगठनों के साथ संबंध रहे हैं।

---

## वाहन के लिए फास्टैग रिचार्ज करना बीते जमाने की बात

# सरकार ने नेशनल हाईवे, एक्सप्रेसवे के लिए वार्षिक व आजीवन टोल पास का रखा प्रस्ताव

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



जल्द ही आपको अपने वाहन के फास्टैग को बार-बार रिचार्ज करना बीते जमाने की बात हो सकती है। भारत सरकार ने राष्ट्रीय राजमार्गों (नेशनल हाईवे) और एक्सप्रेसवे पर टोल भुगतान को आसान बनाने के लिए निजी वाहनों के लिए वार्षिक और लाइफटाइम टोल पास की योजना का प्रस्ताव रखा है।

यह योजना उन लोगों के लिए फायदेमंद होगी, जो अक्सर हाईवे और एक्सप्रेसवे पर यात्रा करते हैं। इससे टोल भरना न सिर्फ सस्ता होगा, बल्कि टोल प्लाजा पर बिना रुके सफर करना भी आसान हो जाएगा। टोल भुगतान की प्रक्रिया को और आसान बनाया जाएगा। सरकार को राजस्व का नुकसान नहीं होगा क्योंकि मुख्य कमाई कमर्शियल वाहनों से ही होती है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, सरकार ने एक वार्षिक टोल पास की पेशकश की है, जिसे 3,000 रुपए के एकमुश्त भुगतान पर खरीदा जा सकता है। यह पास पूरे एक साल तक सभी राष्ट्रीय राजमार्गों और एक्सप्रेसवे पर असीमित यात्रा के लिए मान्य रहेगा। इसके अलावा, सरकार ने 15 साल के लिए एक लाइफटाइम टोल पास की भी योजना बनाई है, जिसकी कीमत 30,000 रुपए होगी। यह नया सिस्टम मौजूदा फास्टैग के साथ जोड़ा जाएगा ताकि बिना किसी अतिरिक्त झंझट के टोल का भुगतान किया जा सके।

1 वार्षिक टोल पास की कीमत 3000 रुपए प्रति वर्ष होगी
2 लाइफटाइम टोल पास की कीमत 30000 रुपए होगी
3 लाइफटाइम टोल पास 15 वर्षों के लिए मान्य रहेगा




### 74 प्रतिशत राजस्व व्यावसायिक वाहनों से

केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री, नितिन गडकरी ने पिछले महीने कहा था कि सरकार निजी वाहनों के लिए मासिक और वार्षिक पास लाने पर विचार कर रही है। उन्होंने बताया कि कुल टोल कलेक्शन का केवल 26 प्रतिशत हिस्सा निजी कारों से आता है। गडकरी ने कहा कि जबकि 74 प्रतिशत राजस्व व्यावसायिक (कमर्शियल) वाहनों से हासिल होता है। इसलिए सरकार निजी कारों के लिए टोल भुगतान को आसान बनाने पर काम कर रही है।

### एक साल तक असीमित यात्रा की सुविधा

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय का लक्ष्य निजी कारों के लिए वार्षिक टोल पास प्रदान करना है, जिसकी कीमत यूजर्स के लिए प्रति वर्ष 3,000 रुपए होगी। पास को वाहन के मौजूदा फास्टैग खाते में इंटीग्रेट किया जाएगा। जिससे उपयोगकर्ता को राष्ट्रीय राजमार्गों और एक्सप्रेसवे तक असीमित पहुंच हासिल होगी। इस पास को खरीदने के बाद, उपयोगकर्ता को अगले एक साल तक अपने फास्टैग खाते को बार-बार रिचार्ज करने की जरूरत नहीं होगी।

### 15 साल तक टोल देने की चिंता नहीं

लाइफटाइम टोल पास भी इसी तरह काम करता है। इस मामले में एकमात्र अंतर यह है कि इस पास की वैधता 15 साल के लिए है और इसकी कीमत 30,000 रुपए है। वार्षिक पास की तरह, इसे भी उपयोगकर्ता के फास्टैग खाते में इंटीग्रेट किया जाएगा। अभी, निजी कारों के लिए 340 रुपए प्रति माह (12 महीने के लिए कुल 4,080 रुपए) का मासिक पास उपलब्ध है। लेकिन यह सिर्फ एक टोल प्लाजा पर ही मान्य होता है। जबकि 3,000 रुपए में सालभर के लिए पूरे देश के हाईवे और एक्सप्रेसवे पर असीमित यात्रा की सुविधा मिलेगी।

### सैटेलाइट-बेस्ड सिस्टम लाने की योजना

अब सरकार सैटेलाइट-बेस्ड टोल कलेक्शन सिस्टम लाने की योजना पर काम कर रही है। इस तकनीक के तहत वाहन जितनी दूरी तय करेगा, उसी के आधार पर टोल लिया जाएगा। फास्टैग की जगह जीएनएसएस टेक्नोलॉजी से ऑटोमेटिक टोल कटेगा। रोजाना 20 किलोमीटर तक हाईवे पर मुफ्त यात्रा की सुविधा मिल सकती है।

---

## खबर संक्षेप

### पीएम मोदी से मिली तारीफ से खुश हैं चंद्रिका



**नई दिल्ली।** भारतीय-अमेरिकी गायिका चंद्रिका टंडन ने हाल ही में अपना पहला ग्रैमी पुरस्कार जीता है। इस जीत के बाद पीएम नरेंद्र मोदी ने उनकी तारीफ करते हुए उन्हें बधाई दी थी। अब गायिका ने सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए पीएम मोदी का आभार व्यक्त किया है। चंद्रिका ने अपनी इंस्टाग्राम पोस्ट में लिखा कि जब भारत के प्रधानमंत्री भारतीय वैश्विक कलाकारों की सराहना करते हैं तो यह एक ऐतिहासिक क्षण होता है । यह एक बहुत ही दयालु और प्रोत्साहक इशारा है! मुझे गर्व और सम्मान महसूस हो रहा है।

### सीमा पर 10,000 सैनिकों को किया तैनात



**सियुदाद जुआरेज़।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा शुल्क लगाने की धमकियों के बाद मेक्सिको ने अपने उत्तरी सीमा पर 10,000 सैनिक भेजे हैं। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार सियुदाद जुआरेज़ के बाहरी इलाके में नकाबपोश और हथियारबंद राष्ट्रीय गार्ड के सदस्य अवरोधकों के साथ झाड़ियों के बीच से गुजरते देखे गए। तिजुआना के पास भी सैनिकों की गश्ती देखी गई। भारी शुल्क लगाने की ट्रंप की घोषणा के बाद यह घटनाक्रम हुआ है।

---

## महाकुंभ में हरियाणा और मणिपुर के सीएम ने लगाई डुबकी

# प्रदेशवासियों के लिए सुख-समृद्धि और कल्याण की प्रार्थना की

एजेंसी ▶▶ प्रयागराज

महाकुंभ में हरियाणा के सीएम नायब सिंह सैनी और मणिपुर के सीएम बीरेन सिंह ने संगम में डुबकी लगाई। सीएम सैनी ने संगम में सपरिवार स्नान किया। त्रिवेणी संगम में डुबकी लगाकर उन्होंने प्रदेशवासियों की सुख-समृद्धि और कल्याण की प्रार्थना की।

उन्होंने कहा कि महाकुंभ केवल आस्था का संगम नहीं है। बल्कि सनातन संस्कृति की जीवंत धरोहर है। यह आयोजन भारत की आध्यात्मिक शक्ति और सांस्कृतिक विरासत का भव्य प्रतीक है। जिसे आज पूरा विश्व देख रहा है। गौरव



की अनुभूति कर रहा है। उन्होंने पीएम नरेंद्र मोदी और यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में इस विराट आयोजन की भव्यता की सराहना करते हुए कहा कि महाकुंभ 2025 सनातन धर्म की दिव्यता और गौरवशाली परंपराओं का प्रतीक बनेगा।

### भारत की आस्था भक्ति की शक्ति में

महाकुंभ में बिहार के राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान पहुंचे। जहां अरैल स्थित स्वामी चिदानंद सरस्वती के शिविर परमार्थ निकेतन आश्रम में उनका स्वागत किया गया। वहीं अरैल घाट पर आयोजित गंगा आरती में उन्होंने हिस्सा भी लिया। प्रयागराज पहुंचने पर बिहार के राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान ने कहा कि भारत की संस्कृति का मूल आधार भारत की आस्था व भक्ति की शक्ति में निहित है।

---

## पाकिस्तान में 'चेक पोस्ट' पर हमला

# तीन पुलिसकर्मियों की हुई मौत 5 में से 3 गंभीर रूप से घायल

एजेंसी ▶▶ पेशावर

पाकिस्तान के उत्तर पश्चिमी क्षेत्र में गुरुवार सुबह बंदूकधारियों ने एक पुलिस 'चेक पोस्ट' (जांच चौकी) पर हमला कर दिया, जिससे ती न पुलिसकर्मी मारे गए जबकि पांच घायल हो गए। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि भारी हथियारों से लैस हमलावरों ने खैबर पख्तूनख्वा प्रांत के करक जिले में बहादुर खेल चेक पोस्ट पर गोलीबारी शुरू कर दी।



### पकड़ने के लिए तलाशी अभियान शुरू

उन्होंने बताया कि इस घटना के बाद भारी पुलिस बल घटनास्थल पर पहुंचा और अपराधियों को पकड़ने के लिए तलाशी अभियान शुरू किया। घटना के बाद पूरे क्षेत्र में सुरक्षा उपाय बढ़ा दिए गए हैं। अभी तक किसी भी संगठन ने इस हमले की जिम्मेदारी नहीं ली है। इसके अनुसार, पाकिस्तान के गृह मंत्री मोहसिन नकवी ने हमले की निंदा की और मारे गए अधिकारियों के परिजनों के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त की।

---

## अपदस्थ पीएम हसीना पर फूटा गुस्सा



# बांग्लादेश में अवामी लीग के नेताओं के घरों में की आगजनी और तोड़फोड़

एजेंसी ▶▶ ढाका

बांग्लादेश में प्रदर्शनकारियों ने बुधवार देर रात पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना की अवामी लीग पार्टी के कई नेताओं के घरों में तोड़फोड़ की और देश के संस्थापक शेख मुजीबुर रहमान के भित्ती चित्रों को विरूपित किया। इससे पहले, प्रदर्शनकारियों ने मुजीबुर रहमान के ढाका स्थित आवास में तोड़फोड़ और आगजनी की थी। तोड़फोड़ और आगजनी उस समय की गई थी, जब मुजीबुर रहमान की बेटी और अपदस्थ प्रधानमंत्री हसीना लोगों को ऑनलाइन संबोधित कर रही थीं।

### बुल्डोजर से भवन गिराया

सोशल मीडिया पर 'बुलडोजर जुलूस' के आह्वान के बाद राजधानी ढाका के धनमंडी इलाके में बुधवार को हजारों लोग मुजीबुर रहमान के आवास के बाहर इकट्ठे हो गए। उन्होंने भवन में तोड़फोड़ और आगजनी की। इसके बाद, बुल्डोजर से भवन को गिराने की प्रक्रिया शुरू की गई, जो गुरुवार सुबह तक जारी रहा। मुजीबुर रहमान के धनमंडी स्थित आवास को एक स्मारक संग्रहालय में तब्दील कर दिया गया था।

### भारत के समक्ष विरोध दर्ज कराया

बांग्लादेश के विदेश मंत्रालय ने गुरुवार को एक बयान में कहा कि उसने भारत सरकार के समक्ष पूर्व पीएम शेख हसीना द्वारा सोशल मीडिया समेत विभिन्न मंचों पर लगातार की जा रही 'झूठी मनगढ़ंत टिप्पणियों और बयानों' को लेकर कड़ा विरोध दर्ज कराया है, जिससे बांग्लादेश में अस्थिरता का माहौल पैदा हो रहा है। बयान के अनुसार ढाका में भारत के कार्यवाहक उच्चायुक्त को सौंपे गए विरोध पत्र में बांग्लादेश ने 'गहरी चिंता, निराशा और गंभीर आपत्ति' जताई है और कहा कि इस तरह के बयान देश के लोगों की 'भावनाओं को ठेस पहुंचा रहे हैं'।

---

## विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्री जितेंद्र सिंह ने दी जानकारी

# 2027 में लॉन्च किया जाएगा चंद्रयान-4, पृथ्वी पर लाएंगे चंद्रमा की चट्टानों के नमूने

◆ गगनयान मिशन को अगले साल लॉन्च करेंगे
◆ गगनयान का मानवरहित मिशन इसी साल भेजेंगे

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



भारत ने चंद्रयान 4 को लॉन्च करने की तैयारी कर ली है। विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्री जितेंद्र सिंह ने चंद्रयान मिशन 4 को 2027 में लॉन्च किया जाएगा। इस मिशन के जरिये चंद्रमा की चट्टानों के नमूने पृथ्वी पर लाए जाएंगे। उन्होंने कहा कि चंद्रयान 4 में उच्च क्षमता के एलवीएम 3 रॉकेट दो अलग-अलग प्रक्षेपण के बाद पांच अलग-अलग उपकरणों को लेकर कक्षा में जाएंगे। इनको पृथ्वी की कक्षा में इकट्ठा किया जाएगा। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि चंद्रयान 4 मिशन का उद्देश्य चंद्रमा की सतह से नमूने इकट्ठे करके उनको पृथ्वी पर वापस लाना है। केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह गगनयान परियोजना का मानव रहित मिशन भी इसी साल भेजा जाएगा। इसमें रोबोट व्योम मित्र शामिल है।



### बुनियादी ढांचे में हो रहा विस्तार

*केंद्रीय मंत्री ने कहा कि इसरो की स्थापना 1969 में की गई थी। लेकिन 1993 तक पहला लॉन्च पैड स्थापित करने में दो दशकों से ज्यादा का वक्त लगा था। इसके बाद दूसरा लॉन्च पैड 2004 में बना तो फिर एक दशक का लंबा वक्त लगा। वहीं बीते 10 साल में भारतीय अंतरिक्ष क्षेत्र के बुनियादी ढांचे और निवेश में विस्तार हुआ है। हम अब भारी रॉकेटों के लिए पहली बार तीसरा प्रक्षेपण स्थल बना रहे हैं।*

### 2026 में समुद्रयान भी करेंगे लॉन्च

*केंद्रीय मंत्री ने कहा कि 2026 में भारत समुद्रयान का भी प्रक्षेपण करेगा। इसमें समुद्र तल में खोज करने के लिए तीन वैज्ञानिक एक पनडुब्बी के जरिये छह हजार मीटर की गहराई में जाएंगे। समुद्रयान के जरिये महत्वपूर्ण खनिजों, दुर्लभ धातुओं की खोज की जाएगी।*

## सीएम डॉ. यादव ने कहा, तुलसी मानस प्रतिष्ठान की गतिविधियां बढ़ाई जाएं

# तुलसी साहित्य और भारतीय संस्कृति का हो प्रचार-प्रसार

हरिभूमि न्यूज ⏩ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने बुधवार को मानस भवन में तुलसी मानस प्रतिष्ठान की प्रबंधकारिणी समिति की बैठक की अध्यक्षता की। मुख्यमंत्री ने इस प्रतिष्ठान की गतिविधियों को और अधिक विस्तारित करने का सुझाव दिया और संबंधितों को इस पर अमल करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रतिष्ठान से रामायण, तुलसी साहित्य और भारतीय संस्कृति के प्रचार-प्रसार को बढ़ावा दिया जाए।

सीएम ने युवाओं और विद्वानों को जोड़ने के लिए चित्रकूट जैसे धार्मिक स्थल पर विशेष कार्यक्रम आयोजित करने पर जोर दिया। बैठक में प्रबंधकारिणी समिति के कार्याध्यक्ष रघुनंदन शर्मा, संयोजक राजेन्द्र शर्मा, कोषाध्यक्ष विजय अग्रवाल, वरिष्ठ सदस्य सुरेश पचौरी, समिति सदस्य एवं कलेक्टर भोपाल कौशलेंद्र विक्रम सिंह सहित समिति के अन्य वरिष्ठ पदाधिकारी और सदस्य उपस्थित थे।

### युवाओं और विद्वानों को जोड़ने के लिए धार्मिक स्थल पर विशेष कार्यक्रम करने पर जोर

- मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में प्रतिष्ठान की प्रबंधकारिणी समिति की बैठक में विकास कार्यों पर हुआ विचार-विमर्श
- सदस्यों ने विभिन्न विका कार्यों को लेकर मुख्यमंत्री से की चर्चा



### ऑनलाइन माध्यमों से भी रामायण को लोगों तक पहुंचाएं

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने प्रतिष्ठान की आगामी योजनाओं पर चर्चा करते हुए कहा कि समाज के विभिन्न वर्गों को इस पहल से जोड़ा जाए, जिससे आध्यात्मिक और सांस्कृतिक चेतना को मजबूती मिले। मुख्यमंत्री ने कहा कि ऑनलाइन माध्यमों से भी रामायण और तुलसी साहित्य को अधिक लोगों तक पहुंचाएं। उन्होंने आगामी आयोजनों की रूपरेखा तैयार करने और इनसे जनसामान्य को जोड़ने के लिए कार्य योजना बनाने के निर्देश दिए। प्रतिष्ठान की गतिविधियों को और प्रभावी बनाने के लिए सुझावों पर बैठक में गहनता से विचार-विमर्श किया गया। कार्याध्यक्ष शर्मा ने मानस भवन के सामने रोड का चौड़ीकरण किए जाने और मानस भवन, हिंदी भवन और गांधी भवन के बीच अवैध निर्माण हटवाने का आग्रह किया। मुख्यमंत्री ने कलेक्टर भोपाल को आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

### टीटी नगर के पास एक एकड़ भूमि में गीता भवन बनाया जाएगा: डॉ. मोहन

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने समिति को अवगत कराया कि सरकार प्रदेश में शराबबंदी पर गंभीरता से विचार कर रही है। गीता के ज्ञान और हमारी संस्कृति के प्रचार-प्रसार के लिए प्रदेश में 'गीता भवन' बनाने जा रहे हैं। मुख्यमंत्री ने बताया कि हमारी सरकार पुण्यभूमि हरिद्वार जैसे प्रबंध अब महाकाल नगरी उज्जैन में भी कराने की ओर अग्रसर है। साधु-संतों, अखाड़ों और धर्मशालाओं को उज्जैन के सिंहस्थ मेला क्षेत्र में स्थाई प्रकृति के निर्माण कार्यों की अनुमति दी गई है। इससे स्थाई आश्रम, मठ, धर्मशालाएं, सत्संग स्थल बनाए जा सकेंगे। कलेक्टर ने समिति को अवगत कराया कि भोपाल में भी स्मार्ट सिटी रोड पर टीटी नगर के पास करीब एक एकड़ भूमि में गीता भवन बनाया जाएगा। समिति सदस्यों ने प्रतिष्ठान के विकास संबंधी विभिन्न विषयों, कार्यों के संबंध में मुख्यमंत्री का ध्यान आकृष्ट कराया। मुख्यमंत्री ने सभी विषयों, सुझावों पर गंभीरता से विचार कर शीघ्र क्रियान्वयन का आश्वासन दिया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने तुलसी मानस प्रतिष्ठान की मासिक मुख पत्रिका "तुलसी मानस भारती" का विमोचन भी किया।

## खबर संक्षेप

### राज्य निर्वाचन आयुक्तों की वार्षिक कॉन्फ्रेंस एक से 4 मार्च तक

**भोपाल।** राज्य निर्वाचन आयुक्त मनोज श्रीवास्तव ने बताया कि विभिन्न राज्यों के राज्य निर्वाचन आयुक्तों की 31वीं वार्षिक कॉन्फ्रेंस पेंच जिला सिवनी में एक से 4 मार्च तक आयोजित की जाएगी। इस कॉन्फ्रेंस में लगभग 25 राज्यों के राज्य निर्वाचन आयुक्त शामिल होंगे। राज्य निर्वाचन आयुक्त श्रीवास्तव ने बताया कि कॉन्फ्रेंस में राज्यों के राज्य निर्वाचन आयुक्त स्थनीय निकायों के निर्वाचन के दौरान आईं चुनौतियों तथा उनसे निपटने के उपायों पर चर्चा करेंगे। नवाचारों और सुधारों से भी अवगत कराएंगे। इस दौरान स्थानीय निकायों के चुनाव में नई तकनीकों के उपयोग पर भी चर्चा होगी।

### कृषकों के भुगतान को आसान बनाने के लिए ई-अनुज्ञा प्रणाली लागू

**भोपाल।** किसानों की उपज का भुगतान आसान बनाने के लिए प्रदेश में ई-अनुज्ञा प्रणाली लागू की गई है। कृषकों को इस प्रणाली से जोड़कर प्रत्येक भुगतान की एंट्री ई-अनुज्ञा पोर्टल पर हो रही है। व्यापारियों की ओर से इस प्रणाली का इस्तेमाल कर क्रय की गई कृषि उपज के परिवहन के लिए गेट पास बनाए जा रहे हैं। रिकॉर्ड संधारण में इस प्रणाली से बहुत लाभ हुआ है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में राज्य सरकार किसानों के कल्याण एवं समस्याओं के निराकरण के लिए प्रतिबद्ध है। ई-मंडी योजना, ई-अनुज्ञा प्रणाली का विस्तारित रूप है। मंडियों में इस योजना के लागू होने से मैनुअली संधारित रिकॉर्ड धीर-धीरे समाप्त हो रहा है। ई-मंडी योजना मंडी प्रांगण के अंदर कृषकों को प्रवेश से लेकर नीलामी, तौल और भुगतान की प्रक्रिया को इलेक्ट्रॉनिकली कैप्चर करने की प्रक्रिया है। योजना को स्कॉच ऑर्डर ऑफ मेरिट वर्ष 2023 प्रदान किया गया है।

### श्री सिंगाजी ताप विद्युत गृह की इकाई नंबर तीन का रिकॉर्ड तोड़ प्रदर्शन

**भोपाल।** मध्यप्रदेश पॉवर जनरेटिंग कंपनी के श्री सिंगाजी ताप विद्युत गृह दोंगलिया (खंडवा) की 660 मेगावॉट की इकाई नंबर 3 ने लगातार दूसरे दिन अपनी उत्पादन क्षमता से अधिक रिकॉर्ड तोड़ 158.7 लाख यूनिट उच्चतम दैनिक विद्युत उत्पादन किया। यूनिट का प्लांट लोड फेक्टर 100.18 फीसदी रहा। विद्युत गृह जब से बना है, तब से पहली बार उसकी किसी विद्युत इकाई ने 100 फीसदी से अधिक का पीएलएफ हासिल किया।

## पीएम मोदी के सानिध्य में गणतंत्र दिवस मनाने का अवसर मिलना गौरव का क्षण

# युवाओं के लिए आत्मविश्वास, अनुशासन और उत्साह का स्त्रोत है एनसीसी: सीएम

हरिभूमि न्यूज ⏩ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि राष्ट्रीय कैडेट कोर (एनसीसी) विद्यार्थियों को अनुशासन और उत्साह प्रदान करता है। देशभक्ति, सामर्थ्य, सहयोग, सह-अस्तित्व की भावना के साथ एनसीसी की यूनिफार्म धारण करना आत्मविश्वास की विशेष अनुभूति प्रदान करता है।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में निरंतर अधिक सशक्त और समर्थ होते भारत की ओर सम्पूर्ण विश्व आशा की दृष्टि से देख रहा है, इस परिदृश्य में भारतीय युवा पीढ़ी का दायित्व अधिक बढ़ जाता है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव गणतंत्र दिवस समारोह-2025 में शामिल राष्ट्रीय कैडेट कोर के प्रतिभागी छात्र-छात्राओं को मुख्यमंत्री निवास में संबोधित कर रहे थे। प्रधानमंत्री मोदी का सेना के साथ त्यौहार मनाना हमारे सशस्त्र बल को यह विश्वास दिलाता है कि समाज और सरकार उनके साथ है। राष्ट्रीय कैडेट कोर के विद्यार्थियों को गणतंत्र दिवस का राष्ट्रीय पर्व ऐसे व्यक्तित्व के सानिध्य में मनाने का अवसर मिलना गर्व का विषय है, यह अवसर है हर कैडेट के लिए बेहद महत्वपूर्ण होना।

### मुख्यमंत्री निवास में डॉ. मोहन ने एनसीसी कैडेट्स का किया सम्मान

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मुख्यमंत्री निवास में एनसीसी कैडेट्स का सम्मान किया और उन्हें उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं। मुख्यमंत्री ने विभिन्न श्रेणियों के उत्कृष्ट प्रतिभागियों को पुरस्कार भी प्रदान किए। कार्यक्रम में स्कूल शिक्षा मंत्री उदय प्रताप सिंह, विधायक रामेश्वर शर्मा, एनसीसी मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़ निदेशालय के एडीजी मेजर जनरल विक्रांत एम. धुमने तथा अन्य अधिकारी उपस्थित थे।



### कौशिकी को एक लाख का चेक देकर किया सम्मानित

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने ऑल इंडिया बेस्ट कैडेट कॉम्पिटिशन में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली सीनियर अंडर ऑफीसर कौशिकी शुक्ला को मुख्यमंत्री पुरस्कार राशि के रूप में एक लाख रुपए का चेक प्रदान कर सम्मानित किया। आर्यन सेन को भी एक लाख रूपए का चेक, सृष्टि मिश्रा और नादया पनहोत्रा को द्वितीय स्थान प्राप्त करने पर 75-75 हजार रूपए, रिमाउंट एंड वेटनरी कॉप्स घुड़सवारी प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त करने पर वसुंधरा दुबे को एक लाख रुपए, शूटिंग कॉम्पीटिशन में प्रथम स्थान प्राप्त अरहमना तनवीर और नंदिनी सिंह को 50-50 हजार रुपए की राशि प्रदान की।

### 28 राज्यों और 8 केंद्र शासित प्रदेशों के 2 हजार 361 कैडेट्स का समागम

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि गणतंत्र दिवस पर नई दिल्ली में लगे कैम्प में 28 राज्यों और 8 केन्द्र शासित प्रदेशों के 2 हजार 361 कैडेट्स का समागम हुआ। एनसीसी एकता और अनुशासन की पाठशाला है, इसके अनुभव जीवनभर कैडेट्स का मार्गदर्शन करेंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि भारत विश्व के प्राचीनतम देशों में से एक है और यहां राष्ट्र के लिए स्वयं को बलिदान करने वालों की कमी नहीं रही है।

### शर्मा ने पूर्व विधायक सुरेंद्रनाथ का जाना कुशलक्षेम



**भोपाल।** विधायक रामेश्वर शर्मा ने बुधवार को निजी अस्पताल पहुंचकर भाजपा के वरिष्ठ नेता, पूर्व विधायक सुरेंद्रनाथ सिंह का कुशलक्षेम जाना। उन्होंने प्रभु श्रीराम से सुरेंद्रनाथ सिंह के जल्द स्वस्थ होने की कामना की।

## जीएमसी में दो दिवसीय एमपी-एसीकॉन आज से, देश के प्रसिद्ध सर्जन जुटेंगे

हरिभूमि न्यूज ⏩ भोपाल

गांधी मेडीकल कॉलेज (जीएमसी) में दो दिवसीय एमपी-एसीकॉन-2025 का आयोजन शुक्रवार से होगा। महाविद्यालय का शल्य क्रिया विभाग यह कार्यक्रम कर रहा है।

इस प्रोग्राम में देश के ख्याति प्राप्त शल्य क्रिया विशेषज्ञ अपनी मौजूदगी दर्ज कराएंगे। कार्यक्रम में रोबोट सर्जरी सहित अन्य विषयों पर विस्तार के साथ विशेषज्ञ अपनी बात रखेंगे। जीएमसी शल्य क्रिया विभाग की डॉ. अनुराधा चौधरी ने पत्रकारवार्ता में बताया कि 7 से 9 फरवरी तक चलने वाले इस कार्यक्रम में डिसीजन टू प्रीसेशन इन सेफ सर्जिकल थीम पर यह कार्यक्रम होगा। सुरक्षित शल्य क्रिया में निर्णय एवं सटीकता का महत्व है। यह आधुनिक सर्जिकल अभ्यास का यह महत्वपूर्ण पहलू है।

## वन मंडल कटघोरा का मामला, यहां हाथी कर रहे हैं विचरण

# दंतैल हाथी ने तोड़े दो मकान डर से रात भर जागे ग्रामीण



हरिभूमि न्यूज ⏩ कोरबा

वन मंडल कटघोरा में कई हाथी घूम रहे हैं, जो लंबे समय से विचरण कर रहे हैं। कई हाथी झुंड से बिछड़ कर जंगल से लगे गांव में पहुंच रहे हैं। जिससे ग्रामीण दहशत में हैं ग्रामीण रात को जागने को मजबूर हैं।

अब हाथियों पर सायरन का भी असर नहीं हो रहा है। केंदई रेंज में दंतैल हाथी ने रात ढ़ोढ़ाबहार में दो मकानों को तोड़ दिया। केंदई रेंज में दंतैल हाथी के कहर से बचने के लिए ग्रामीण शंकर ने अपने परिवार के साथ भागकर जान बचाई। हाथी के मकान तोड़ने और हाथी मित्र दल के वाहन में सायरन बजाने का वीडियो सामने आया है। जहां वन विभाग की टीम सायरन बजा रही है, लेकिन हाथी को कोई असर नहीं हो रहा है, वह घर के बाहर खड़ा हुआ था। हाथी मित्र दल के कर्मचारी टॉर्च मारने के साथ सायरन बजाते रहे, लेकिन दंतैल पर कोई असर नहीं हुआ। हाथी मकान को तोड़ने के साथ ही अंदर से राशन सामान निकाल कर खाता रहा। काफी देर बाद दो मकानों को तोड़ने के बाद जंगल की ओर चला गया। इस क्षेत्र में अभी कई हाथी घूम रहे हैं। जिसमें से दंतैल हाथी अलग से घूम रहा है। आसपास के ग्रामीणों को सतर्क कर दिया गया है। ग्रामीणों की मानें तो हाथी गांव के आसपास में विचरण कर रहा है, जो अक्सर गांव के करीब आ जाता है। कई बार तो गांव के अंदर हाथी घुस जाता है और फसल को भी नुकसान पहुंचाता है जिससे लोग परेशान हैं और उन्हें आर्थिक क्षति भी हो रही है। हाथी से बचने के लिए उन्हें कई बार रात-रातभर जगना पड़ जाता है। वहीं, शाम होते ही लोगों को घर के अंदर रहना पड़ता है। डर हमेशा बना हुआ रहता है।

## नक्सलियों पर था पांच-पांच लाख का इनाम



# नक्सली दंपति ने पुलिस अधीक्षक के समक्ष किया आत्मसमर्पण

हरिभूमि न्यूज ⏩ राजनांदगांव

जिले से अलग होकर बने जिला मोहला मानपुर अंबागढ़ चौकी में नक्सली दंपति ने पुलिस अधीक्षक के समक्ष समर्पण किया है। दोनों नक्सलियों पर पांच-पांच लाख रुपए का इनाम था।

पवन तुलावी माड़ एरिया के प्रेस टीम का कमांडर था पवन तुलावी की पत्नि वायके ओयाम ने आत्मसमर्पण कर दिया है। पूरे मामले का खुलासा मोहला पुलिस अधीक्षक कार्यालय में पुलिस अधीक्षक द्वारा किया गया। दोनों नक्सली संगठन में लगभग 15 -16 साल से सक्रिय थे, पवन तुलावी मोहला मानपुर जिले के मदनवादा थाना अंतर्गत दोरदे गाँव का रहने वाला है। पवन तुलावी की पत्नी पायके ओयाम बीजापुर जिले के भैरमगढ़ थाना अंतर्गत गांव की रहने वाली है। नक्सली संगठन में काम करते हुए दोनों ने शादी कर ली थी। पायके ओयाम प्लाटून नंबर 16 की पीपीसीएम हैं और दोनों पर पांच-पांच लाख रुपए का इनाम था। छत्तीसगढ़ सरकार की पुनर्वास नीति और जंगल में बढ़ते फोर्स के दबाव के चलते नक्सली दंपतियों ने समर्पण कर दिया।

## 30 किमी बाइक चलाकर ले गया आरोपी

# शादी के लिए बना रही थी दबाव तो प्रेमी ने प्रेमिका का गला घोंटा



हरिभूमि न्यूज ⏩ रायपुर

आरोपी प्रेमी ने पहले से साजिश रच ली थी, जिसके बाद युवती को घुमाने के बहाने ले गया। इस दौरान लगभग 30 किलोमीटर तक आरोपी बाइक चलाते हुए हत्या के लिए सुरक्षित ठिकाना खोजता रहा। सुनसान जगह मिलते ही आरोपी प्रेमी ने लड़की की गला घोंटकर हत्या कर दी। मामले में पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, 31 जनवरी को सरस्वती नगर थाना में रचना सोना नाम की लड़की की गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई गई। मामले में पुलिस खोजबीन शुरू की। इसके साथ ही पुलिस ने मोबाइल की जांच की। मोबाइल से मिले साक्ष्य के आधार पर पुलिस रचना के एक रिश्तेदार और पड़ोस में रहने वाले विवेक सेंन्द्रे के साथ अफेयर का पता चला। पुलिस ने आरोपी को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू की। जिसमें अफेयर का बात स्पष्ट हो गया। उसने पुलिस को बताया कि रचना उसे लगातार मैसेज करके शादी करने का दबाव डाल रही थी। लेकिन वे उससे शादी नहीं करना चाहता था। इसके बाद उसने यह योजना बनाई। आरोपी ने उसे मिलने के लिए बुलाया। इसके बाद अमलेश्वर ले गया। इस दौरान आरोपी प्रेमी सुनसान जगह की तलाश में खमरिया गाँव तक पहुंचा। वहां खेत के बीचों-बीच बनी एक खाली झोपड़ी में लेकर गया। इस दौरान लड़की फिर से शादी की बात दोहराने लगी।

## भेड़ाघाट, पाटन, कटंगी, मझौली, पनागर, सिहोरा, तेंदूखेड़ा को लाभ

# 7 नगरीय निकायों में जल प्रदाय योजना का काम पूरा डेढ़ लाख से अधिक आबादी को मिलेगा नल से जल

हरिभूमि न्यूज ⏩ भोपाल

मप्र अर्बन डेवलपमेंट कम्पनी जबलपुर परियोजना इकाई के अंतर्गत 7 नगरीय निकायों में जल प्रदाय योजना का काम पूरा कर लिया गया है। यह कंपनी नगरीय प्रशासन एवं आवास विभाग के अंतर्गत कार्य कर रही है। एशियन डेवपलमेंट बैंक की सहायता से नर्मदा पेयजल योजना तैयार की गई है। इस योजना को नर्मदा पेयजल योजना भेड़ाघाट के नाम से जाना जा रहा है।

पेयजल योजना से जिन निकायों को पेयजल उपलब्ध हो रहा है, उनमें भेड़ाघाट, पाटन, कटंगी, मझौली, पनागर, सिहोरा और दमोह जिले का तेंदूखेड़ा शामिल हैं। जल प्रदाय योजना के लिए नर्मदा नदी के किनारे लम्हेटाघाट में इंटैकवैल स्थापित किया गया है। वहीं जल शोधन के लिए 31 एमएलडी का जल शोधन संयंत्र स्थापित किया गया है।

### 32 हजार से अधिक घरों को नल कनेक्शन दिए गए

भेड़ाघाट जल प्रदाय योजना से 7 नगरों में 32 हजार से अधिक घरों को नल कनेक्शन दिए गए हैं। इन नगरों की 1 लाख 62 हजार की आबादी लाभन्वित हो रही है। योजना की विशेष बात यह है कि आगामी 30 वर्षों की जनसंख्या वृद्धि को ध्यान में रख कर योजना डिजाइन की गई है। दस वर्षों के संचालन और संधारण के साथ योजना की लागत लगभग 257 करोड़ रुपए है।

### निकायों में जल प्रदाय की कोई स्थाई व्यवस्था नहीं थी

पहले इन निकायों में जल प्रदाय की कोई स्थाई व्यवस्था नहीं थी। महिला हो या बच्चे पानी लेने के लिए घर से दूर जाकर कठिन कार्य करते थे। पूर्व में इन नगरों में हैंडपंप के आस-पास लंबी कतारें होती थीं और जनसामान्य तकलीफों का सामना करता था। मप्र अर्बन डेवलपमेंट कंपनी की कोशिशों से शोधन उपरांत शुद्ध पानी घर घर पहुंचाने की उव्यवस्था की जा रही है। शोधित पानी होने के कारण जल से होने वाली बीमारियों से भी जनसामान्य को छुटकारा मिला है।

## सीएम साय, डिप्टी सीएम शर्मा, वित्त मंत्री चौधरी और अन्य जनप्रतिनिधि रहे मौजूद

# प्रथम समाधि स्मृति महोत्सव में शामिल हुए गृहमंत्री शाह

हरिभूमि न्यूज ⏩ राजनांदगांव



केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह राजनांदगांव जिले के डोंगरगढ़ चंद्रगिरी में आयोजित प्रथम समाधि स्मृति महोत्सव में शामिल होने पहुंचे। आचार्य विद्यासागर महाराज की समाधि स्थल पर अमित शाह ने पूजा अर्चना की। महोत्सव में केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह, मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा, वित्त मंत्री ओपी चौधरी और अन्य जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।

इस दौरान केन्द्रीय गृहमंत्री ने कहा कि आचार्य विद्यासागर महाराज के समाधि स्थल पर पहुंच कर मैंने नमन किया है। यहां देश भर के अनुयायी आये हुए हैं सभी को नमन करता हूं। शाह ने कहा कि 100 रूपये का सिक्का जारी किया गया, 108 पदचिन्हों का विमोचन किया गया है। इस दौरान महोत्सव में केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह, मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा, वित्त मंत्री ओपी चौधरी, जैन आचार्य और मुनि सहित अन्य जनप्रतिनिधि मौजूद हैं। अमित शाह ने कहा कि सभी लोगों को एक करने का काम जैन मुनियों ने किया है, आचार्य जी का जीवन धर्म, संस्कृति और राष्ट्र को समर्पित है। महान संत को मैं प्रणाम करने आया हूं, उनके द्वारा लिखी मूकमाटी में अनेक लोगों ने पीएचडी की है। आज मैं आचार्य जी की कही बात दोहराना चाहता हूं, भोजन के थाल में जितने व्यंजन होते हैं वह उतना ही अच्छा होता है, भारत में अलग-अलग धर्म संस्कृति है जो अपने में अलग है। केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने कहा कि मैं भी अनुयायी हूं।

हाई कोर्ट में जनहित याचिका के जरिए मांग

# संपूर्ण प्रदेश के कुम्हार व रजक को अनुसूचित जाति में शामिल करें

## राज्य शासन सहित अन्य से जवाब-तलब



जबलपुर।

हाई कोर्ट में एक जनहित याचिका के जरिए संपूर्ण प्रदेश के कुम्हार व रजक जाति वालों को अनुसूचित जाति में शामिल किए जाने की मांग की गई है। न्यायमूर्ति विवेक अग्रवाल व न्यायमूर्ति अनुराधा शुक्ला की युगलपीठ ने मामले की प्रारंभिक सुनवाई के बाद इस सिलसिले में राज्य शासन, राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग, मध्य प्रदेश अनुसूचित जाति आयोग, राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग व मध्य प्रदेश पिछड़ा वर्ग आयोग को नोटिस जारी कर जवाब-तलब कर लिया है। इसके लिए चार सप्ताह का समय दिया है।

जनहित याचिकाकर्ता जबलपुर निवासी राकेश कुमार चक्रवर्ती व लक्ष्मण रजक की ओर से अधिवक्ता एसके कश्यप ने पक्ष रखा। उन्होंने दलील दी कि रजक समाज को प्रदेश के भोपाल, रायसेन व सीहोर में अनुसूचित जाति की श्रेणी में रखा गया है। इसी प्रकार कुम्हार जाति को सतना, रीवा, टीकमगढ़, पन्ना, शहडोल, सीधी, दतिया सहित आठ जिलों में अनुसूचित जाति की श्रेणी में रखा गया है। प्रदेश के अन्य जिलों में इन जातियों को पिछड़ा वर्ग में रखा गया है।

### अलग-अलग जिलों में अलग-अलग श्रेणी क्यों :

अधिवक्ता कश्यप ने दलील दी कि प्रदेश में एक ही जाति के लोगों को अलग-अलग जिलों में अलग-अलग जाति में रखा गया है, जो सामान्य के अधिकार के विपरीत है। इसीलिए जनहित याचिका में राहत चाही गई है कि पूरे प्रदेश में कुम्हार व रजक जाति को अनुसूचित जाति में रखा जाए। चूंकि ऐसा नहीं किया जा रहा है, अतः व्यापक जनहित में हाई कोर्ट की शरण ली गई है।

## जेसीबी से धान की फसल नष्ट करने पर वारंट जारी

**जबलपुर**। प्रथम श्रेणी न्यायिक दंडाधिकारी शुभांगी पालो की अदालत ने किसान के खेत में खड़ी धान की पांच लाख कीमत की फसल जेसीबी चलाकर नष्ट करने के मामले में अनावेदकों के विरुद्ध जमानती वारंट जारी कर दिया है। अनावेदकों को अदालत के समक्ष प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं।परिवादी उत्तर मिलौनीगंज निवासी अजीत यादव की ओर से अधिवक्ता नरेंद्र निखारे ने पक्ष रखा। उन्होंने दलील दी कि अनावेदकों न्यू राम नगर, अधारताल निवासी ऋतुध्वज अग्रवाल, दद्दा नगर, कटंगी रोड निवासी अभिषेक शर्मा व कंचनपुर निवासी पूरन प्रसाद खम्परिया ने 40-50 लोगों के साथ मिलकर 14 जुलाई, 2014 को परिवादी के खेत पर पहुंचकर उत्पात मचाया था। वहां लगी फैंसिंग तोड़ दी। यही नहीं जेसीबी चलाकर धान की खड़ी फसल चौपट कर दी। इससे पांच लाख रुपये का नुकसान हुआ। इसकी शिकायत के बावजूद पुलिस द्वारा ठोस कार्रवाई न किए जाने पर अदालत में परिवाद दायर किया गया है।

# 4 दिन बाद शुरु होगी बिजली दरों पर सुनवाई

## आयोग के रिक्त अध्यक्ष पद पर अब तक नहीं की गई नियुक्ति

जबलपुर।



विद्युत नियामक आयोग द्वारा 31 दिसंबर 2024 को जारी किए गए सार्वजनिक सूचना में घोषित किया गया है कि आयोग द्वारा 11 फरवरी 2025 से जनसुनवाई शुरु की जाएगी, इसे अब मात्र 4 दिन बचे हैं, फिर भी आयोग के रिक्त अध्यक्ष पद पर अभी तक नियुक्ति नहीं हुई है।

वर्ष 1998 में हुई विद्युत नियामक आयोग के स्थापना के बाद ऐसी असाधारण स्थिति पिछले 27 वर्षो में पहली बार हुई है।

यह जानकारी देते हुए नागरिक उपभोक्ता मार्गदर्शक मंच के अध्यक्ष डॉ. पीजी नाजपांडे ने बताया कि आयोग के अध्यक्ष पद हेतु पेनल के चयन के लिए गठित न्यायामूर्ति रुपेश वार्ष्णेय के समिति ने 3 नामों का पेनल सरकार को सौंपा है, लेकिन इन नामों पर शासन ने आज तक निर्णय नहीं लिया है।

31 जनवरी को सेवानिवृत्त हुए अपर मुख्य सचिव एसएन मिश्रा को अध्यक्ष बनाने पर भी चर्चा हुई, लेकिन इसे भी अब एक सप्ताह बीत गया, फिर भी निर्णय नही हुआ है।

विभिन्न संगठनों ने आरोप लगाया कि जनसुनवाई केवल एक औपचारिकता बन गई है। बिजली दर निर्धारण में कानून के तहत उसकी अनिवार्यता है, फिर भी शासन गंभीर नहीं है।

रजत भार्गव, टीके रायघटक, डीके सिंह, संतोष श्रीवास्तव, सुशीला कनौजिया, सुभाष चंद्रा, एड.वेदप्रकाश अधौलिया, एड.जीएस सोनकर, हरजीवन विश्वकर्मा, विनायक राव सोरते, दिलीप कुंडे, माया कुशवाहा, उमा दाहिया, केसी सोनी, अशोक नागदेव, डीआर लखेरा, पीएस राजपूत, आदि ने एक बैठक में इन सभी विषयों पर मंथन कर शासन ने उचित कार्रवाई की मांग की।

# स्कूलों में नहीं व्यवस्थाएं, बुजुर्गों को नहीं मिल रही पेंशन

## मानव अधिकार आयोग ने 2 मामलों में लिया संज्ञान

**जबलपुर**। मप्र मानव अधिकार आयोग के क्षेत्रीय कार्यालय प्रभारी फरजाना मिर्जा ने बताया कि, समाचार पत्रों में प्रकाशित समाचार के आधार पर शहर के दो जनहित के मामलों में मुख्यपीठ भोपाल में सुनवाई करते हुए, सदस्य राजीव कुमार टंडन ने मानव अधिकारों के हनन का मामला मानकर, जांच का निर्देश देकर प्रतिवेदन मांगा है।



### छत और जमीन को तरस रहे स्कूल...........

जिले के शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्र में संचालित होने वाले स्कूलों में सुविधाओं के अभाव में बच्चों एवं शिक्षकों को कई तरह की परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। रिपोर्ट के अनुसार 61 शालाओं के बच्चों को शिफ्ट किया जाता है, और 39 स्कूलों के छात्रों के पास अपनी खुद की कक्षा कक्ष नहीं होने से उन्हें असुविधाओं का सामना करना पड़ रहा है। आयोग ने जबलपुर के कलेक्टर एवं डीईओ से मामले की जांच कराकर की गई कार्यवाही का प्रतिवेदन तीन सप्ताह में मांगा है।

### पेंशन एवं ग्रेच्युटी पाने बुजुर्ग हो रहे परेशान

जिले में सेवानिवृत्ति होने चुके बुजुर्गों को अपनी पेंशन और ग्रेच्युटी राशि लेने के लिये संभागीय पेंशन कार्यालय के दर्जनों चक्कर काटना पड़ रहा है। संभागीय पेंशन कार्यालय दूसरी मंजिल पर होने से बुजुर्गों को सीढ़ियों के सहारे जाना आना पड़ रहा है, लेकिन इसके बावजूद उन्हें पेंशन की राशि के लिये चक्कर लगाना पड़ रहा है। आयोग ने जबलपुर के संयुक्त संचालक (वित्त) संभागीय पेंशन कार्यालय से 31 दिसंबर 2024 की स्थिति में कितने पेंशन प्रकरण कब से लंबित है ? संबंध में की गई कार्यवाही का प्रतिवेदन एक माह में मांगा है।

## तलाक का केस फाइल करने के आठ दिन बाद दर्ज एफआईआर निरस्त

**जबलपुर**। हाई कोर्ट के न्यायमूर्ति मनिंदर सिंह भट्टी की एकलपीठ ने पति द्वारा तलाक का केस फाइल करने के आठ दिन बाद पत्नी द्वारा महिला थाने में दर्ज कराई गई एफआइआर को निरस्त करने का आदेश पारित कर दिया। इसी के साथ पति नितिन पांडे, सास सीमा पांडे, ससुर नंद किशोर पांडे व देवर सुमित पांडे ने राहत की सांस ली। बहू द्वारा चारों पर दहेज प्रताड़ना का आरोप लगाया गया था।मामले की सुनवाई के दौरान ससुर नंद किशोर पांडे सहित अन्य की ओर से उनके वकील ने दलील दी कि यह मामला प्रतिशोध की भावना से प्रेरित है। इधर पति ने विवाह विच्छेद की अर्जी दायर की और उधर पत्नी ने बदले की नीयत से महिला थाने में दहेज प्रताड़ना का अपराध पंजीबद्ध करा दिया। इससे पति व उसका पूरा परिवार परेशानी में आ गया। दरअसल, शिकायतकर्ता का विवाह नितिन पांडे के साथ आठ दिसंबर, 2016 को हुआ था। जिसके बाद अनबन होने पर पत्नी मायके चली आई। पहले यह माला कुटुम्ब न्यायालय भी गया था। वहां से प्रकरण समाप्त होने के बाद जब स्थिति सामान्य नहीं हुई तो पति ने तलाक लेने की विधिक प्रक्रिया प्रारंभ कर दी। जिसके ठीक बाद पत्नी ने प्रतिशोध की भावना का परिचय दे दिया।

जेएमएफसी कोर्ट का आदेश

## जेसीबी से धान की फसल नष्ट करने पर वारंट जारी

जबलपुर।

प्रथम श्रेणी न्यायिक दंडाधिकारी शुभांगी पालो की अदालत ने किसान के खेत में खड़ी धान की पांच लाख कीमत की फसल जेसीबी चलाकर नष्ट करने के मामले में अनावेदकों के विरुद्ध जमानती वारंट जारी कर दिया है। अनावेदकों को अदालत के समक्ष प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं। परिवादी उत्तर मिलौनीगंज निवासी अजीत यादव की ओर से अधिवक्ता नरेंद्र निखारे ने पक्ष रखा। उन्होंने दलील दी कि अनावेदकों न्यू राम नगर, अधारताल निवासी ऋतुध्वज अग्रवाल, दद्दा नगर, कटंगी रोड निवासी अभिषेक शर्मा व कंचनपुर निवासी पूरन प्रसाद खम्परिया ने 40-50 लोगों के साथ मिलकर 14 जुलाई, 2014 को परिवादी के खेत पर पहुंचकर उत्पात मचाया था। वहां लगी फैंसिंग तोड़ दी। यही नहीं जेसीबी चलाकर धान की खड़ी फसल चौपट कर दी। इससे पांच लाख रुपये का नुकसान हुआ। इसकी शिकायत के बावजूद पुलिस द्वारा ठोस कार्रवाई न किए जाने पर अदालत में परिवाद दायर किया गया है।

## कांग्रेस पार्षद दल का प्रदर्शन आज

**जबलपुर**। नगर निगम में व्याप्त भ्रष्टाचार अनियमित्ताओं और रुके हुए विकास कार्यों के विरोध में कांग्रेस पार्षद दल द्वारा असज मानव श्रृंखला बनाकर विरोध प्रदर्शन किया जाएगा. नेता प्रतिपक्ष अमरीश मिश्रा ने बताया नगर निगम में व्याप्त भ्रष्टाचार, रुके हुए विकास कार्य एवं भारतीय जनता पार्टी की नगर सत्ता द्वारा लगातार की जा रही झूठी घोषणाओं के विरोध में कांग्रेस पार्षद दल द्वारा लगातार आंदोलन किया जा रहा हैं. , उप नेता प्रतिपक्ष शगुफ्ता उस्मानी ने कहा आज शुक्रवार 7 फरवरी को शाम 4:00 बजे नगर निगम मुख्यालय के सामने कांग्रेस पार्षद दल एवं कांग्रेस कार्यकर्ताओं द्वारा मानव श्रृंखला बनाकर विरोध प्रदर्शन किया जाएगा. सचेतक आयोध्या तिवारी ने सभी से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होने की अपील की गई है।

## आतिशबाजी करने वाले अज्ञात व्यक्तियों पर दर्ज कराई एफआईआर

**जबलपुर**। प्रतिबंधात्मक आदेश के बावजूद नर्मदा प्राकट्योत्सव पर गौरीघाट में आतिशबाजी करने वाले अज्ञात व्यक्तियों के विरूद्ध प्रशासन द्वारा गौरीघाट थाने में एफआईआर दर्ज कराई गई है। न्यायालय तहसीलदार गोरखपुर कार्यालय के सूचना पत्र पर दर्ज की गई इस एफआई आर में पुलिस द्वारा भारतीय न्याय संहिता की धारा 223 एवं 228 के तहत प्रकरण दर्ज कर लिया गया है। ज्ञात हो कि अपर जिला दंडाधिकारी द्वारा भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा 163 के तहत प्रतिबंधात्मक आदेश जारी कर नर्मदा प्राकट्योत्सव के दौरान गौरीघाट सहित आस-पास के सभी नर्मदा तटों पर 3 से 5 फरवरी तक आतिशबाजी करने और पटाखों के उपयोग पर पूर्णतः रोक लगा दी गई थी। इसके बावजूद इस आदेश का उल्लंघन करते हुए कुछ अज्ञात व्यक्तियों द्वारा गौरीघाट में नर्मदा तट पर 4 फरवरी की रात 8 बजे से 12 बजे तक आतिशबाजी की गई थी और इस वजह से कानून व्यवस्था की स्थिति को खतरा पैदा हो गया था।

किसान कल्याण जैसी योजनाओं का लाभ लेने भी जरूरी होगी फार्मर आईडी

# उन्हीं किसानों से होगा उपार्जन, जिनकी होगी फार्मर रजिस्ट्री

जबलपुर।

समर्थन मूल्य पर गेहूँ या अन्य फसलों का उपार्जन अब उन्हीं किसानों से होगा जिनकी फार्मर रजिस्ट्री हो चुकी है अथवा जिन्हें फार्मर आइडी प्राप्त हो गई है। यही नहीं आने वाले समय में किसानों को प्रधानमंत्री किसान निधि और मुख्यमंत्री किसान कल्याण जैसी शासन की कृषि सबंधी योजनाओं का लाभ भी फार्मर आईडी या फार्मर रजिस्ट्री के आधार पर ही मिलेगा। बता दें कि जबलपुर जिले में 1 लाख 65 हजार 270 किसानों के लक्ष्य के विरुद्ध अभी तक 47 हजार 341 किसानों की फार्मर रजिस्ट्री का कार्य पूरा हो चुका है।



कलेक्टर कार्यालय की भू-अभिलेख शाखा से प्राप्त जानकारी के अनुसार प्रदेश के किसानों के लिये राज्य शासन ने महत्वपूर्ण पहल के रूप में फार्मर रजिस्ट्री की शुरुआत की है। इसके तहत प्रत्येक किसान को एक यूनिक आईडी (फार्मर आईडी) प्रदान की जायेगी। फार्मर आईडी से किसानों की पहचान सुनिश्चित होगी, कृषि सबंधी नीतियों के क्रियान्वन में मदद मिलेगी तथा किसानों को पीएम किसान एवं अन्य शासकीय योजनाओं का लाभ लेने में आसानी होगी।

अधीक्षक भू-अभिलेख ने बताया कि किसान घर बैठे मोबाइल एप के माध्यम से फार्मर रजिस्ट्री करा सकेंगे। इसके लिये उन्हें प्ले स्टोर पर जाकर फार्मर सहायक एप डाउनलोड करना होगा तथा आधार वेरीफिकेशन और मोबाइल नम्बर वेरिफिकेशन के बाद स्वयं की, कृषि भूमि की और समग्र आईडी की जानकारी उसमें दर्ज करनी होगी। मोबाइल एप के अलावा किसान पटवारी अथवा उनके गांव में नियुक्त सर्वेयर सहायक से भी फार्मर रजिस्ट्री करा सकेंगे। एमपी ऑनलाइन कियॉस्क और कॉमन सर्विस सेंटर के माध्यम से भी निर्धारित शुल्क चुकाकर किसान फार्मर रजिस्ट्री करा सकेंगे। जिला प्रशासन ने जिले के सभी किसानों से फार्मर रजिस्ट्री शीघ्र कराने का आग्रह किया है, ताकि भविष्य में उन्हें उपार्जन अथवा शासकीय योजनाओं का लाभ लेने में किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े।



# गोरखपुर, चेरीताल और बल्देवबाग के 17 दुकानदारों को किराया जमा करने नोटिस जारी

## दो दिवस के अंदर किराया जमा नहीं करने पर दुकानों में की जाएगी तालाबंदी



**जबलपुर।** नगर निगम द्वारा चलाए जा रहे राजस्व वसूली अभियान के तहत अब बाजार विभाग के अंतर्गत निगम स्वामित्व वाली दुकानों से भी किराया वसूलने के लिए एक बड़ा अभियान चलाया जा रहा है। निगमायुक्त श्रीमती प्रीति यादव की अगुवाई में यह अभियान जोरशोर से चल रहा है, जिसमें गोरखपुर, चेरीताल और बल्देवबाग स्थित दुकानों के 17 दुकानदारों को दो दिन के अंदर बकाया किराया जमा करने के लिए नोटिस जारी किए गए हैं।

निगमायुक्त प्रीति यादव के निर्देश पर बाजार अधीक्षक दिनेश प्रताप सिंह ने सभी 17 दुकानदारों को नोटिस जारी कर दिया है, जिसमें स्पष्ट किया गया है कि यदि निर्धारित समय में किराया जमा नहीं किया गया, तो संबंधित दुकानों में तालाबंदी की कार्रवाई की जाएगी। इस कार्रवाई की सम्पूर्ण जिम्मेदारी दुकानदारों की होगी।

बाजार अधीक्षक ने बताया कि नोटिस प्राप्त करने वाले दुकानदारों में प्रमुख नाम हैं – दुकान क्रमांक 2$9 (श्रीमती दुलारी), दुकान क्रमांक 19 (शैलेष नेमा), दुकान क्रमांक 1$2 (रमेश असाबा), दुकान क्रमांक 4 (आशीष साहू), दुकान क्रमांक 5 (मदन मोहन अग्रवाल), दुकान क्रमांक 14 (वकील अहमद अंसारी), दुकान क्रमांक 16 (जसवंत सिंह), दुकान क्रमांक 17 (पारसनाथ रामदेव), दुकान क्रमांक 18 (विजय कुमार), दुकान क्रमांक 3 (रमाशंकर), दुकान क्रमांक 22 (राजकुमार जैन), दुकान क्रमांक 15 (रमेश कुमार), दुकान क्रमांक 6 (राजेन्द्र कुमार जैन), दुकान क्रमांक 7 (सुनील कुमार कुंगानी), दुकान क्रमांक 42 (शिव ट्रेडर्स महेश कुमार), और दुकान क्रमांक 18 (राजेन्द्र कुमार) शामिल हैं।

निगमायुक्त ने सभी दुकानदारों से अपील की है कि वे समय पर बकाया किराया जमा करें, ताकि निगम की अप्रिय कार्यवाही से बच सकें और कारोबार में कोई विघ्न न आए।

# युवराज महावीर को आया वैराग्य, ली दिगंबर मुनि दीक्षा

## सकल दिगंबर जैन समाज ने किया दिगंबर मुनिराज का गुणगान

**जबलपुर।**



संस्कारधानी में चल रहे श्री महावीर स्वामी दिगंबर जिनबिम्ब पंचकल्याणक प्रतिष्ठा महोत्सव के चतुर्थ दिवस सकल जैन समाज के साथ श्री वीतराग विज्ञान मंडल, जैन युवा मंडल एवं त्रिशला महिला मंडल सहित पूरे विश्व से पधारे हजारों जैन बंधुओं ने तपकल्याणक महोत्सव मनाकर दिगंबर महामुनिराजों का गुणगान किया।

महोत्सव के मीडिया प्रभारी दीपक राज जैन एवं नितिन जैन ने बताया कि प्रातःकाल की मंगल बेला पर सकल समाज ने कुंडलपुर नगरी में भक्तिभाव पूर्वक श्री जिनेन्द्र पूजन कर मंगलकारी महोत्सव का शुभारंभ किया, पश्चात गुरुदेवश्री कांजी स्वामी के सीडी प्रवचनों में गायक भगवान आत्मा की बात जानी, इसी क्रम में पंडित राजेन्द्रकुमार जैन जबलपुर, अभयकुमार शास्त्री देवलाली, शैलेश भाई तलौद, डॉ. मनीष शास्त्री मेरठ एवं विपिन जैन नागपुर के मंगल प्रवचनों का लाभ लेकर आत्मा से परमात्मा बनने का मार्ग जाना और मुनिराज महावीर प्रभु की आराधना कर उनका गुणगान किया।

# जनरल ऑफिसर कमांडिंग, मध्य भारत एरिया ने किया जम्मू और कश्मीर राईफल्स रेजिमेंट का दौरा



**जबलपुर।** लेफ्टिनेंट जनरल पीएस शेखावत, जनरल ऑफिसर कमांडिंग, मध्य भारत एरिया ने जम्मू और कश्मीर राईफल्स रेजिमेंट के मार्चिंग कंटन्जिेंट से अनौपचारिक भेंट और बातचीत की, जन्हिें कर्तव्य पथ, नई दल्लिी में आयोजित 76वीं गणतंत्र दिवस परेड़-2025 के दौरान ₹सर्वश्रेष्ठ मार्चिंग कंटन्जिेंट₹ से नवाजा गया। यह आयोजन मार्चिंग कंटन्जिेंट के समर्पण, अनुशासन और अद्वितीय प्रदर्शन के लिए एक बेहद उल्लास व गर्व का अवसर था। यह समारोह कंटन्जिेंट द्वारा किये गए उत्कृष्ट प्रदर्शन, कड़ी मेहनत और कठोर प्रशक्षिण का सम्मान करने के लिए आयोजित किया गया।

अपने सम्बोधन में, जनरल ऑफिसर कमांडिंग ने कंटन्जिेंट की अटूट प्रतिबद्धता, कुशलता और सैन्य सटीकता की सराहना की, जिसने नई दल्लिी के कर्तव्य पथ पर भव्य परेड़ के दौरान देश को मंत्रमुग्ध कर दिया। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि उनका प्रदर्शन जम्मू और कश्मीर राईफल्स की वीरता और परंपराओं का प्रदर्शन था, जो राष्ट्र की सेवा के लिए अपने स्वर्णिम इतिहास के लिए प्रसद्धि रेजिमेंट है। जनरल ऑफिसर ने टीम जम्मू और कश्मीर राइफल्स रेजिमेंटल सेंटर की प्रसंशा करते हुए कहा कि टीम ने अपने कंटन्जिेंट को यह उपलब्धि हासिल करने में बहुत महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।



मां रेवा उत्सव समिति द्वारा स्थापित प्रतिमा

जबलपुर। माँ रेवा उत्सव समिति के द्वारा माँ नर्मदा जन्मोत्सव पावन पर्व पर कंचनपुर बड़ी खेरमाई के पास माँ नर्मदा जी का विर्सजन आज हुआ ।समिति सदस्य सनी पटेल, मोहित पतेल ,रंजीत रजक,गुलशन पटेल, आकाश साहू, दुर्गेश विश्वकर्मा(लड्डू) अभिषेक विश्वकर्मा, साहिल रजक (मामा) आशू पटेल सत्यम विश्वकर्मा राज पटेल आदि । स्थानः- पुराना कंचनपुर बड़ी खेरमाई के आगे मेन रोड अधारताल जबलपुर

# सरकारी आदेश को भूले अफसर, समस्याओं के निराकरण के लिये भटक रहे कर्मचारी

**जबलपुर।**



मध्यप्रदेश राज्य कर्मचारी संघ के जिला संयोजक अटल उपाध्याय ने बताया कि मध्यप्रदेश शासन सामान्य प्रशासन के आदेशानुसार कर्मचारी संयुक्त परामर्शदात्री समिति की बैठक प्रत्येक तीन माह में समस्त विभाग प्रमुख एवं प्रत्येक कार्यालय प्रमुख को आयोजित कराना है, परंतु अनेक कार्यालय के अधिकारियों द्वारा अपने कार्यालयों में लंबे समय से बैठक आयोजित नहीं की जा रही है। लग रहा है कि अधिकारी सरकारी आदेश को भूल गये हैं, जिससे कर्मचारियों की समस्याओं का निराकरण नहीं हो पा रहा है। शासन की नीति अनुसार प्रत्येक तीन माह में बैठक आयोजित की जाना चाहिए जिससे स्थानीय स्तर पर कर्मचारियों की समस्याओं का निराकरण तत्काल किया जा सके। मध्यप्रदेश राज्य कर्मचारी संघ के जिला संयोजक अटल उपाध्याय, सह संयोजक आलोक अग्निहोत्री, देवेन्द्र पचौरी, ने संभागीय आयुक्त जबलपुर कार्यालय में संयुक्त आयुक्त विकास अरविन्द यादव को मांग पत्र सौंपते हुये समस्त संबंधित अधिकारियों को निर्देश जारी करने की मांग की है।

## साई की चयन प्रक्रिया 12, 13 फरवरी को

**जबलपुर।** भारतीय खेल प्राधिकरण (साई) प्रशिक्षण केन्द्र जबलपुर में वर्ष 2025-26 के लिए आवासीय एवं गैर आवासीय योजना के अंतर्गत बास्केटबॉल व कराते खेलों की चयन प्रक्रिया 12 एवं 13 फरवरी को प्रातः 8.30 बजे आयोजित की जा रही है। जो भी खिलाड़ी इन खेलों में चयनित होंगे उन्हें साई द्वारा सुविधा प्रदान की जाएगी। चयन प्रक्रिया के समय खिलाड़ी को दो पासपोर्ट साइज के फोटोग्राफ, जन्म प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, खेल उपलब्धि प्रमाण पत्र एवं अन्य दस्तावेजों की मूल प्रति एवं छाया प्रति लाना अनिवार्य है।



## श्रीमद् भागवत कथा में मनाया गया कृष्ण जन्म


**मझौली।** श्री विष्णु वाराह मंदिर प्रांगण में चल रही श्रीमद् भागवत महापुराण कथा में आज कृष्ण जन्म मनाया गया जिसमें हजारों भक्त गण भक्तिभाव से झूम उठे। यह कथा 8 वर्षीय बालविदुषी सुश्री अनुष्का पाठक द्वारा वचन किया जा रहा। सभी इस कथा को बड़े ही भक्ति भाव से श्रवण कर रहे हैं।

# निजी इंजीनियरिंग कॉलेज पर फंड के गोलमाल का लगाया आरोप

**भेड़ाघाट।**



वैसे भेड़ाघाट क्षेत्र में स्थित टेक्नोलॉजी कॉलेज सुर्खियों में बना रहता है सरकारी भूमि का मामला हो या कर्मचारियों का फंड की राशि को गोलमाल करने में कॉलेज प्रबंधन माहिर है वैसे भविष्य निधि के अधिकारियों द्वारा 2012- 2013 में रिकॉर्ड जप्त किया था कर्मचारी फंड निधि को लेकर कार्रवाई की गई थी लेकिन आज भी फंड की राशि पाने कर्मचारी भटक रहे हैं महेश प्रसाद सेन ने बताया कि टेक्नोलॉजी कॉलेज में 2008 से 2013 तक मैंने नौकरी की और मेरा फंड भी कॉलेज द्वारा काटा गया लेकिन 10 -12 सालों से मेरी'फंड की राशि नहीं मिल पा रही है कालेज प्रबंधक द्वारा मुझे भटकाया जा रहा है कि आप पैसा भविष्य निधि से मिलेगा जब में भविष्य निधि कार्यालय जबलपुर जाता हूं तो भविष्य निधि कार्यालय के कर्मचारियों द्वारा यह कह कर भगा दिया जाता है कि टेक्नोलॉजी कॉलेज द्वारा आप का रिकार्ड में मैच नहीं कर रहा है इसलिए आपका पैसा नहीं मिल पायेगा। कालेज प्रबंधक को मैंने बताया तो टालमटोल कर मुझे भगा दिया जाता है कि आप का फंड मिल जायेगा आप की फाइल भोपाल कालेज भेज दी गई है दस बारह सालों से महेश सेन ग्राम बिलखरवा निवासी पीड़ित ने बताया कि मैंने मुख्यमंत्री हेल्प लाइन 181 में शिकायत दर्ज कराई लेकिन मेरी समस्या का समाधान नहीं किया गया और झूठे आश्वासन देकर कहा गया कि आपकी समस्या का शीघ्र समाधानहो जाएगा मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 181 की शिकायत भी बंद कर दी गई कॉलेज प्रबंधन से संपर्क करने पर गुमराह किया जाता है और कई कर्मचारियों ने कालेज प्रबंधन की तानाशाही की वजह से फंड तक नहीं ले पा रहे हैं कॉलेज प्रबंधन स्पष्ट कहता है कि कोई मेरा कुछ नहीं कर सकता शासन प्रशासन तक मेरी मुट्ठी में है कॉलेज प्रबंधन की मनमानी से कई कर्मचारियों को फंड की राशि पाने भटक रहे हैं शासन प्रशासन से कॉलेज प्रबंधन पर कार्यवाही की मांग की गई।




# स्मार्ट प्रेप सीरीज़ बोर्ड परीक्षा के लिए करेगी छात्रों की मदद

**जबलपुर।** ऑर्कड्सि द इंटरनेशनल स्कूल ने बोर्ड एग्ज़ाम स्मार्ट प्रेप सीरीज़ का लॉन्च किया है। 40 वीडियो वाली यह सीरीज़ छात्रों के लिए बोर्ड परीक्षा की तैयारी को बेहद आसान बना देगी। आईआईटी से आने वाले 25 से अधिक अध्यापकों के नेतृत्व में तैयार की गई यह सीरीज़ छात्रों को विभन्नि विषयों जैसे भौतिकी, रसायन वज्ञिान, जीव विज्ञान, अंकगणित, ज्यामिति और अंग्रेज़ी (फिज़क्सि, कैमस्ट्रिी, बायोलोजी, एलजेबरा, ज्योमेट्री और इंग्लिश) में व्यापक मार्गदर्शन देती है।दीपाली तिवारी, प्राचार्या, ऑर्कड्सि द इंटरनेशनल स्कूल, जबलपुर परिसर, ने कहा, ह्यह्यबोर्ड की परीक्षा छात्रों के लिए बहुत अधिक मायने रखती है और हम उन्हें परीक्षा की तैयारी के लिए सर्वश्रेष्ठ सहायता प्रदान करना चाहते हैं, ताकि वे परीक्षा में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन दे सकें।

# श्रीकृष्ण के जन्म लेते ही खुल गये कारागार के ताले : सुरेन्द्र कृष्ण शास्त्री

## ग्राम सिलुआ में विष्णु महायज्ञ,भागवत कथा



**सिहोरा।** निकटवर्ती ग्राम सिलुआ बरनू टेंक रोड में चल रहे सार्वजनिक श्री विष्णु महायज्ञ एवं संगीतमय श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ में श्री सुरेन्द्र कृष्ण शास्त्री विजय नगर ने श्रीकृष्ण जन्मोत्सव की मिमांसा करते हुए कहा की कंश के अत्याचार से तीनों लोक त्राहि-त्राहि कर उठे तो भगवान विष्णु ने श्रीकृष्ण के रूप में अवतार लिया कंस अपनी बहन देवकी की शादी वासुदेव से धूमधाम से कराने के बाद जब उन्हें छोड़ने जा रहा था तभी भविष्यवाणी सुनकर उसकी सारी खुशी गायब हो गई और बहन देवकी एंव बहनोई वासुदेव को कारागार में डाल दिया और एक-एक कर उनके छह बच्चों को मौत के घाट उतार दिया जब भगवान कृष्ण ने आधी रात को अवतार लिया तो सारे पहरेदार गहरी निद्रा में सोए हुए थे और हथकड़ियां व कारागार के ताले अपने आप खुल गए वासुदेव कृष्ण को टोकरी में रखकर गोकुल में छोड़ आए और वहां से माया रूपी बालिका को अपने साथ ले आए इधर जब कंश बच्चे के रोने की आवाज सुना तो कारागार की तरफ दौड़ पड़ा उनके हाथों से छीनकर जैसे ही उसने माया को जमीन पर पटकने का प्रयास किया तो वह उसके हाथ से छूटकर आकाश में चली गई और कहा की तुझे मारने वाला गोकुल में जन्म ले चुका है। कथा के दौरान कृष्ण जन्म की झांकी देख श्रोता आनंद में झूम उठे। महायज्ञ में हजारों लोग पहुंचकर पुण्य लाभ अर्जित कर रहे हैं। कथा के पूर्व सुशील पाठक,राजेश दुबे,राजा भैया दुबे,उमाशंकर तिवारी,सीताराम पटेल,नर्मदा प्रसाद पटेल,जुगल किशोर पटेल,बाला प्रसाद पटेल, दिलीप पटेल,सोनू पटेल,रामकृपाल पटेल आदि ने व्यासपीठ का पूजन किया।



# शहर की बेटी ने नेशनल गेम्स में जीते दो गोल्ड मैडल

**जबलपुर।** हल्द्वानी उत्तराखंड में दिनांक 28 जनवरी से 14 फरवरी 2025 तक आयोजित हो रहे 38वें नेशनल गेम्स में मध्य प्रदेश की प्रतिभावान खिलाड़ी पलक शर्मा ने शानदार प्रदर्शन करते हुए तैराकी के डाइविंग इवेंट में दो गोल्ड मैडल, एक सिल्वर मैडल जीतने में सफलता प्राप्त की है। इन्दौर के रमेश व्यास विश्वामित्र के कुशल निर्देशन में डाइविंग प्रशिक्षण पा रही पलक शर्मा की इस महत्वपूर्ण उपलब्धि पर म.प्र. तैराकी संघ के अध्यक्ष पियूष शर्मा, सचिव जय वर्मा, कोषाध्यक्ष योगेंद्र सिंह, सह सचिव सीमांत द्विवेदी, ने बधाई दी है।

# सिद्धेश्वर धाम मंदिर सिद्ध पर्वत का किया भूमिपूजन




**सिहोरा।** सनातन वैदिक संस्कृति और हिंदू आस्था धर्म धरा धेनु के संरक्षण संवर्द्धन हेतु पौराणिक अद्भुत विद्या शोध संस्थान द्वारा विशाल भूमि पूजन कार्यक्रम उमरिया बुड़रई तह मझौली के अंतर्गत श्री सिद्धेश्वर धाम मंदिर,सिद्ध पर्वत आश्रम में किया गया। पूज्य स्वामी आकर्षण जी महाराज के सानिध्य में परम श्रद्धेय गोपाल मणि जी महाराज देहरादून उतराखंड पंच दिवसीय गो कथा करने पहुंचे इसी बीच उक्त कार्यक्रम निशुल्क हड्डी जांच शिविर लगाया गया और आगामी 8 फरवरी को निशुल्क नेत्र शिविर लगाया जाएगा एंव 9 को विशाल भंडारे महाप्रसाद का वितरण किया जायेगा पहली गो कथा के जो साक्षी बने उन्हें सिद्ध पर्वत में सिद्धेश्वर भगवान की कृपा सुनिश्चित प्राप्त है कथा वाचक ने कहा इस संपूर्ण क्षेत्र के सुख समृद्धि नशा मुक्ति एंव खुशहाली की नींव श्री सिद्ध पर्वत आश्रम द्वारा रखी गई जिसके साक्षी स्वयं श्री सिद्ध आराधना महोत्सव में जुड़े हुए भक्त है।




**श्री प्रवीण धर-** अवधपुरी कॉलोनी के सामने गौरीघाट रोड निवासी श्री प्रवीण धर (65) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री कमलेश चौधरी-** हनुमान टोरिया कांचघर निवासी श्री केशव चौधरी के पुत्र श्री कमलेश चौधरी (37) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती कृष्णा शर्मा-** शांति नगर दमोहनाका निवासी श्री बिशन चंद्र शर्मा की धर्मपत्नी श्रीमती कृष्णा शर्मा (78) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती सुशीला दाहिया-** वल्दी कोरी की दफाई सिद्धबाबा वार्ड निवासी श्री दुर्गेश दाहिया की धर्मपत्नी श्रीमती सुशीला दाहिया (65) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती बिन्नू बाई साहू-** अधारताल धनी कुटिया के पास निवासी श्री जगदेव प्रसाद साहू की धर्मपत्नी श्रीमती बिन्नू बाई साहू (108) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती शीला शुक्ला-** चौथा टावर आस्था नगर गौरीघाट रोड निवासी श्री मिट्ठू लाल शुक्ला की धर्मपत्नी श्रीमती शीला शुक्ला (80) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

हरिभूमि निजी/शोक/उठावन, पगड़ी रस्म, पुण्यतिथि संबंधी संदेश प्रकाशित कराने के लिए

अन्य साइज 40/- प्रति स्क्वायर से.मी.

| | | | |
|---|---|---|---|
| फिक्स साइज:- | 8x4 से.मी. | ब्लैक&व्हाईट | 300/- |
| फिक्स साइज:- | 8x4 से.मी. | रंगीन | 400/- |
| फिक्स साइज | 10x8 से.मी. | रंगीन | 1000/- |

सम्पर्क करें विज्ञापन विभाग:-0761-4048310, 2757175



## शैलेन्द्र दुबे श्रमजीवी पत्रकार संघ के पुनः जिलाध्यक्ष मनोनीत

**सिहोरा।** प्रदेश महासचिव म.प्र. श्रमजीवी पत्रकार संघ प्रांताध्यक्ष साथी शलभ भदौरिया के निर्देशानुसार,कार्यकारी अध्यक्ष साथी मोहम्मद अली, एवं संभागीय अध्यक्ष साथी राजेंद्र मिश्रा की सलाह पर प्रदेश कार्यकारी महासचिव साथी सत्यनारायण बैष्णव ने सिहोरा जिला इकाई के लिए लगातार इक्कीसवीं बार वरिष्ठ पत्रकार शैलेन्द्र दुबे को पुनः जिलाध्यक्ष मनोनीत किया है। शैलेन्द्र दुबे के पुनः जिलाध्यक्ष बनाये जाने पर संतोष वरकडे विधायक,श्रीमती नंदनी मरावी,नित्यनिरंजन खम्परिया,दिलीप दुबे पूर्व विधायक,श्रीमती संध्या दुबे न.पा.अध्यक्ष,श्रीमती रश्मि मनेन्द्र अग्निहोत्री जनपद अध्यक्ष,राजा मोर,विभोर जायसवाल माधव मिश्रा,श्याम शुक्ला,अमोल चौरसिया, अनुपम सराफ,राजेश दाहिया,सतीश पटेल,बिहारी पटेल,अंकित तिवारी, आदि लोगों ने हर्ष व्यक्त करते हुए बधाई प्रेषित की है।

### नाम सुधार सूचना

मैं, SUDHIR KUMAR KURIL (सुधीर कुमार कुरील) पिता श्री मुन्नालाल कुरील निवासी 157/ए/2, ए पी आर कालोनी, गोरखपुर, जबलपुर मप्र आधार कार्ड क्रमांक - 866994393256 का निवासी हूँ यह कि मेरी कक्षा 11 वी हायर सेकेंड्री की अंकसूची में मेरा नाम SUDHIR KUMAR KUREEL दर्ज है जबकि मेरे आधार कार्ड क्रमांक - 866994393256 एवं पेन कार्ड क्रमांक AGTPK8811G में मुझ शपथकर्ता का नाम SUDHIR KUMAR KURILदर्ज है यह कि SUDHIR KUMAR KURIL SUDHIR KUMAR KUREEL यह दोनों नाम एक ही व्यक्ति यानी के मुझ शपथकर्ता के नाम हैं तथा मेरा सही एवं वास्तविक नाम SUDHIR KUMAR KURIL है

शपथकर्ता

## खबर संक्षेप




### भारती एयरटेल का शुद्ध लाभ पांच गुना से अधिक

**नई दिल्ली।** भारती एयरटेल का चालू वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही में एकीकृत शुद्ध लाभ पांच गुना से अधिक होकर 16,134.6 करोड़ रुपये हो गया। कंपनी ने बृहस्पतिवार को शेयर बाजार को दी सूचना में बताया कि उसे पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में 2,876.4 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ हुआ था। देश की दूसरी सबसे बड़ी दूरसंचार कंपनी ने शेयर बाजार को दी सूचना में बताया कि चालू वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही में कंपनी की परिचालन आय 45,129.3 करोड़ रुपये रही, जो पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में 37,899.5 करोड़ रुपये थी।

### ट्रेंट के शुद्ध लाभ में 40% का इजाफा




**नई दिल्ली।** टाटा समूह की खुदरा कंपनी ट्रेंट लि. का चालू वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही में एकीकृत शुद्ध लाभ 34 प्रतिशत बढ़कर 496.54 करोड़ रुपये हो गया। कंपनी को स्टोर नेटवर्क के विस्तार और आकर्षक मूल्य प्रस्तावों में वृद्धि से यह लाभ हुआ। ट्रेंट लिमिटेड ने शेयर बाजार को दी जानकारी में बताया कि उसे पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में 370.64 करोड़ रुपये का एकीकृत शुद्ध लाभ हुआ था।

### आरईसी का शुद्ध लाभ 23 प्रतिशत बढ़ा



**नई दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनी आरईसी लि. का चालू वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही में एकीकृत शुद्ध लाभ 23 प्रतिशत बढ़कर 4,076.35 करोड़ रुपये हो गया। कंपनी ने बृहस्पतिवार को शेयर बाजार को दी सूचना में कहा कि उसे पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में 3,308.42 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ हुआ था। समीक्षाधीन तिमाही में कंपनी की कुल आय बढ़कर 14,286.91 करोड़ रुपये हो गई, जो पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में 12,071.54 करोड़ रुपये थी।

### डेटा पैटर्न्स का मुनाफा घटकर 44.66 करोड़



**चेन्नई।** डेटा पैटर्न्स (इंडिया) लिमिटेड का चालू वित्त वर्ष 2024-25 की तीसरी तिमाही में शुद्ध लाभ घटकर 44.66 करोड़ रुपये हो गया। कंपनी ने यह जानकारी दी। रक्षा व एयरोस्पेस इलेक्ट्रॉनिक्स समाधान में लगी कंपनी का गत वित्त वर्ष 2023-24 की तीसरी तिमाही (अक्टूबर-दिसंबर) में मुनाफा 50.97 करोड़ रुपये रहा था। वहीं 31 दिसंबर 2024 को समाप्त नौ महीने की अवधि में शुद्ध लाभ 107.73 करोड़ रुपये रहा, जो 2023 की इसी अवधि में यह 110.59 करोड़ था।

### आर्सेलर मित्तल का घाटा कम होकर 39 करोड़ डॉलर



**नई दिल्ली।** दुनिया की दिग्गज इस्पात कंपनी आर्सेलर मित्तल का चालू वित्त वर्ष की चौथी तिमाही में घाटा कम होकर 39 करोड़ डॉलर रह गया। लक्जमबर्ग स्थित कंपनी ने एक बयान में कहा कि पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में उसे 296.6 करोड़ डॉलर का घाटा (शेयरधारकों को मिलने वाला लाभ) हुआ था। कंपनी का वित्तीय वर्ष जनवरी-दिसंबर है। पूरे वर्ष के दौरान कंपनी का लाभ बढ़कर 133.9 करोड़ डॉलर हो गया, जो पिछले वित्त वर्ष में 9.19 करोड़ डॉलर से अधिक है।

# कई चुनौतियों के बावजूद मोटर वाहनों की खुदरा बिक्री 9% बढ़ी : फाडा

**नई दिल्ली।** देश में मोटर वाहन की खुदरा बिक्री जनवरी में सालाना आधार पर सात प्रतिशत बढ़कर 22,91,621 इकाई हो गई, जो विभिन्न खंडों में मजबूत मांग से प्रेरित है। फेडरेशन ऑफ ऑटोमोबाइल डीलर्स एसोसिएशन (फाडा) ने बृहस्पतिवार को बयान में कहा, जनवरी 2024 में कुल खुदरा बिक्री 21,49,117 इकाई रही थी। फाडा के अध्यक्ष सी. एस. विग्नेश्वर ने बयान में कहा, '' हमारे अवलोकन से पता चलता है कि प्रत्येक वाहन श्रेणी 2डब्ल्यू 3डब्ल्यू, पीवी, ट्रैक्टर और सीवी में सकारात्मक गति देखी गई, जो निरंतर उपभोक्ता विश्वास तथा स्थिर बाजार सुधार की ओर इशारा करती है।''

- जनवरी 2024 में कुल खुदरा बिक्री 21,49,117 इकाई रही
- प्रत्येक वाहन श्रेणी में सकारात्मक तेजी देखी गई

### यात्री वाहनों की बिक्री में 16 फीसदी की वृद्धि

यात्री वाहनों की खुदरा बिक्री जनवरी में सालाना आधार पर 16 प्रतिशत बढ़कर 4,65,920 इकाई पर पहुंच गई। विग्नेश्वर ने कहा कि कई डीलरों ने मांग में सुधार का उल्लेख किया, साथ ही पिछले साल की भारी छूट की ओर भी इशारा किया जिससे पुराने मॉडलों को बेचने और पंजीकरण को स्थानांतरित करने में मदद मिली।



### दोपहिया की बिक्री चार फीसदी बढ़ी

विग्नेश्वर ने कहा कि भंडार के स्तर में सुधर हुआ है, जो लगभग पांच दिन घटकर 50-55 दिन रह गया है जो आपूर्ति-मांग संतुलन में सुधार का संकेत है। दोपहिया वाहनों की पिछले महीने खुदरा बिक्री 15,25,862 इकाई रही, जो जनवरी 2023 की 14,65,039 इकाई की तुलना में चार प्रतिशत अधिक है।

### बिक्री ग्रामीण क्षेत्रों में अधिक रही

शहरी क्षेत्रों में सालाना आधार पर बिक्री ग्रामीण क्षेत्रों से अधिक रही, जो चार प्रतिशत से बढ़कर पांच प्रतिशत हो गई। विग्नेश्वर ने बताया कि डीलरों ने नए मॉडलों की पेशकश, शादी-ब्याह की मांग और बेहतर वित्तपोषण को वृद्धि के प्रमुख चालक बताया।

### बिक्री में 8 फीसदी इजाफा

हालांकि, उन्होंने कहा कि ब्याज दरों में वृद्धि, ग्रामीण इलाकों में नकदी की चुनौतियों और बाजार की अनिश्चितता के बारे में चिंताएं अब भी बनी हुई हैं। वाणिज्यिक वाहनों की बिक्री जनवरी में सालाना आधार पर आठ प्रतिशत बढ़कर 99,425 इकाई हो गई। ट्रैक्टर की बिक्री सालाना आधार पर जनवरी में पांच प्रतिशत बढ़कर 93,381 इकाई हो गई, जबकि तिपहिया वाहनों की खुदरा बिक्री पिछले महीने सात प्रतिशत बढ़कर 1,07,033 इकाई हो गई। फाडा ने कहा, 2025 की आशाजनक शुरुआत के बाद मोटर वाहन खुदरा क्षेत्र सतर्क आशावाद के साथ फरवरी में प्रवेश कर रहा है।

## नए गवर्नर मल्होत्रा की अगुवाई में पहली एमपीसी की बैठक होगी

# रिजर्व बैंक आज करेगा मौद्रिक नीति पर फैसला, रेपो दर में कटौती की उम्मीद

एजेंसी ▶▶| मुंबई

आरबीआई के नए गवर्नर संजय मल्होत्रा की अगुवाई में हो रही मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) की पहली बैठक में लिए गए निर्णयों की घोषणा शुक्रवार सुबह की जाएगी। विशेषज्ञों ने ऐसी संभावना जताई है कि एमपीसी लगभग पांच साल के अंतराल के बाद रेपो दर में 0.25 प्रतिशत की कटौती का फैसला कर सकती है। रेपो दर दो साल से 6.50 प्रतिशत पर स्थिर बनी हुई है। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने पिछली बार मई, 2020 में कोविड-19 महामारी के समय रेपो दर को 0.40 प्रतिशत घटाकर चार प्रतिशत किया था। फिर रूस-यूक्रेन युद्ध के जोखिमों से निपटने के लिए आरबीआई ने मई, 2022 में दरों में बढ़ोतरी करनी शुरू की थी और यह सिलसिला फरवरी, 2023 में जाकर रुका था।

मौद्रिक नीति के संबंध में निर्णय करने वाली सर्वोच्च इकाई एमपीसी की तीन दिवसीय समीक्षा बैठक बुधवार को शुरू हुई। इस बैठक के अंतिम दिन शुक्रवार को ब्याज दर पर फैसले की घोषणा की जाएगी। एमपीसी की यह बैठक आरबीआई के नए गर्वनर के मातहत होने वाली पहली द्विमासिक समीक्षा बैठक है।

**खास बातें**

- नए गवर्नर की पहली द्विमासिक बैठक होगी
- एमपीसी पांच साल के अंतराल के बाद रेपो दर घटा सकती है
- रेपो दर दो साल से 6 .50 प्रतिशत पर स्थिर है
- रेपो दर में 0 .25 प्रतिशत की कटौती का फैसला कर सकती है




### नीतिगत दर 6.25 फीसदी पर लाने की उम्मीद

उद्योग मंडल एसोचैम ने भी कहा कि नीतिगत दर में कटौती करके इसे 6.25 प्रतिशत पर लाने की व्यापक उम्मीदें हैं। एसबीआई रिसर्च की एक रिपोर्ट कहती है कि मौद्रिक समीक्षा में ब्याज दर में 0.25 प्रतिशत कटौती की उम्मीद है।

### वैश्विक परिस्थितियां प्रतिकूल बनी

हालांकि यस सिक्योरिटीज के कार्यकारी निदेशक अमर अंबानी ने कहा, /"हमें इस बैठक में आरबीआई द्वारा दरों में कटौती की उम्मीद नहीं है। दरअसल वैश्विक परिस्थितियां इस स्तर पर दरों में कटौती के लिए प्रतिकूल बनी हुई हैं।/"

### दास की जगह मल्होत्रा नए गवर्नर बनाए गए

*मल्होत्रा दिसंबर में शक्तिकान्त दास के छह साल का कार्यकाल पूरा होने के बाद आरबीआई के नए गवर्नर बनाए गए थे। डीबीएस ग्रुप रिसर्च की वरिष्ठ अर्थशास्त्री राधिका राव ने कहा, /"हमें उम्मीद है कि एमपीसी रेपो दर में 0.25 प्रतिशत की कटौती करके इसे 6.25 प्रतिशत पर लाने के पक्ष में मतदान करेगी।/"*

### कटौती का निर्णय सर्वसम्मति से होगा

*वैश्विक शोध फर्म बैंक ऑफ अमेरिका ग्लोबल रिसर्च ने भी कहा कि आर्थिक वृद्धि और मुद्रास्फीति दोनों के ही आंकड़े मौद्रिक स्थितियों को आसान बनाने की जरूरत की तरफ इशारा करते हैं। उम्मीद है कि ब्याज दर में 0.25 प्रतिशत कटौती का निर्णय सर्वसम्मति से लिया जाएगा।*

# एसबीआई के शुद्ध लाभ में 84 फीसदी का इजाफा

## तीसरी तिमाही में बढ़कर 16,891 करोड़ हुआ

एजेंसी ▶▶| मुंबई




भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) ने बृहस्पतिवार को बताया कि चालू वित्त वर्ष की दिसंबर तिमाही में उसका शुद्ध लाभ 84 प्रतिशत बढ़कर 16,891 करोड़ रुपये हो गया। एसबीआई का एकल शुद्ध लाभ एक साल पहले की समान अवधि में 9,164 करोड़ रुपये था। इस दौरान पेंशन देनदारियों के लिए 7,100 करोड़ रुपये के एकमुश्त प्रावधान किया गया था। इसके कारण कम आधार के चलते दिसंबर 2024 तिमाही में बैंक का मुनाफा अधिक बढ़ा। बैंक ने पिछली सितंबर तिमाही में 18,331 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ दर्ज किया था। ऋणों में 14 प्रतिशत की वृद्धि के बावजूद मुख्य शुद्ध ब्याज आय सालाना चार प्रतिशत बढ़कर 41,446 करोड़ रुपये हो गई। शुद्ध ब्याज मार्जिन (एनआईएम) के 0.19 प्रतिशत घटकर 3.15 प्रतिशत रहने से यह प्रभावित हुई। बैंक के चेयरमैन सी एस शेट्टी ने शुद्ध ब्याज मार्जिन प्रभाव के लिए ग्राहकों की प्राथमिकताओं में आए बदलाव को जिम्मेदार ठहराया, जिसमें धनराशि कम लागत वाले चालू और बचत खातों के बजाय उच्च प्रतिफल वाले सावधि जमा में जमा की जा रही है। शेट्टी ने कहा कि जमा की लागत स्थिर हो गई है या चरम पर पहुंच गई है, और एनआईएम तीन प्रतिशत से नीचे नहीं जाएगी। उन्होंने कहा कि सीएएसए की हिस्सेदारी बढ़ाना मुश्किल लगता है, जो तिमाही के दौरान 39.2 प्रतिशत तक गिर गई।

- पेंशन देनदारियों के लिए एकमुश्त 7100 करोड़ का था प्रावधान

### दर में कटौती का बैंक पर सीमित प्रभाव

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के दर में कटौती की संभावना के बारे में पूछने पर शेट्टी ने कहा कि इस तरह के कदम से एसबीआई की स्थिति पर सीमित प्रभाव पड़ता है, क्योंकि बैंक के केवल 28 प्रतिशत अग्रिम बाहरी मानक से जुड़े हैं। बाकी ऋण निश्चित या सीमांत उधार आधारित दरों (एमसीएलआर) पर आधारित हैं।

# बाजार में दूसरे दिन गिरावट सेंसेक्स 213 अंक फिसला

मुंबई। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) की मौद्रिक नीति समीक्षा की घोषणा से पहले निवेशकों के सतर्कता बरतने और विदेशी संस्थागत निवेशकों की ताजा निकासी के बीच बृहस्पतिवार को घरेलू शेयर बाजार में लगातार दूसरे दिन गिरावट रही। सेंसेक्स 213 अंक कमजोर हो गया जबकि निफ्टी में 93 अंकों की गिरावट रही। विश्लेषकों ने कहा कि दिग्गज कंपनियों भारती एयरटेल, आईटीसी और भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) के शेयरों में मुनाफावसूली हावी होने से बाजार नकारात्मक दायरे में रहा। बीएसई का 30 शेयरों पर आधारित मानक सूचकांक सेंसेक्स 213.12 अंक गिरकर 78,058.16 पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 427.29 अंक गिरकर 77,843.99 पर आ गया था। निफ्टी 92.95 अंक यानी 0.39 प्रतिशत गिरकर 23,603.35 पर आ गया। सेंसेक्स के समूह में शामिल कंपनियों में से भारती एयरटेल अपने तिमाही नतीजे आने के पहले 2.47 प्रतिशत की गिरावट पर रहा। टाइटन, एनटीपीसी, एसबीआई, आईटीसी, टाटा स्टील, महिंद्रा एंड महिंद्रा और टाटा मोटर्स के शेयर भी नुकसान के साथ बंद हुए। दूसरी तरफ अदाणी पोर्ट्स, इन्फोसिस, एक्सिस बैंक, एचसीएल टेक्नोलॉजीज, टेक महिंद्रा और इंडसइंड बैंक के शेयर बढ़त हासिल करने में सफल रहे।

- निवेशकों ने सतर्क रुख अपनाया



### यूरोप के बाजार में रही बढ़त

एशिया के अन्य बाजारों में दक्षिण कोरिया का कॉस्पी, जापान का निक्की और हांगकांग का हैंगसेंग सकारात्मक क्षेत्र में बंद हुए। यूरोप के अधिकांश बाजार बढ़त के साथ कारोबार कर रहे थे। बुधवार को अमेरिकी बाजारों में तेजी दर्ज की गई थी।

### होंडा कार्स के सभी मॉडलों को मिला ई-20 अनुपालन प्रमाण

**नई दिल्ली।** वाहन विनिर्माता होंडा कार्स इंडिया ने बृहस्पतिवार को कहा कि उसने भारत में बिकने वाले अपने सभी मॉडलों के लिए ई20 पेट्रोल अनुपालन का प्रमाणपत्र हासिल कर लिया है। होंडा कार्स ने अपने एलिवेट, सिटी ई-एचईवी, सिटी और अमेज मॉडलों के लिए पेट्रोल में 20 प्रतिशत तक एथनॉल मिश्रण वाले ईंधन यानी ई-20 के अनुकूल होने का प्रमाणपत्र हासिल कर लिया है। वाहन कंपनी ने एक बयान में कहा कि यह उपलब्धि टिकाऊ परिवहन के लिए होंडा की प्रतिबद्धता और भारत के हरित और स्वच्छ परिवहन में बदलाव का समर्थन करती है। कंपनी ने कहा कि उसने 2009 से ही ई-20 पेट्रोल को अपनाया हुआ है और एक जनवरी, 2009 से भारत में निर्मित सभी होंडा कारें ई-20 सामग्रियों के अनुकूल हैं।

अधिकारियों ने कलपुर्जे के आयात पर कर मांग नोटिस दी

# किआ इंडिया को मिला 15.5 करोड़ डॉलर का कर नोटिस

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली


किआ इंडिया को कलपुर्जे के आयात पर अधिकारियों से कर मांग का नोटिस मिला है, जबकि वाहन विनिर्माता ने किसी भी गलत काम से इनकार किया है।

कंपनी ने कहा कि इस मामले में विस्तृत प्रतिक्रिया दाखिल की गई है। उद्योग सूत्रों के अनुसार कर अधिकारियों ने वाहन विनिर्माता को उसके प्रीमियम मॉडल कार्निवल के लिए कलपुर्जों के आयात की गलत घोषणा के लिए 15.5 करोड़ अमेरिकी डॉलर का कर नोटिस दिया है। इस मुद्दे पर संपर्क करने पर किआ ने कहा कि एक जिम्मेदार और कानून का पालन करने वाले ब्रांड के रूप में वह अपने संचालन में सभी नियामक आवश्यकताओं का पालन करने के लिए प्रतिबद्ध है। कंपनी ने कहा, ''हमने जब भी जरूरी हुआ अधिकारियों के साथ लगातार सहयोग किया है, और हम सभी प्रक्रियाओं में पूरी पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए समर्पित हैं।''




### कंपनी दाखिल कर चुकी प्रतिक्रिया

इसने आगे कहा, ''मौजूदा मामले के संबंध में हमने व्यापक साक्ष्य और दस्तावेज के साथ एक विस्तृत प्रतिक्रिया पहले ही दाखिल कर दी है।'' कंपनी ने कहा कि चूंकि इस समय इस मुद्दे पर संबंधित अधिकारी विचार कर रहे हैं, इसलिए वह इस पर आगे कोई टिप्पणी नहीं कर पाएगी।




### जोमैटो ने बदला नाम, अब हुआ 'इटरनल'

**नई दिल्ली।** ऑनलाइन फूड डिलीवरी प्लेटफॉर्म जोमैटो ने अपना नाम बदलकर इटरनल कर दिया है। कंपनी की बोर्ड ने इसकी मंजूरी दे दी है। कंपनी ने गुरुवार को स्टॉक एक्सचेंज फाइलिंग में इसकी जानकारी दी। जोमैटो के ग्रुप सीईओ और को-फाउंडर दीपिंदर गोयल ने बीएसई को लिखे एक पत्र में जानकारी दी, जब हमने 'ब्लिंकिट' को खरीदा था, तभी से हमने कंपनी और ब्रांड/ऐप के बीच अंतर करने के लिए इंटरनली 'इटरनल' (जोमैटो के बजाय) का इस्तेमाल करना शुरू कर दिया था। हमने यह भी सोचा था कि आने वाले समय में जिस दिन जोमैटो से आगे बढ़कर अब किसी और प्लेटफॉर्म पर अपनी धाक जमा लेंगे, उस दिन हम सार्वजनिक रूप से इस नाम का ऐलान कर देंगे। आज 'ब्लिंकिट' के साथ मुझे लगता है हमने वह जगह हासिल कर ली है। अब हम कंपनी का नाम 'जोमैटो लिमिटेड' से बदलकर 'इटरनल लिमिटेड' रखना चाहेंगे।

# सोना 270 रुपए चढ़कर 86,070 प्रति 10 ग्राम के नए शिखर पर

**नई दिल्ली।** सोने में रिकॉर्ड तेजी का सिलसिला बृहस्पतिवार को जारी रहा और राष्ट्रीय राजधानी में सोने की कीमत 270 रुपये चढ़कर 86,070 रुपये प्रति 10 ग्राम के अबतक के उच्चतम स्तर पर पहुंच गईं। रुपया अब तक के सबसे निचले स्तर पर पहुंच गया और शेयर बाजार गिरावट के साथ बंद हुए। 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाले सोना 270 रुपये की तेजी के साथ 85,670 रुपये प्रति 10 ग्राम के नए उच्च स्तर पर पहुंच गया। मंगलवार को यह धातु 85,400 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुई थी। दिल्ली विधानसभा चुनाव के कारण बुधवार को सर्राफा बाजार बंद थे। बाजार सूत्रों ने कहा कि स्थानीय आभूषण विक्रेताओं की सतत लिवाली, कमजोर रुपये और शेयर बाजार में गिरावट के कारण सोने की कीमतों में तेजी आई। इस साल सुरक्षित निवेश की मांग और मजबूत वैश्विक रुझानों के कारण सोना 6,680 रुपये प्रति 10 ग्राम या 8.41 प्रतिशत चढ़ चुका है।



## रुपया 14 पैसे टूटकर 87.57 प्रति डॉलर

# रुपया अब तक के अपने सबसे निचले स्तर पर

एजेंसी ▶▶| मुंबई

रुपया गुरुवार को 14 पैसे टूटकर अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 87.57 (अस्थायी) के अब तक के अपने सबसे निचले स्तर पर बंद हुआ। मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) की बैठक में शुक्रवार को भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के नीतिगत दर में कटौती की संभावना बढ़ने से रुपये पर दबाव बढ़ा है। मुद्रा कारोबारियों ने बताया कि कमजोर घरेलू बाजारों और आयातकों की डॉलर मांग से भारतीय मुद्रा नए रिकॉर्ड निचले स्तर पर पहुंच गई। इसके अलावा, अमेरिकी व्यापार शुल्कों पर जारी अनिश्चितता के बीच वैश्विक बाजारों में जोखिम से बचने की प्रवृत्ति के कारण भी रुपये पर और दबाव पड़ सकता है।

- नीतिगत दर में कटौती की संभावना से रुपए पर दबाव

### विनिमय बाजार में रुपया 87.54 प्रति डॉलर खुला

अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 87.54 प्रति डॉलर पर खुला और शुरुआती कारोबार में डॉलर के मुकाबले 87.60 के सर्वकालिक निचले स्तर पर आ गया। अंत में घरेलू मुद्रा डॉलर के मुकाबले 87.57 (अस्थायी) के अबतक तक के सबसे निचले स्तर पर बंद हुई, जो पिछले बंद भाव से 14 पैसे की गिरावट है।



### एशियाई मुद्रा में सबसे खराब प्रदर्शन

रुपया बुधवार को 36 पैसे टूटकर अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 87.43 के सर्वकालिक निचले स्तर पर बंद हुआ था। इस साल अब तक स्थानीय मुद्रा में दो प्रतिशत से अधिक की गिरावट आई है। घरेलू मुद्रा में यह तेज गिरावट 2024 में अमेरिकी डॉलर/भारतीय मुद्रा जोड़ी में करीब तीन प्रतिशत की गिरावट के बाद आई है, जिससे यह सबसे खराब प्रदर्शन करने वाली एशियाई मुद्राओं में से एक बन गई है।

### इस साल अब तक 193 पैसे टूटा

रुपया एक जनवरी 2024 को अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 83.21 पर था। इस साल अब तक रुपया 193 पैसे टूट चुका है। एक जनवरी 2025 को डॉलर के मुकाबले रुपया 85.64 पर था। मिराए एसेट शेयरखान के रिसर्च एनालिस्ट अनुज चौधरी ने कहा, हमें कमजोर घरेलू बाजारों और आयातकों की डॉलर की मांग के बीच रुपये के नकारात्मक रुख के साथ कारोबार करते रहने की आशंका है।

### और निचले स्तर पर आरबीआई कर सकता है हस्तक्षेप

अमेरिकी व्यापार शुल्कों पर जारी अनिश्चितता के बीच वैश्विक बाजारों में जोखिम से बचने की प्रवृत्ति रुपये पर और दबाव डाल सकती है। हालांकि, आरबीआई द्वारा किसी भी हस्तक्षेप से रुपये को निचले स्तर पर समर्थन मिल सकता है।

# अजीम प्रेमजी, रंजन पई ने किया अकासा एयर में निवेश

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

उद्योगपति अजीम प्रेमजी की वैश्विक निवेश इकाई और मणिपाल समूह के प्रमुख रंजन पई के पारिवारिक कार्यालय ने देश की सबसे नई विमानन सेवा अकासा एयर में हिस्सेदारी खरीदने के लिए एक अज्ञात राशि का निवेश किया है। एयरलाइन ने कहा कि प्रवर्तक झुनझुनवाला परिवार ने भी अकासा में और अधिक कोष डालने का वादा किया है। बयान में कहा गया है, /"भारत की सबसे तेजी से बढ़ती एयरलाइन अकासा एयर में नई पूंजी डालने के लिए प्रमुख निवेशकों के साथ समझौते पर हस्ताक्षर किए गए हैं।

- भारत की सबसे तेजी से बढ़ती एयरलाइन बनी
- प्रवर्तक झुनझुनवाला परिवार भी और कोष डालेगा




### झुनझुनवाला परिवार के पास 45.97 फीसदी हिस्सेदारी

झुनझुनवाला परिवार के पास 45.97 प्रतिशत हिस्सेदारी है जबकि दुबे के पास 16.13 प्रतिशत हिस्सेदारी है। नए शेयरधारकों के आने के बाद अकासा एयर में मौजूदा शेयरधारकों की हिस्सेदारी कम हो जाएगी।

चिंतन

# मानवीय गरिमा के खिलाफ अमेरिकी 'कृत्य' निंदनीय

अपनी हरकतों और अजीब फैसलों की वजह से इन दिनों अमेरिका चर्चा में है। ट्रंप और मस्क की जोड़ी अमेरिका को प्राइवेट लिमिटेड कंपनी की तरह हांकना चाहती है। सत्ता संभालते ही ट्रंप संरक्षणवादी फैसले ले रहे हैं। पेरिस जलवायु करार और विश्व सवास्थ्य संगठन से हटने के बाद अमेरिका ने अपनी अंतरराष्ट्रीय सहायता एजेंसी यूएसएड को 90 दिनों के लिए निलंबित कर दिया है तो अवैध प्रवासियों को उनके मानवाधिकार की अनदेखी करते हुए बेड़ियों में जकड़कर विदेश डिपोर्ट करना शुरू किया है। हथकड़ी में विदेश भेजे गए प्रवासियों में दो सौ से अधिक भारतीय भी हैं। हथकड़ी में वापस भेजने के अमेरिकी कृत्य की भारत में काफी आलोचना हो रही है। सरकार को जवाब देना पड़ रहा है। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कहा है कि अवैध प्रवासियों का निर्वासन कोई नई बात नहीं है, पिछली अमेरिकी सरकारों ने भी ऐसा किया है, लेकिन नागरिकों के साथ दुर्व्यवहार कतई स्वीकार्य नहीं है। देश में तीखी आलोचना के बाद यूं तो विदेश मंत्री ने आश्वासन दिया है कि सरकार यह सुनिश्चित करने के लिए अमेरिका के साथ बातचीत कर रही है कि निर्वासित किए जा रहे भारतीयों के साथ किसी भी प्रकार का दुर्व्यवहार न हो। भारत को केवल बयान जारी नहीं करना चाहिए, बल्कि अमेरिकी राजदूत को तलब कर अपना तीखा विरोध जताना चाहिए कि हथकड़ी लगाकर भारतीय नागरिकों को भेजना स्वीकार्य नहीं है। अवैध प्रवासियों की समस्या से समूचा विश्व जूझ रहा है। भारत भी अपनी आजादी के बाद से ही अवैध घुसपैठियों की समस्या से रूबरू होता रहा है। इसके बावजूद भारत ने कभी मानवाधिकार का उल्लंघन नहीं किया। अमेरिका सबसे पुराना लोकतंत्र है और मानवाधिकार की वैश्विक वकालत करता रहा है, कैदियों की गिरफ्तारी भी हथकड़ी में बंद है। ऐसे में अवैध प्रवासियों को हथकड़ी में उसके देश भेजना अमेरिकी मानवाधिकार कानून का ही उल्लंघन है। भारतीय प्रवासियों से अमेरिकी प्रशासन का अनुचित व्यवहार किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाना चाहिए। भारत सरकार को कड़ा स्टैंड लेना चाहिए। अमेरिका ने यूएसएड (यूनाइटेड स्टेट्स एजेंसी फॉर इंटरनेशनल डेवलपमेंट) के जरिये विदेशी मुल्कों को दी जाने वाली सहायता पर भी तीन माह के लिए रोक लगा दी है। इस फैसले से भी भारत प्रभावित होगा। अमेरिका यूएसएड के जरिये सबसे बड़ा वैश्विक मानवीय मददगार है। वह अंतरराष्ट्रीय विकास पर भी दुनिया का सबसे बड़ा खर्च करने वाला देश है। दुनिया भर में अमेरिकी सरकार की ओर से मानवीय सहायता कार्यक्रमों को संचालित करने के लिए तत्कालीन अमेरिकी राष्ट्रपति जॉन एफ़ कैनेडी ने यूएसएड की स्थापना 1961 में की थी। इसमें लगभग 10,000 लोग कार्यरत हैं। इसके 60 से अधिक देशों में आधार हैं। यूएसएड का अधिकांश बजट स्वास्थ्य कार्यक्रमों पर खर्च किया जाता है। इसका सालाना बजट क़रीब 40 अरब डॉलर है, जबकि अमेरिकी सरकार का विदेशों में सहायता पर कुल बजट 68 अरब डॉलर का है। यूएसएड यूक्रेन, इथियोपिया, जॉर्डन, कांगो, सोमालिया, यमन, अफ़ग़ानिस्तान, बांग्लादेश, म्यांमार, नाइजीरिया, दक्षिण सूडान और सीरिया को महत्वपूर्ण सहायता प्रदान करता है। हर वेलफेयर स्टेट का मानवीय चेहरा होता है, अमेरिका का वैश्विक प्रभुत्व बढ़ने के पीछे भी उसकी सहायता एजेंसी का बड़ा हाथ है। यूएसएड को बंद कर देने से कई गरीब देशों के स्वास्थ्य कार्यक्रम पर असर पड़ेगा। अमेरिकी टैरिफ वार से भी गरीब आयातक देशों पर शुल्क की मार पड़ेगी।



विश्लेषण
प्रदीप सरदाना

# बजट से रेल को मिलेगी नई गति

रेल मंत्रालय देश के लिए ब्रिटिश राज से ही बेहद अहम रहा है। ब्रिटिश सरकार में रेल मंत्रालय का बजट पहले आम बजट का हिस्सा था। लेकिन सन 1921 में तत्कालीन 'ईस्ट इंडिया रेलवे कमेटी' के अध्यक्ष विलियम एक्वर्थ ने रेलवे के विकास के लिए, अपने वित्तीय प्रबंध अलग से तैयार करने की सिफ़ारिश की। तत्पश्चात 1924 से भारत में रेल बजट अलग से प्रस्तुत करने की शुरुआत हो गयी। मोदी सरकार में पहले तत्कालीन रेल मंत्री सुरेश प्रभु ने और फिर पीयूष गोयल ने 2016 में अंतिम बार रेल बजट पेश किया। रेल बजट को 92 वर्ष तक अलग पेश करने की परंपरा तब टूटी, जब 2017 में वित्त मंत्री अरुण जेटली ने रेल बजट का आम बजट में विलय कर दिया।

संसद में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण जब 2025-26 का बजट प्रस्तुत कर रही थीं तब यह संभावना तो थी कि यह बजट कुछ अलग होगा, लेकिन यह बजट इतना शानदार और उम्मीदों से भी ऊपर होगा, ऐसी उम्मीद शायद किसी को नहीं थी। इस बजट ने लगभग सभी वर्ग की झोलियां भरी हैं। साथ ही अधिकतर मंत्रालयों को भी इतना कुछ दिया है कि उनकी पुरानी योजनाएं तो अविरल चलती ही रहेंगी। फिर नया कुछ भी इतना होगा जो देश को विकसित भारत बनाने के साथ विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनाने में भी सहायक रहेगा।

इधर रेल मंत्रालय की बात करें तो यह मंत्रालय देश के लिए ब्रिटिश राज से ही बेहद अहम रहा है। ब्रिटिश सरकार में रेल मंत्रालय का बजट पहले आम बजट का हिस्सा था। लेकिन सन 1921 में तत्कालीन 'ईस्ट इंडिया रेलवे कमेटी' के अध्यक्ष विलियम एक्वर्थ ने रेलवे के विकास के लिए, अपने वित्तीय प्रबंध अलग से तैयार करने की सिफ़ारिश की। तत्पश्चात 1924 से भारत में रेल बजट अलग से प्रस्तुत करने की शुरुआत हो गयी। मोदी सरकार में पहले तत्कालीन रेल मंत्री सुरेश प्रभु ने और फिर पीयूष गोयल ने 2016 में अंतिम बार रेल बजट पेश किया। रेल बजट को 92 वर्ष तक अलग पेश करने की परंपरा तब टूटी, जब 2017 में वित्त मंत्री अरुण जेटली ने रेल बजट का आम बजट में विलय कर दिया।

असल में सन 2014 में नरेन्द्र मोदी ने प्रधानमंत्री बनते ही भारतीय रेल का कायापलट करने के लिए जिस तरह का कृत संकल्प लिया,वह अद्भुत था। रेलवे के प्रति उस तरह का भव्य सपना उनसे पूर्व शायद किसी ने नहीं देखा होगा। क्योंकि मोदी सरकार से पहले भारतीय रेल अपनी स्थापना के 160 साल बाद भी अपने अपेक्षित गंतव्य पर नहीं पहुंच सकी। ऐसा नहीं कि पूर्व वर्षों में भारतीय रेल में कुछ विकास नहीं हुआ। कई बड़े काम, बदलाव, सुधार और विकास हुए लेकिन वैश्विक स्तर पर यूरोपीय देशों के साथ जापान और चीन ने रेल परिवहन को जो शिखर दिया,उसके सामने हम बहुत पिछड़े रहे। मिसाल के तौर पर देश में बिजली से चलने वाली पहली रेल ठीक 100 साल पहले 3 फरवरी 1925 को चल गयी थी। लेकिन भारतीय रेल में शत प्रतिशत विद्युतीकरण आज तक नहीं हो सका। मोदी सरकार ने अपने पिछले 10 साल में भारतीय रेल को 95 प्रतिशत विद्युतीकरण कर दिया है। लेकिन इसका शत प्रतिशत कार्य इस नए बजट के माध्यम से आगामी एक वर्ष में ही हो सकेगा। रेलवे का पिछड़ने का कारण इसका कम बजट भी रहा। देश स्वतंत्र होने के बाद सन् 1947-48 के लिए देश के प्रथम रेल मंत्री जॉन मथाई ने जो पहला रेल बजट पेश किया उसमें रेलवे को 14 करोड़ 28 लाख रुपये आवंटित किए गए। उधर मोदी सरकार से पूर्व वर्षों में तो रेलवे का बजट मात्र 20 से 25 हज़ार करोड़ होता था। जबकि इस बरस वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने 2025-26 के लिए रेल मंत्रालय को 2 लाख 52 हज़ार करोड़ रुपये की राशि आवंटित कर भारतीय रेल के भविष्य को और उज्ज्वल करने के मार्ग को 'ग्रीन सिग्नल' दे दिया है। इतने बड़े बजट से भारतीय रेल जल्द ही विश्व रेल परिवहन में अपनी बड़ी उपस्थिती दर्ज कराने के लिए अत्यंत तीव्र गति से बढ़ सकेगी। हालांकि गत वर्ष भी वित्त मंत्रालय ने रेल के लिए इतनी ही धन राशि आवंटित की थी तो इस



बरस समय के साथ यह राशि और बढ़ी क्यों नहीं? इस पर रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव का कहना है कि लगातार इतनी बड़ी राशि मिलना भी बड़ी बात है। रेल मंत्री वैष्णव इस बजट को लेकर यह भी कहते हैं-'यह एक ड्रीम बजट है। इसमें भविष्य की प्रगति की आधारशिला है तो आज की आवश्यकताओं के लिए राहत भी। इसे रेलवे के आधुनिकीकरण और डिजिटल व्यवस्था को बढ़ोतरी के साथ,रेलवे सुरक्षा के लिए भी काम सुगमता से हो सकेंगे। फिर नयी रेल गाड़ियां चलाने के साथ बुलेट ट्रेन को जल्द पटरी पर चलाने का काम भी।' इधर इस बरस रेल को 2 लाख 52 हज़ार रुपये की राशि तो बजट से आवंटित हुई है, साथ ही 10 हज़ार करोड़ रुपये अतिरिक्त संसाधनों से जुटाने का प्रावधान भी है। इससे यह बजटीय राशि बढ़कर 2 लाख 62 हज़ार करोड़ हो जाएगी। फिर भारतीय रेल अपने आंतरिक संसाधनों से भी 3 हज़ार करोड़ रुपये और भी एकत्र कर सकेगी। देश में आधुनिक वंदे भारत रेल गाड़ियां चलने से रेल परिवहन एक नए युग में पहुंच गया है। अभी 136 वंदे भारत देशभर में चल रही हैं लेकिन इस बजट के बाद देश में 200 और वंदे भारत चलाने की योजना सफल हो सकेगी। पुराने रिकॉर्ड को देखते हुए संभावना है कि आगामी वर्ष में ही करीब 75 और वंदे भारत शुरू हो जाएंगी। इसी के साथ रेल मंत्रालय 100 'अमृत भारत' रेल चलाने की योजना को साकार रूप देने में जुट गया है। देश में अभी दो 'अमृत भारत' चल रही हैं। 'अमृत भारत' निम्न आयवर्ग और श्रमिकों के लिए किसी वरदान से कम नहीं। इन गैरवातानुकूलित गाड़ियों में भी वे लगभग तमाम सुविधाएं हैं जो वंदेभारत जैसी आधुनिक रेल में हैं। इनका किराया एक हज़ार किमी का सिर्फ 450 रुपये है, जिससे लंबी दूरी की यात्रा के लिए यह आदर्श रेल है। इधर अब 200-250 किमी की कम दूरी की यात्रा के लिए भी 50 नमो भारत रैपिड ट्रेन भी जल्द शुरू हो सकेंगी। पहली नमो भारत रेपिड रेल अहमदाबाद और भुज के बीच 17 सितंबर 2024 को आरंभ हुई थी। इस सबसे भारतीय रेल को 17 हज़ार 500 नए सामान्य कोच और मिल सकेंगे। इस बजट में 4 लाख 60 हज़ार करोड़ रुपये नयी परियोजनाओं के लिए ही हैं। इससे अब देश में जहां 1300 नए आधुनिक रेलवे स्टेशन बनकर शुरू होने लगेंगे, वहीं एक हज़ार नए फ्लाईओवर्स और अंडरपास भी बनेंगे। वहीं अब 7500 किमी के पुराने ट्रैक बदलने और नए ट्रैक बनने का बड़ा काम भी होने जा रहा है। इस बजट में जो एक बड़ा काम और हो सकेगा, वह है रेलवे वर्कशॉप के आधुनिकीकरण का। इसके लिए 25 हज़ार करोड़ रुपये का विशेष प्रावधान है।

वर्कशॉप के नवीनीकरण से भी भारतीय रेल को निश्चय ही एक नयी चमक मिलेगी। उधर रेल यात्रा की सुरक्षाओं को लेकर भी इस बजट में विशेष राशि है। जिससे सुरक्षा की कवच प्रणाली पर तेजी से काम शुरू हो सकेगा। अब 10 हज़ार नए कवच लगाने का प्रावधान है। रेल सुरक्षा के लिए इस बजट में एक लाख 16 हज़ार करोड़ रुपये हैं। कवच जल्द लग सकें, इसके लिए रेल ट्रैक के साथ बोगियों में भी बदलाव की जरूरत होती है, साथ ही प्रशिक्षित व्यक्तियों की भी। अब जहां रेल मंत्रालय ने 12 हज़ार व्यक्तियों को प्रशिक्षित किया है, वहां पहले एक कवच को स्थापित करने में 23 दिन लगते थे। अब वही कवच मात्र 26 घंटे में लगाया जा सकेगा। इन सभी योजनाओं के अतिरिक्त देश दुनिया की नज़र हमारे बुलेट ट्रेन के प्रोजेक्ट पर भी लगी है। मुंबई से अहमदाबाद मार्ग की देश की पहली बुलेट ट्रेन परियोजना का काम जापान के सहयोग से बहुत तेजी से चल रहा है। देश में हवा से बातें करती बुलेट ट्रेन को शुरू करना प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का भी पुराना स्वप्न है। ये नयी परियोजनाएं और बुलेट ट्रेन भारतीय रेल जगत को विश्व में एक नए शिखर पर ले जाएंगी।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया edit@haribhoomi.com पर दे सकते हैं।

सियासत
सुरेश हिंदुस्तानी



# दिल्ली चुनाव परिणाम के पूर्वानुमान पर अभी संशय

दिल्ली में विधानसभा चुनाव के लिए बुधवार को मतदान संपन्न हो गया। मतदान बाद किए गए सर्वेक्षण में हालांकि यह साफ नहीं हो रहा कि दिल्ली राज्य में अबकी बार किसकी सरकार बनेगी। असमंजस की स्थिति के बीच अधिकतर सर्वे भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनाने का दावा करते दिखाई दे रहे हैं। वहीं, मात्र दो सर्वे ने दिल्ली में फिर से आम आदमी पार्टी की सरकार बनाने का दावा किया है। सर्वे को सही माना जाए तो एक बात स्पष्ट परिलक्षित हो रही है कि आम आदमी पार्टी के प्रति इस बार पहले जैसा जनता का समर्थन नहीं है। इसका आशय यही है कि आम आदमी पार्टी पहले से बहुत कमजोर हुई है। पहले के चुनावों में आम आदमी पार्टी को छप्पर फाड़ समर्थन मिला था। हालांकि इसके पीछे का कारण यह भी माना जाता है कि उन चुनावों में अरविन्द केजरीवाल की आम आदमी पार्टी को कांग्रेस सहित अन्य भाजपा विरोधी राजनीतिक दलों का अंदरूनी समर्थन मिला था। इसी कारण दोनों चुनावों में कांग्रेस को बहुत भारी नुकसान उठाना पड़ा। चुनाव में मतदान के बाद किए गए सर्वेक्षण का राजनीतिक अध्ययन किया जाए तो यह स्वाभाविक तौर पर कहा जा सकता है कि इस बार दिल्ली विधानसभा चुनाव को कांग्रेस ने भी गंभीरता से लिया। इस कारण भाजपा विरोधी पूरा वोट केजरीवाल की पार्टी को नहीं मिला। इसलिए कहा जा सकता है कि अरविन्द केजरीवाल का नुकसान कांग्रेस ने किया। दूसरी सबसे बड़ी बात यह भी कही जा सकती है कि दिल्ली विधानसभा चुनाव में भाजपा विरोधी गठबंधन बिखरे हुए कुनबे की तरह दिखाई दिया। लोकसभा चुनाव के समय इंडी गठबंधन में शामिल राजनीतिक दलों के नेता जनता के सामने यह कसम खाते थे कि गठबंधन के दल भाजपा के विरोध में एक रहेंगे, लेकिन दिल्ली में अरविन्द केजरीवाल ने विपक्ष के अन्य दलों को ठेंगा दिखाते हुए अकेले चुनाव लड़ने की तैयारी कर ली थी, लिहाजा कांग्रेस को भी खुलकर मैदान में आना पड़ा।

कांग्रेस शायद यही चाहती थी कि केजरीवाल की पार्टी कमजोर होगी तो उसे मजबूरी में गठबंधन का हिस्सा बनना ही पड़ेगा। एक प्रकार से कहा जाए तो दिल्ली विधानसभा का चुनाव कांग्रेस के लिए भले ही राजनीतिक दृष्टि से लाभकारी न हो, लेकिन वह दिल्ली में अपना राजनीतिक खेल खेलना चाहती थी, यही खेल उसने खेला, क्योंकि कांग्रेस क्षेत्रीय राजनीतिक दलों के बढ़ते प्रभाव के कारण ही कमजोर हुई है। कुछ राज्यों में कांग्रेस की स्थिति कमोवेश ऐसी ही है कि वह चुनाव भले ही न जीत पाए, लेकिन भाजपा विरोधी अन्य दलों को कमजोर कर सकती है। ऐसा लगता है कि दिल्ली में कांग्रेस ने इसी नीति पर काम किया, जिसमें वह सफल होती दिख रही है। अब दिल्ली विधानसभा चुनाव के फैक्टर के बारे में बात की जाए तो यह पूरी तरह से ध्यान में आता है कि बिना मुफ्त की योजना के विधानसभा का चुनाव नहीं जीता जा सकता है। अरविन्द केजरीवाल तो पहले से ही अपना पिटारा खोले बैठे थे, लेकिन इस बार के चुनाव में भाजपा और कांग्रेस भी पीछे नहीं रही। भाजपा और कांग्रेस ने भी आम आदमी पार्टी की नीति पर चलते हुए मुफ्त की योजनाओं की झड़ी लगा दी। कांग्रेस और भाजपा समझ चुकी थी कि अरविन्द केजरीवाल की आम आदमी पार्टी को सत्ता से बाहर का रास्ता दिखाना है तो मुफ्त की योजना का वादा करना ही होगा। उल्लेखनीय है कि दिल्ली में कई स्थानों पर झुग्गी-झोपड़ी बनाकर रहने वाले परिवार केवल उन्हीं को अपना वोट देते हैं जो उन्हें मुफ्त में दे सके। इनका वोट अभी तक आम आदमी पार्टी को ही मिलता था, लेकिन इस बार कांग्रेस और भाजपा ने भी इन मतदाताओं को रिझाने का काम किया। केजरीवाल इन्हीं मतों के कारण कमजोर होते दिखाई दे रहे हैं। जहां तक मतदान बाद के सर्वेक्षण की बात है तो इसे अंतिम नहीं माना जा सकता, क्योंकि हमने देखा है कि कई बार सर्वेक्षण गलत साबित हुए हैं। इसलिए दिल्ली राज्य की सत्ता कौन संभालेगा और कौन पराजित होगा, यह विश्वास के साथ नहीं कहा जा सकता, लेकिन फिर भी यह तो कहा ही जा सकता है कि दिल्ली इस बार वैसी बहुमत की सरकार बनाने की दिशा में कदम बढ़ाती नहीं दिख रही, जैसी पिछले दो विधानसभा चुनावों में हुआ। अगर केजरीवाल की पार्टी ही सत्ता में वापसी करती है तो उसे यहां तक पहुंचने के लिए अब पहले जैसी स्थिति नहीं बनेगी। मतदान बाद के सर्वेक्षण जो दावा कर रहे हैं, अगर वे परिणाम में बदलते हैं तो स्वाभाविक ही है कि दिल्ली में भाजपा की सरकार बनने जा रही है। खैर, फिलहाल तो शनिवार की प्रतीक्षा करनी होगी।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

## सत्य में ऐसी शक्ति जो आपको सौ झूठ से बचाए



संकलित
दर्शन

संसार में सत्य को सबसे सुंदर कहा गया है। हमारे शास्त्र भी कहते हैं कि सत्य के लिए किसी से भी संघर्ष करने के लिए स्वयं को सदैव तत्पर रखना चाहिए। एक सत्य ही तो है, जो मनुष्य को सौ झूठ बोलने से बचा लेता है। सत्य की ऐसी महत्ता-महिमा होते हुए भी संप्रति संसार में असत्य का बोलबाला बढ़ा है। हालांकि, असत्य का आश्रय लेने वालों को सदैव यह स्मरण रखना चाहिए कि अंत में विजय सत्य के खेमे का ही वरण करती है। वास्तव में जहां सत्य है, वहीं धर्म है और जहां धर्म वहीं विजय है। यदि हमारी जीवन रूपी इमारत सत्य रूपी नींव पर खड़ी होगी तभी हम उसे निरंतर ऊंचाई प्रदान करते हुए उसकी प्रकृति को संरक्षित रख पाएंगे। सत्य के महत्व पर बुद्ध ने कहा कि सत्य को छोड़कर जो असत्य बोलता है, धर्म का उल्लंघन करता है, परलोक की जिसे चिंता नहीं है, वह व्यक्ति बड़े से बड़ा पाप कर सकता है। इसलिए असत्य का परित्याग ही श्रेयस्कर है। मनीषी कहते हैं कि 'मनसा वाचा कर्मणा' यानी मन, वचन और कर्म से सत्य बोलना चाहिए। जो विचार मन में हों वही वाणी में भी होने चाहिए और उसी के अनुरूप ही मनुष्य का व्यवहार भी होना चाहिए। इसमें कोई संदेह नहीं कि मन, वचन और कर्म से अलग रहने वाले पूर्णरूपेण सत्य का आचरण नहीं कर सकते।गांधी जी जैसे महामानव सत्य को निरपेक्ष सत्य के रूप में ग्रहण करते हैं। सत्य को ईश्वर का पर्यायवाची बताते हैं। उसे अपनी नीति का अहम अवयव मानते हैं। इसी सत्य के प्रति निष्ठावान हैं।

## अहंकार का त्याग ही तपस्या का मूलमंत्र



संकलित
प्रेरणा

एक साधु व एक डाकू एक ही दिन मरकर यमलोक पहुंचे धर्मराज उनके कर्मों का लेखा-जोखा खोलकर बैठे थे और उसके हिसाब से उनकी गति का हिसाब करने लगे। धर्मराज ने दोनों से कहा: मैं अवसर देता हूं, कह सकते हो। डाकू अत्यंत विनम्र शब्दों में बोला महाराज: मैंने जीवन भर पापकर्म किए जिसने केवल पाप ही किया हो वह क्या आशा रखे आप जो दंड दें, मुझे स्वीकार है। डाकू के चुप होते ही साधु बोला महाराज: मैंने आजीवन तपस्या और भक्ति की है मैं कभी असत्य के मार्ग पर नहीं चला। धर्मराज ने दोनों की बात सुनी फिर डाकू से कहा: तुम्हें दंड दिया जाता है कि तुम आज से इस साधु की सेवा करो डाकू ने सिर झुकाकर आज्ञा स्वीकार कर ली। यमराज की यह आज्ञा सुनकर साधु ने आपत्ति जताते हुए कहा: महाराज! इस पापी के स्पर्श से मैं अपवित्र हो जाऊंगा मेरी तपस्या तथा भक्ति का पुण्य निरर्थक हो जाएगा मेरे पुण्य कर्मों का उचित सम्मान नहीं हो रहा है। धर्मराज को साधु की बात पर बड़ा क्षोभ हुआ वह क्षुब्ध होकर बोले: निरपराध व्यक्तियों को लूटने और हत्या करने वाला डाकू मर कर इतना विनम्र हो गया कि तुम्हारी सेवा करने को तैयार है। तुम वर्षों के तप के बाद भी अहंकार ग्रस्त ही रहे यह नहीं जान सके कि सब में एक ही आत्मतत्व समाया हुआ है तुम्हारी तपस्या अधूरी और निष्फल रही अतः आज से तुम इस डाकू की सेवा करो, और तप को पूर्ण करो।

## सटाका




## आज की पाती

### किताबों-अखबारों को बनाइए अपना साथी

युवा लोगों में इंटरनेट के बढ़ते इस्तेमाल की वज़ह से किताबों में दिलचस्पी कम होती जा रही है। फेसबुक, इंस्टाग्राम, व्हाट्सएप और दूसरे सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म की वज़ह से युवा भारतीयों की पढ़ने की आदत में तेजी से बदलाव आ रहा है। स्मार्टफोन और लगभग मुफ्त इंटरनेट सेवाओं के प्रसार ने आदत बदलने की इस प्रक्रिया को और तेज कर दिया है। इंस्टेंट मैगी युवा पीढ़ी का हिस्सा है। नतीजतन वे अपने जीवन को मैनेज करने के लिए गूगल का इस्तेमाल करते हैं। मेहनत, धैर्य और लगन से काम करके पुरानी पीढ़ी, जो कभी किताबें पढ़ती थी, अपने जीवन को मकसद देती थी। किताबें समस्या समाधान के लिए बहुत ज़रूरी थीं। बहरहाल, किताबों-अखबारों को साथी बनाने की जरूरत है, इससे नजरिया बदल जाएगा। *- संतोष साहू, दुर्ग*

## ट्रेंड

### बिपिन रावत को श्रद्धांजलि



उत्तराखण्ड के यमकेश्वर, पौड़ी गढ़वाल में आज देश के प्रथम सीडीएस 'पद्म विभूषण' जनरल बिपिन रावत की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। राष्ट्र के प्रति उनकी सेवा अविस्मरणीय है, उनके साहस एवं शौर्य को नमन!
-योगी आदित्यनाथ, सीएम, उप्र

### अपने विमान क्यों नहीं भेजे



मोदी सरकार को निर्वासन पर एक विस्तृत बयान देना चाहिए और यह भी बताना चाहिए कि हमने अपनी धरती पर एक सैन्य विमान उतारने के बजाय भारतीयों को गरिमा और सम्मान के साथ वापस लाने के लिए अपने विमान क्यों नहीं भेजे।
-मल्लिकार्जुन खड़गे, कांग्रेस अध्यक्ष

### शिक्षा प्रणाली में बदलाव



यह जरूरी है कि हमारी शिक्षा प्रणाली दुनिया में हो रहे बदलाव के अनुरूप ढले और युवा भारतीयों को आगे बढ़ने और हमारे देश को आगे ले जाने के लिए आवश्यक कौशल और ज्ञान से लैस करे।
-राहुल गांधी, कांग्रेस सांसद

### एआई का स्वागत



एआई वास्तव में एक लोकतांत्रिक तकनीक है, जो उन लोगों का समर्थन करती है जो उस गति से परिवर्तन को संभालने के इच्छुक हैं जो अधिकांश के लिए अराजकता है। हमारे लिए रचनात्मकता अराजकता से पैदा होती है, हम इसका स्वागत करते हैं।
-शेखर कपूर, फिल्मकार

## करंट अफेयर

# किसी भी तरह के जातीय सफाए से बचना जरूरी

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के गाजा पट्टी पर 'स्वामित्व' स्थापित करने का प्रस्ताव देने के एक दिन बाद संयुक्त राष्ट्र (संरा) महासचिव एंटोनियो गुतारेस ने बुधवार को कहा कि किसी भी तरह के जातीय सफाये से बचना जरूरी है। गुतारेस ने इसी के साथ इजराइल-फलस्तीन संघर्ष के दो-राष्ट्र समाधान की एक बार फिर वकालत की। जातीय सफाये का मतलब किसी शक्तिशाली पक्ष की ओर से किसी जातीय समूह को उसकी भूमि से जबरन हटाने और कभी-कभी उसकी जगह किसी अन्य जनसांख्यिकीय समूह को वहां बसाने से है। उन्होंने कहा, समाधान की तलाश में हमें समस्या को और विकराल नहीं बनाना चाहिए। अंतरराष्ट्रीय कानून की आधारशिला के प्रति समर्पित रहना महत्वपूर्ण है। किसी भी तरह के जातीय सफाये से बचना जरूरी है। गुतारेस ने फलस्तीनी लोगों के अपरिहार्य अधिकारों के इस्तेमाल पर समिति के समक्ष अपनी टिप्पणी में दोहराया कि संयुक्त राष्ट्र इजराइल-फलस्तीन संघर्ष के दो-राष्ट्र समाधान का समर्थन करता है। उन्होंने कहा, 'किसी भी टिकाऊ शांति के लिए दो-राष्ट्र समाधान की दिशा में ठोस, अपरिवर्तनीय एवं स्थायी प्रगति के अलावा कब्जे की समाप्ति और एक ऐसे स्वतंत्र फलस्तीनी राज्य की स्थापना की आवश्यकता होगी, जिसका गाजा एक अभिन्न हिस्सा हो।'



## ऑफ बीट

# बुध ग्रह अभी भी सिकुड़ता जा रहा

ग्रह वैज्ञानिक लंबे समय से जानते हैं कि बुध अरबों वर्षों से सिकुड़ रहा है। सूर्य के सबसे निकट ग्रह होने के बावजूद, आंतरिक गर्मी निकल जाने के कारण इसका आंतरिक भाग ठंडा होता जा रहा है। इसका मतलब यह है कि जिस चट्टान (और, उसके भीतर, धातु) से यह बना है, उसका आयतन थोड़ा सिकुड़ता जा रहा है। हालाँकि, यह अज्ञात है कि ग्रह आज भी किस हद तक सिकुड़ रहा है - और, यदि यह वाकई सिकुड़ रहा है, तो यह भी कोई नहीं जानता कि यह प्रक्रिया कितने समय तक जारी रहने की संभावना है। चूँकि बुध का आंतरिक भाग सिकुड़ रहा है, इसकी सतह (परत) के पास ढकने के लिए उत्तरोत्तर कम क्षेत्र रह गया है। यह 'दबाव थ्रस्ट' विकसित करके इसका जवाब देता है - जहां क्षेत्र का एक भाग निकटवर्ती इलाके पर धकेल दिया जाता है। यह सेब के पुराने होने पर उस पर पड़ने वाली झुर्रियों की तरह है, फर्क सिर्फ इतना है कि एक सेब इसलिए सिकुड़ जाता है क्योंकि वह सूख रहा है जबकि बुध अपने आंतरिक भाग के तापीय संकुचन के कारण सिकुड़ रहा है। बुध के सिकुड़ने का पहला सबूत 1974 में सामने आया जब मेरिनर 10 मिशन ने सैकड़ों किलोमीटर तक अपना रास्ता बना चुकी कई किलोमीटर ऊंची स्कार्पियों (रैंप जैसी ढलानों) की तस्वीरें प्रसारित कीं।



हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
66/1 इंडस्ट्रियल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मप्र)
पिन कोड-482002
ई-मेल : edit@haribhoomi.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com

# ‘सनातन धर्म में जन्म लेने के गौरव की अनुभूति हो रही’

**पाकिस्तान से पहली बार महाकुंभ आए लोग हुए भावुक**

एजेंसी ▶▶| प्रयागराज

भारत-पाकिस्तान के संबंध आमतौर पर तनावपूर्ण ही रहते हैं। लेकिन, इस सबके बीच पाकिस्तान से पहली बार 50 लोग महाकुंभ आए हैं। सोशल मीडिया पर महाकुंभ की दिव्यता के बारे में देख-सुनकर पाकिस्तान के सिंध प्रांत के हिंदू श्रद्धालु खुद को यहां आने से रोक न सके। गुरुवार को सिंध से 68 हिंदू श्रद्धालुओं का एक जत्था प्रयागराज पहुंचा। मेला क्षेत्र के सेक्टर-9 में स्थित श्रीगुरुकार्ष्णि के शिविर में ‘बातचीत में सिंध से आए गोबिंद राम माखीजा ने बताया, ‘हमने जब से महाकुंभ मेले के बारे में सुना है, तब से हमारी इच्छा थी कि हम यहां आएं। हम खुद को यहां आने से रोक नहीं सके।’

**पड़ोसी देश के सिंध प्रांत से 50 से ज्यादा श्रद्धालु आए हैं भारत**

मखीजा ने कहा, ‘पिछले साल अप्रैल माह में 250 लोग पाकिस्तान से प्रयागराज आए थे और गंगा में डुबकी लगाई थी। इस बार सिंध के छह जिलों-गोटकी, सक्कर, खैरपुर, शिकारपुर, कर्जकोट और जटाबाल से 68 लोग प्रयागराज पहुंचे हैं, जिनमें करीब 50 लोग पहली बार महाकुंभ में आए हैं।’ गोबिंद माखीजा ने आगे कहा, ‘यहां अजब आनंद आ रहा है, बेहद खुशी हो रही है, यहां का अनुभव बयां करने के लिए मेरे पास शब्द नहीं हैं। यहां आने पर हमें सनातन धर्म में जन्म लेने के गौरव की अनुभूति हो रही है।’



**‘सिंध में हिंदुओं के साथ बहुत भेदभाव नहीं’**

सिंध प्रांत के गोटकी से आई 11वीं कक्षा की छात्रा सुरभि ने बताया कि वह पहली बार भारत आई है। उसने कहा, ‘यहां पहली बार हमें अपने धर्म को गहराई से देखने-जानने का मौका मिल रहा है। बहुत अच्छा लग रहा है।’ वहीं, सिंध से आई प्रियंका ने कहा, ‘मैं पहली बार भारत और इस महाकुंभ में आई हूं। यहां अपनी संस्कृति को देखकर बहुत दिव्य अनुभव हो रहा है। मैं गृहिणी हूं और भारत आना मेरा सबसे बड़ा सौभाग्य है। हम पैदा ही वहां हुए और मुस्लिमों के बीच ही रहे। सिंध प्रांत में हिंदुओं के साथ बहुत भेदभाव नहीं है, जैसा कि मीडिया दिखाती है। लेकिन अपनी संस्कृति को जानने का मौका हमें यहां आकर मिल रहा है।’

**कुछ इलाकों में हिंदुओं के लिए थोड़ी मुश्किलें**

भारत में नागरिकता संशोधन कानून (सीएए) को लेकर अपने विचार प्रकट करते हुए सक्कर जिले से आए निरंजन चावला ने कहा, ‘सिंध में ऐसा माहौल नहीं है कि लोग भारतीय नागरिकता के लिए आवेदन करें। लेकिन कुछ इलाकों में हिंदुओं के लिए थोड़ी मुश्किलें हैं।’ चावला ने आगे कहा, ‘मैं भारत सरकार से निवेदन करना चाहूंगा कि वीजा जारी करने की प्रक्रिया थोड़ी आसान की जाए। अभी वीजा मिलने में 6 महीने लग जाते हैं। हालांकि, यहां आए जत्थे को सरलता से वीजा दिया गया, जिसके लिए हम भारत सरकार को धन्यवाद देते हैं।’ चावला ने बताया, ‘ कुंभ के बाद हम हरिद्वार की यात्रा करेंगे। हमारे जत्थे में लोग छह अस्थि कलश लेकर आए हैं, जिन्हें वे हरिद्वार में विसर्जित करेंगे।

## खबर संक्षेप

### मिल्कीपुर उपचुनाव अखिलेश ने लगाया धांधली का आरोप

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी (सपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने उत्तर प्रदेश की भाजपा सरकार पर



मिल्कीपुर विधानसभा उपचुनाव में बड़े पैमाने पर धांधली और बेईमानी करने का आरोप लगाया है। उन्होंने यहां पार्टी द्वारा जारी एक बयान में कहा,’मिल्कीपुर विधानसभा उपचुनाव में भाजपा सरकार के इशारे पर बड़े पैमाने ष पर धांधली, बेईमानी हुई। सपा ने निर्वाचन आयोग से धांधली, फर्जी मतदान, मतदान केंद्र एजेंटों को धमकी देने, उन्हें मतदान केंद्रों से भगा देने की करीब 500 शिकायतें कीं, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई।’ यादव ने कहा कि आयोग को जो काम करना चाहिए, वो वह नहीं कर रहा है।

### सैफ हमलावर : स्टाफ मेंबर ने की पहचान कन्फर्म

**मुंबई।** सैफ अली खान पर हमले के मामले में उनके दो महिला स्टाफ मेंबर्स ने आरोपी शरीफुल इस्लाम की पहचान कन्फर्म कर दी है। शरीफुल इस्लाम को सैफ पर हुए



हमले के 3 दिन बाद मुंबई से गिरफ्तार किया गया था। सैफ अली खान पर हुए हमले के समय बच्चों के कमरे में ही मौजूद रहीं अरियाना फिलिप और जूनु को हाल ही में मुंबई की आर्थर रोड जेल में बुलाया गया था। यहां आरोपी शरीफुल इस्लाम की आइडेंटिफिकेशन परेड हुई, जिस दौरान दोनों ने उसकी पहचान कन्फर्म कर दी है। खबरें थीं कि घटना की रात सीसीटीवी में दिख रहा शख्स और गिरफ्तार हुए शख्स का चेहरा अलग है। हालांकि कुछ समय पहले ही शरीफुल इस्लाम का फेस रिकग्निशन टेस्ट पॉजिटिव आया है। सैफ के अपार्टमेंट के सीसीटीवी फुटेज में जो आरोपी का चेहरा कैद हुआ था,

# सुप्रीम कोर्ट की बड़ी टिप्पणी, शव के साथ यौन संबंध अपराध नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट के जस्टिस सुधांशु धूलिया और जस्टिस अहसानुद्दीन अमानुल्लाह की बेंच कर्नाटक हाई कोर्ट के आदेश के खिलाफ दायर याचिका पर सुनवाई कर रही थी। इस मामले में कर्नाटक सरकार की ओर से एडिशनल एडवोकेट जनरल अमन पंवार ने तर्क दिया कि आईपीसी की धारा 375(सी) में ‘शरीर’ शब्द को मृत शरीर भी शामिल माना जाना चाहिए।

- **आईपीसी की धारा 375 केवल जीवित व्यक्तियों पर लागू होती है**

उन्होंने यह भी बताया कि रेप की परिभाषा के तहत प्रावधान में कहा गया है कि यदि कोई महिला सहमति नहीं दे सकती है तो इसे बलात्कार माना जाएगा। इसी तर्क के आधार पर मृत शरीर भी सहमति नहीं दे सकता, इसलिए यह अपराध लात्कार की श्रेणी में आना चाहिए।

*सुप्रीम कोर्ट ने हत्या के बाद शव के साथ यौन संबंध के एक मामले में कर्नाटक हाईकोर्ट के आदेश को बरकरार रखा है। हाई कोर्ट ने शख्स को रेप के आरोप से बरी कर दिया था, लेकिन हत्या की सजा कायम रही। इस मामले में सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि भारतीय दंड संहिता में नेक्रोफिलिया यानी शव के साथ कामुकता को अपराध नहीं माना गया है।*

### कर्नाटक हाई कोर्ट ने क्या कहा था?

कर्नाटक हाई कोर्ट ने स्पष्ट किया था कि मृत शरीर के साथ यौन संबंध को बलात्कार नहीं माना जा सकता, क्योंकि आईपीसी की धारा 375 और 377 केवल जीवित मनुष्यों पर लागू होती है। धारा 375 और 377 का गहराई से अध्ययन करने पर यह स्पष्ट होता है कि मृत शरीर को ‘व्यक्ति’ या ‘मानव’ नहीं माना जा सकता।

### सुप्रीम कोर्ट ने नेक्रोफिलिया को अपराध नहीं माना

- **कर्नाटक हाईकोर्ट ने रेप के आरोप से किया था बरी आदेश के खिलाफ याचिका**



**क्या है पूरा मामला**

कर्नाटक के 21 साल के युवक ने एक महिला की पहले हत्या की और फिर उसके मृत शरीर के साथ शारीरिक संबंध बनाए। उस आरोपी पर ट्रायल कोर्ट ने आईपीसी की धारा 302 के तहत हत्या और आईपीसी की धारा 375 के तहत बलात्कार के गंभीर आरोप लगाए थे।

### दुश्मनी निकालने मत करिए दहेज कानून का इस्तेमाल

सुप्रीम कोर्ट ने हाल ही में एक मामले की सुनवाई के दौरान दहेज के खिलाफ बने कानूनों के दुरुपयोग को लेकर चिंता जताई है। इस दौरान सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि इस कानून के दुरुपयोग को रोकने के लिए दहेज उत्पीड़न के मामलों पर सतर्कता बरतने की जरूरत है। सुप्रीम कोर्ट ने निजी दुश्मनी निकालने या गलत इरादे से दहेज कानूनों के इस्तेमाल को लेकर कड़ी चेतावनी दी है। इस मामले की सुनवाई करते हुए कोर्ट ने एक शख्स पर पत्नी द्वारा दायर आरोपों को रद्द करने का भी आदेश दिया है। सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई के दौरान जस्टिस विक्रम नाथ और संदीप मेहता की पीठ ने शख्स के खिलाफ लगे आरोपों को खारिज कर दिया। बता दें कि शख्स की पत्नी ने उसके और उसके माता-पिता के खिलाफ आईपीसी की धारा 498-ए, 504, 506 और दहेज निषेध अधिनियम, के तहत मामले दर्ज कराए गए थे।

**सांसद संजय सिंह का बड़ा आरोप- ‘आप’ को तोड़ने की कोशिश कर रही भाजपा**

# हमारे विधायकों को आया 15-15 करोड़ का ऑफर

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

दिल्ली में विधानसभा चुनाव में मतदान के एक दिन बाद आम आदमी पार्टी के राज्यसभा सांसद संजय सिंह ने आपके 7 विधायकों के फोन कर उन्हें 15 करोड़ रुपये का ऑफर देने का आरोप लगाया है। आप नेता ने दावा किया कि बीजेपी ने दिल्ली में अपना ऑपरेशन लोटस शुरू कर दिया है। उन्होंने कहा कि आने वाले वक्त में हम नाम और सबूत भी साझा करेंगे। संजय सिंह ने कहा, ‘सात विधायकों (आपके) को भाजपा से फोन आए हैं, जिन्होंने उन्हें आम आदमी पार्टी छोड़ने और भाजपा में शामिल होने के लिए 15



करोड़ रुपये देने की पेशकश की है। हमने विधायकों से ऐसी ऑडियो कॉल रिकॉर्ड करने और इसके बारे में शिकायत करने के लिए कहा है। अगर कोई उनसे मिले तो छुपे कैमरे से उसका वीडियो बना ले... बीजेपी ने वोटों की गिनती से पहले ही अपनी हार स्वीकार कर ली है और देश के बाकी हिस्सों की तरह दिल्ली में भी बीजेपी ने पार्टियां तोड़ने की राजनीति शुरू कर दी है।’

***कल आएंगे नतीजे :** आपको बता दें कि दिल्ली की सभी 70 विधानसभा सीटों पर बुधवार 5 फरवरी को एक चरण में वोटिंग हुई। चुनाव आयोग के मुताबिक दिल्ली में 60 फीसदी से ज्यादा वोटिंग हुई। चुनाव के नतीजे 8 फरवरी को आएंगे। वहीं, चुनाव के बाद जारी हुए कई एग्जिट पोल्स ने दिल्ली में बीजेपी को बड़ी बढ़त मिलने का अनुमान जताया है।*

## जीपी सिंह के खिलाफ एफआईआर-नोटिस रद्द

- **कोर्ट ने दुर्भावना से की गई कार्रवाई माना**



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बिलासपुर

हाईकोर्ट की डिवीजन बेंच ने आईपीएस अधिकारी जीपी सिंह के खिलाफ एफआईआर के आधार पर हेड इन्वेस्टिगेटिंग यूनिट, नई दिल्ली द्वारा दर्ज की गई इसीआईआर को अपास्त करते हुए दोनों नोटिसों को भी रद्द कर दिया है। यह निर्णय उस वक्त आया जब कोर्ट ने पहले ही आय से अधिक संपत्ति के आरोपों में जीपी सिंह के खिलाफ दायर मामले को रद्द कर दिया था। कोर्ट ने शिकायत और नोटिस को दुर्भावना से की गई कार्रवाई माना है। चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा और जस्टिस रविंद्र अग्रवाल की बेंच में जीपी सिंह की पत्नी मनप्रीत कौर ने अपने तर्क पेश किए। मनप्रीत कौर, जो एमएससी लाइफ साइंस और पीएचडी की डिग्री धारक हैं, विभिन्न प्राइवेट कॉलेजों में गेस्ट लेक्चरर के तौर पर कार्यरत थीं। उनके अनुसार, शादी से पहले उन्होंने ट्यूशन और नौकरी के जरिए पैसे बचाए थे और शादी के बाद एजुकेशनल कंसलटेंट के रूप में कार्य करते हुए पर्सनैलिटी डेवलपमेंट क्लासेस भी शुरू की थीं। कोर्ट ने यह माना कि जीपी सिंह के खिलाफ की गई कार्रवाई दुर्भावना से प्रेरित थी। पूर्व में एंटी करप्शन ब्यूरो द्वारा दर्ज ऐसे अधिक संपत्ति के मामले को भी हाईकोर्ट ने रद्द कर दिया था। इस निर्णय के आधार पर एफआईआर और नोटिसों को रद्द कर दिया गया। इस मामले में जीपी सिंह की ओर से एडवोकेट हिमांशु पाण्डेय ने अपनी दलीलें प्रस्तुत कीं।

**प्रधानमंत्री ने साधा जमकर निशाना**

**राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर राज्यसभा में हुई चर्चा**

# ‘हमारा मूलमंत्र सबका विकास कांग्रेस का मूलमंत्र ‘परिवार प्रथम’

### आपातकाल में देवानंद, किशोर कुमार पर ‘ज्यादतियों’ का किया जिक्र

*प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर राज्यसभा में हुई चर्चा का जवाब दिया। प्रधानमंत्री मोदी ने बृहस्पतिवार को कहा कि ‘सबका साथ, सबका विकास’ उनकी सरकार का मूलमंत्र रहा है जबकि कांग्रेस का मूलमंत्र ‘परिवार प्रथम’ रहा है।*

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

राज्यसभा में बोलते हुए पीएम मोदी ने कहा, ‘कांग्रेस से ‘सबका साथ, सबका विकास’ की उम्मीद करना बहुत बड़ी गलती होगी। यह उनकी सोच से परे है और यह उनके रोडमैप के अनुकूल भी नहीं है क्योंकि पूरी पार्टी केवल एक परिवार के लिए समर्पित है।’

पीएम मोदी ने कांग्रेस की पूर्ववर्ती सरकार पर हमला बोलते हुए कहा, ‘नेहरू जी प्रधानमंत्री थे, पहली सरकार थी और मुंबई में मजदूरों की एक हड़ताल हुई। उसमें मजरूह सुल्तानपुरी ने एक कविता गाई थी, कॉमनवेल्थ का दास है, इसके जुर्म में नेहरू जी ने उन्हें जेल भेज दिया। बलराज साहनी एक जुलूस में शामिल हुए थे, उन्हें जेल में बंद कर दिया गया था। लता मंगेशकर के भाई हृदयनाथ मंगेशकर ने वीर सावरकर पर एक कविता आकाशवाणी पर प्रसारित करने की योजना बनाई, उन्हें आकाशवाणी से बाहर कर



दिया गया। देश ने इमरजेंसी का दौर भी देखा है जब देवानंद ने इमरजेंसी को सपोर्ट नहीं किया तो उनकी फिल्में दूरदर्शन से बैन करा दीं।’पीएम मोदी ने कहा कि गणमान्य लोगों को हथकड़ियां पहनाई गई थीं और शाही परिवार के सुख के लिए जेलें भरी गईं। पीएम मोदी ने कहा कि किशोर कुमार ने कांग्रेस के लिए गाना गाने से मना किया तो आकाशवाणी पर उनके सभी गानों को प्रतिबंधित कर दिया गया।

### कांग्रेस के मुंह से शोभा नहीं ‘संविधान’

मोदी ने कहा, ‘कांग्रेस के मुंह से संविधान शब्द शोभा नहीं देता। सत्ता सुख के लिए, शाही परिवार के अहंकार के लिए देश के लाखों परिवारों को तबाह कर दिया गया था, देश को जेलखाना बना दिया गया था। बहुत लंबा संघर्ष चला। आखिर में अपने आप को बहुत बड़ा ‘तीस मार खां’ मानने वालों को जनता जनार्दन की ताकत स्वीकारनी पड़ी, घुटने टेकने पड़े और जनता जनार्दन के सामर्थ्य से देश से आपातकाल हटी।’’

### पल-पल का उपयोग हो देश की प्रगति के लिए

प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत के पास जो समय है, उसके पल-पल का उपयोग देश की प्रगति के लिए हो, इसके लिए उनकी सरकार ने योजनाओं को शत प्रतिशत तक लक्ष्य तक पहुंचाने का प्रयास किया। राज्यसभा में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की किरण चौधरी ने तीन फरवरी को राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पेश किया था और भाजपा के ही नीरज शेखर ने इसका समर्थन किया था। सत्तर से अधिक सदस्यों ने इस प्रस्ताव पर हुई चर्चा में हिस्सा लिया।

**शंकरगढ़ सीईओ की शिकायत की जांच में गड़बड़ी उजागर**

## आठ सहकारी बैंक के प्रबंधकों ने खातों से हड़प लिए 20 करोड़

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अम्बिकापुर

**खास खबर**

जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक की विभिन्न शाखाओं में करोड़ों रूपए की गड़बड़ी सामने आई है। बैंक के शाखा प्रबंधकों ने अन्य बैंक कर्मियों के साथ मिलकर सुनियोजित तरीके से 20 करोड़ 21 लाख की राशि हड़प ली है। इस बड़े घोटाले के उजागर होने के बाद कलेक्टर एवं जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक में प्राधिकृत अधिकारी विलास भोस्कर ने घोटाले की जांच राज्य स्तरीय टीम अथवा आर्थिक अन्वेषण ब्यूरो से कराने के लिए पत्र लिखा है तथा आरोपी बैंक कर्मचारियों के विरूद्ध एफआईआर कराने के निर्देश दिए हैं। जनपद पंचायत शंकरगढ़ के सीईओ ने 4 सितम्बर 2024 को जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक स्थित अपने खाते की राशि में देर होने की शिकायत नाबार्ड से की थी तथा बैंक की शंकरगढ़ एवं कुसमी शाखा में बड़े पैमाने पर आर्थिक अनियमितता होने का आरोप लगाया था।

### जांच के लिए लिखा गया है पत्र

प्राथमिक जांच में बैंक की 8 शाखाओं में 20 करोड़ से अधिक राशि का गबन करने का मामला सामने आया है। मामले की सूक्ष्म जांच के लिए प्राधिकृत अधिकारी ने सहकारिता सचिव को पत्र लिखा है।

- **एसपी सिंह,** सीईओ, को-ऑपरेटिव बैंक

## बॉयफ्रेंड की हत्या की दोषी पहुंची हाईकोर्ट

**कोच्चि।** केरल में अपने प्रेमी को जहर देकर मारने के मामले कोर्ट द्वारा फांसी की सजा दिए जाने के बाद अब इस मामले में दोषी पाई गई ग्रीष्मा ने हाई कोर्ट में चुनौती दी है। केरल हाईकोर्ट ने गुरुवार को इस मामले से जुड़े सभी दस्तावेज तलब किए हैं जिसमें 24 साल की युवती को अपने प्रेमी की हत्या के आरोप में मौत की सजा सुनाई गई थी। यह हत्या 2022 में हुई थी और पूरे देश में चर्चा का विषय बन गई थी। न्यूज एजेंसी की रिपोर्ट के मुताबिक जस्टिस पी.बी. सुरेश कुमार और जॉबिन सेबेस्टियन की खंडपीठ ने राज्य सरकार से इस मामले में अपना पक्ष रखने को कहा है।

**सुप्रीम कोर्ट में दाखिल की गई जनहित याचिका**

# वोटिंग के तुरंत बाद वेबसाइट में अपलोड हो फॉर्म-17सी

**खास बातें**

- चुनाव आयोग को निर्देश देने की हुई मांग
- अमेठी सांसद किशोरी शर्मा ने पारदर्शिता का दिया हवाला

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

चुनाव आयोग को मतदान समाप्त होने के तुरंत बाद फॉर्म-17सी वेबसाइट पर डालने का आदेश देने की मांग को लेकर सुप्रीम कोर्ट में जनहित याचिका दाखिल हुई है। अमेठी से कांग्रेस सांसद किशोरी लाल शर्मा और कांग्रेस प्रवक्ता आलोक शर्मा की ओर से जनहित याचिका दाखिल की गई है। याचिका में कहा गया है कि फॉर्म 17सी की सार्वजनिक तौर पर उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए चुनाव आयोग को तुरंत इसे वेबसाइट पर डालने का आदेश दिया जाना चाहिए। इससे पारदर्शिता आएगी और चुनावी अनियमितताओं पर रोक लगेगी। याचिका में अंतरिम आदेश की भी मांग की गई है जिसमें कहा गया है कि सुप्रीम कोर्ट चुनाव आयोग को अंतरिम आदेश के तौर पर दिल्ली विधानसभा चुनाव 2025 के साथ ही आने वाले किसी भी चुनाव के फॉर्म 17सी तत्काल प्रभाव से वेबसाइट पर डालने का आदेश दे।



### मतदान के आंकड़ों में अप्रत्याशित अंतर

बता दें, फॉर्म-17सी में एक मतदान केंद्र पर कितने वोट डाले गए इससे जुड़ी पूरी जानकारी होती है। याचिका में कहा गया है कि चुनाव आयोग के जिस तरह मतदान के आंकड़े पब्लिश होते हैं उनमें अप्रत्याशित अंतर होता है और ऐसा विधानसभा और लोकसभा दोनों चुनाव के मतदान के बाद देखा गया है। प्रत्येक मतदान केंद्र पर पड़े कुल मतों का ब्योरा रखने वाले महत्वपूर्ण दस्तावेज, फार्म 17सी को वेबसाइट पर अपलोड करके इस प्रक्रिया को सुरक्षित किया जा सकता है।

### याचिका में चुनाव आयोग पर लगाए आरोप

याचिका में कहा गया है कि चुनाव आयोग द्वारा फॉर्म 17सी की जानकारी सार्वजनिक न करना चुनावी प्रक्रिया में जनता के विश्वास को कम करता है और यह सूचना सार्वजनिक न करना आरटीआई कानून का भी उल्लंघन है। याचिका में आरोप लगाया गया है कि चुनाव आयोग यह सूचना उसी दिन सार्वजनिक डोमेन या सरकारी पोर्टल पर नहीं डालता।

**संविधान के अनुच्छेद 14,19 और 21 में मिले मौलिक अधिकार**

*संविधान के अनुच्छेद 14,19 और 21 में मिले मौलिक अधिकार व जन प्रतिनिधित्व कानून के प्रविधान लागू होना सुनिश्चित हो। याचिकाकर्ताओं का कहना है कि चुनाव आयोग द्वारा फार्म 17सी की जानकारी सार्वजनिक न करना चुनावी प्रक्रिया में पब्लिक ट्रस्ट को कम करता है और चुनावी प्रक्रिया के दूषित होने के बारे में चिंता उत्पन्न करता है।*

**तमिलनाडु में टीचर बने दरिंदे**

# स्कूल के बॉथरूम में 13 साल की छात्रा से रेप

एजेंसी ▶▶| चेन्नई

तमिलनाडु के कृष्णगिरी जिले के एक सरकारी मिडिल स्कूल में 13 वर्षीय छात्रा के साथ यौन शोषण का मामला सामने आया है। छात्रा के साथ यह वारदात उसके ही तीन शिक्षकों ने अंजाम दिया है। पुलिस ने इन तीनों शिक्षकों को गिरफ्तार किया है। पुलिस के मुताबिक बुधवार को आरोपियों के खिलाफ बच्चों के साथ यौन अपराधों से संरक्षण अधिनियम (पोक्सो एक्ट) की विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर गिरफ्तार किया गया। पुलिस के मुताबिक आरोपियों को अदालत में पेश किया गया, जहां से मामले की जांच और आगे की पूछताछ के लिए 15 दिन की पुलिस कस्टडी रिमांड पर भेजा गया है। पुलिस के अनुसार, यह घटना 2 जनवरी को स्कूल के बाथरूम में हुई थी। हालांकि, यह मामला एक महीने बाद 2 फरवरी को तब सामने आया जब पीड़िता के माता-पिता ने स्कूल के प्रधानाध्यापक को इस बारे में जानकारी दी।

### एक महीने बाद मामले का खुलासा



### कराई जा रही है काउंसलिंग

शिकायत मिलने के बाद जिला शिक्षा अधिकारी (डीईओ) और चाइल्ड हेल्पलाइन ने तुरंत कार्रवाई शुरू की। कृष्णगिरी के कलेक्टर सी दिनेश कुमार ने बताया, ‘शिकायत के आधार पर तीनों शिक्षकों को निलंबित कर गिरफ्तार किया गया है। अधिकारियों के अनुसार, पीड़िता को अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उसकी जांच कराने के साथ ही काउंसलिंग कराई जा रही है। वहीं आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है।

## नदी किनारे से गायब तीन युवकों में से दो की मिली लाश

**हरिभूमि न्यूज : कोरबा।** तीन दिनों पूर्व तीन युवक अचानक लापता हो गए थे जिनका कपड़ा, बाइक सहित अन्य सामान हसदेव नदी की तट पर डूबान क्षेत्र में मिला था। पिछले दो दिनों से एसडीआरएफ की टीम हसदेव नदी में उनकी खोजबीन में जुटी हुई थी। आखिरकार गुरुवार को लापता दो युवकों की लाश हसदेव नदी से बरामद कर ली गई है जबकि तीसरे युवक का अभी तक पता नहीं चल पाया है। देर शाम होने की वजह से रेस्क्यू ऑपरेशन रोक दिया गया है। अब शुक्रवार की सुबह फिर से एसडीआरएफ की टीम तीसरे लापता युवक की खोजबीन के लिए रेस्क्यू ऑपरेशन चलाएगी।



# 'छावा' का दिल दहला देने वाला नया पोस्टर जारी...

**मुंबई।** 'छावा' का नया पोस्टर जारी किया गया है, जिसमें छत्रपति संभाजी महाराज बने विक्की कौशल का हैरान कर देने वाला लुक देखने को मिला। विक्की इन दिनों 'छावा' फिल्म को लेकर चर्चा में बने हुए हैं। इस फिल्म के जरिए वे रश्मिका मंदाना के साथ पहली बार साथ काम करते नजर आएंगे। फिल्म में विक्की छत्रपति संभाजी महाराज की भूमिका निभाएंगे, जबकि रश्मिका येसूबाई भोसले की भूमिका में नजर आएंगी। फिल्म का दर्शकों को बेसब्री से इंतजार है। वहीं अब विक्की ने अपना नया लुक जारी किया है, जिसे देख फैंस भी हैरान रह गए। नए पोस्टर में विक्की का दिल दहला देने वाला लुक देखने को मिला, जिसमें अभिनेता पूरी तरह से खून से लथपथ हैं।

लाइफ Style



# इशिका

## धर्म का प्रचार करने वाली फिल्में बनाएंगी

बॉलीवुड अभिनेत्री इशिका तनेजा, जो कि गुरु दीक्षा लेने के बाद से ग्लैमर की दुनिया से किनारा कर चुकी हैं। उन्होंने गुरुवार को निरंजनी अखाड़ा के महामंडलेश्वर कैलाशानंद गिरी महाराज से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने उनके पैर छूकर आशीर्वाद लिया।

एजेंसी ▶▶ मुंबई


पहले इशिका ने मौनी अमावस्या पर गंगा में डुबकी लगाने के बाद सनातन धर्म का प्रचार करने की कसम खाई थी। इशिका तनेजा ने साल 2018 में 'मिस वर्ल्ड टूरिज्म' का खिताब जीता था। अभिनेत्री को साल 2016 में भारत की 100 सफल महिलाओं की श्रेणी में राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित किया जा चुका है। इशिका साल 2017 में मधुर भंडारकर की फिल्म 'इंदु सरकार' में अभिनय भी किया है। इसके अलावा वह विक्रम भट्ट की सीरीज 'हद' में भी नजर आईं। इसके अलावा अभिनेत्री के नाम 60 मॉडलो पर 60 मिनट में 60 फुल एयरब्रश मेकअप करने का गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड भी है। इशिका ने जनवरी में शंकराचार्य स्वामी सदानंद सरस्वती जी महाराज के मार्गदर्शन में मध्य प्रदेश के जबलपुर में गुरु दीक्षा ली थी। अभिनेत्री ने सनातन जीवन को अपनाने और उसे बढ़ावा देने की कसम खाई है। उन्होंने कहा कि महिलाओं को छोटे कपड़े पहनकर नाचने के लिए नहीं बनाया गया है, बल्कि उन्हें सनातन की सेवा करने के लिए बनाया गया है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक इशिका ने आश्वासन दिया है कि वह अपने पुराने जीवन में वापस नहीं जाएंगी। उन्होंने कहा, 'अगर मुझे मौका मिला, तो मैं फिल्में बनाऊंगी, लेकिन उनमें भी मैं सनातन धर्म का प्रचार करूंगी।'

## हॉलीवुड मसाला



# डायनासोर से भिड़ती आएंगी नजर

**लॉस एंजिल्स।** बहुप्रतीक्षित जुरासिक वर्ल्डः रीबर्थ का आधिकारिक ट्रेलर आ गया है। बुधवार को यूनिवर्सल पिक्चर्स ने नई जुरासिक वर्ल्ड फिल्म का पहला ट्रेलर जारी किया, जो दर्शकों को अस्तित्व के एक नए युग में ले जाएगा। जंगल में हर जगह खतरा मंडरा रहा है, क्योंकि किरदार डायनासोर के बचे हुए झुंड का डीएनए पाने का आखिरी मौका लेते हैं। फिल्म का ट्रेलर फैंस को काफी पसंद आ रहा है। सोशल मीडिया पर भी लोग फिल्म की रिलीज को लेकर उत्सुकता जाहिर कर रहे हैं।




# जस्टिन की शादी में मचा तूफान...

**नई दिल्ली।** फेमस सिंगर जस्टिन बीबर, जिनके म्यूजिक ने पूरी दुनिया को दीवाना बना दिया, अब अपनी पर्सनल लाइफ में परेशानियों का सामना कर रहे हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, जस्टिन और उनकी पत्नी हैली बाल्डविन के बीच सब कुछ ठीक नहीं है और दोनों तलाक लेने का विचार कर सकते हैं। जस्टिन और हैली ने 7 साल पहले, 2018 में शादी की थी। इसके कुछ महीने बाद, यानी 6 महीने पहले, हैली ने बेटे जैक ब्लूस बीबर को जन्म दिया था. लेकिन अब, बेटे के जन्म के बाद, दोनों के बीच अलग होने की खबरें सोशल मीडिया पर वायरल हो रही हैं। हालांकि, इस बारे में न तो जस्टिन और न ही हैली की तरफ से कोई ऑफिशियल स्टेटमेंट आया है। अगर जस्टिन और हैली का तलाक होता है, तो ये जस्टिन के लिए बहुत महंगा साबित हो सकता है।



# ऐश्वर्या ने अभिषेक को किया बर्थडे विश

**नई दिल्ली।** बॉलीवुड स्टार अभिषेक बच्चन ने 5 फरवरी को अपना जन्मदिन मनाया और उनकी पत्नी ऐश्वर्या राय बच्चन ने इस मौके पर एक भावुक पोस्ट शेयर किया। ऐश्वर्या ने अभिषेक के बचपन की एक पुरानी तस्वीर साझा करते हुए उन्हें 'खुशियां, अच्छी सेहत, प्यार और रोशनी' की शुभकामनाएं दीं। ऐश्वर्या की इस प्यार भरी पोस्ट के बाद, फैंस को यकीन हो गया कि तलाक की खबरें सिर्फ और सिर्फ अफवाहें थीं, जो बेबुनियाद थीं। एक यूजर ने कॉमेंट किया, 'निम्मी को सॉरी बोलो।' कुछ लोगों ने कपल के कथित तलाक पर अटकलें लगाने वालों का मजाक उड़ाया, एक कमेंट में लिखा था, 'तलाक नहीं हो रहा भाई।' इस बीच, कुछ फैंस ने यह भी नोट किया कि ऐश्वर्या, जिनके सोशल मीडिया पर 14.6 मिलियन से अधिक फॉलोअर्स हैं।




# तीनों खान को देखकर फैंस उत्साहित...

**मुंबई।** बहुत कम ही मौके होते हैं, जब शाहरूख खान, सलमान खान और आमिर खान को उनके फैंस कहीं एक साथ देख पाते हैं। इससे पहले ये तीनों खान अंबानी के घर पर हो रही शादी में एक साथ मंच पर डांस करते हुए दिखे थे। 7 फरवरी को आमिर खान के बेटे जुनैद खान और बोनी कपूर की बेटी खुशी कपूर की पहली सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली फिल्म आ रही है, जिसका नाम 'लवयापा' है। इस फिल्म की स्क्रीनिंग के लिए ये तीनों खान एक जगह पर पहुंचे, जहां उन्होंने आमिर खान के बेटे जुनैद का उत्साहवर्धन किया। शाहरुख खान गाड़ी से उतरते ही आमिर खान को गले लगते हुए दिखते हैं, वहीं सलमान खान भी आमिर खान के साथ फोटो खिंचाते दिख रहे हैं। हालांकि, ये तीनों खान किसी भी पल एक साथ नहीं दिखे।

## टीवी मसाला





# 1 करोड़ के टाइटैनिक से जुड़े सवाल का जवाब नहीं दे पाई बच्ची

**नई दिल्ली।** 'कौन बनेगा करोड़पति 16' का नया एपिसोड बच्चों पर बेस्ड है। हालिया एपिसोड में बेंगलुरु की 7वीं क्लास में पढ़ने वाली रोलओवर कंटेस्टेंट इशिता गुप्ता हॉट सीट पर आईं। होस्ट अमिताभ बच्चन ने इशिता को मोटिवेट किया, जिन्होंने बताया कि उनके दोस्त अक्सर उनकी आवाज को लेकर चिढ़ाते हैं। अमिताभ बच्चन ने उन्हें अपने सिग्नेचर स्टाइल में शो शुरू करने के लिए कहा, जिससे यह मोमेंट और खास हो गया। बिग बी बाकी बच्चों को भी प्रेरित करते हैं। सबसे अच्छी बात ये रही कि इशिता एक करोड़ के सवाल पर पहुंचने वाली पहली कंटेस्टेंट हैं। बिग बी 50,00,000 रुपए का सवाल पढ़ते हैं। सवाल था- पौराणिक कथा के अनुसार, किस प्राचीन यूनानी नाटककार की मृत्यु तब हुई जब एक पक्षी ने उसके सिर पर कछुआ गिरा दिया? इशिता ने अपनी आखिरी लाइफलाइन की मदद से ऑप्शन बी एस्किलस को चुना और 50 लाख रुपए जीत लिया। इसके बाद इशिता को 1 करोड़ रुपए के सवाल का सामना करना पड़ता है। एक करोड़ का सवाल था- कुछ समय पहले जब आरएमएस टाइटैनिक एक हिमखंड से टकराया और डूब गया, तो किस ब्रिटिश व्यापारी जहाज ने उसे अटलांटिक में हिमखंडों के बारे में सचेत करने की कोशिश की थी? उन्हें सवाल का जवाब नहीं पता था। उन्होंने शो छोड़ने का फैसला किया।

## कैसे शूट हुआ था 'महाभारत' का वॉर सीन?

**नई दिल्ली।** बीआर चोपड़ा और उनकी पूरी टीम ने 'महाभारत' के लिए कड़ी मेहनत की थी। तब आज की तरह टेक्नोलॉजी नहीं होती थी, इसलिए बीआर चोपड़ा और उनके बेटे रवि चोपड़ा की ये कोशिश रहती थी कि शो को महाभारत में जैसा हुआ था, वैसा ही जनता को दिखाया जाए। इस सीरियल की शूटिंग के दौरान के वैसे तो कई किस्से हैं, लेकिन सबसे मजेदार वाक्या है 'बिजली के खंभों' का। महाभारत का युद्ध कुरुक्षेत्र (हरियाणा) में लड़ा गया था। मुंबई में बड़े मैदान की खोज शुरू हुई। क्योंकि, मेकर्स युद्ध के सीन को ग्रैंड बनाना चाहते थे, इसलिए इसे फिल्म सिटी की बजाय लाइव लोकेशन पर शूट करने का फैसला किया गया। लेकिन, सबसे बड़ी मुश्किल बन गए बिजली के खंभे। महाभारत काल में बिजली नहीं थी, लेकिन जब लाइव लोकेशन की तलाश शुरू हुई तो कहीं भी इतना बड़ा खाली मैदान नहीं मिल रहा था, जहां फ्रेम में बिजली के खंभे नहीं आ रहे हो। लोकेशन की तलाश शुरू हुई तो जयपुर के पास एक बड़ा मैदान मिला, जहां बिजली के खंभे नहीं थे। यहां पर फिर युद्ध के सीन को शूट करना तय किया गया।



# स्टेज पर आते ही टूटा था राजेश खन्ना का दिल, सरेआम छिपाते दिखे आंसू ...

**नई दिल्ली।** राजेश खन्ना का स्टारडम ऐसा था कि वह जहां पहुंचते थे, सारे कैमरे उनकी और ही मुड़ जाते थे। खासतौर पर लड़कियां तो उनकी ऐसी दीवानी थीं कि उनकी गाड़ी की धूल से मांग भर लिया करती थीं। एक्टिंग की दुनिया में आते ही उन्होंने तहलका मचा दिया था। राजेश खन्ना का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। इस वीडियो में स्टेज पर अपने आंसू छिपाते नजर आ रहे हैं। राजेश खन्ना 70 के दशक वो सुपरस्टार थे जिन्हें मेकर्स अपनी फिल्मों में साइन करने के लिए लाइन में खड़े रहते थे। साल 1969 के बाद तो उन्होंने बैट-टू-बैक हिट फिल्मों की झड़ी लगा दी थी। शर्मिला टैगोर, मुमताज और जीनत अमान संग तो उनकी जोड़ी जब-जब पर्दे पर आई धमाल मचा दिया था। फीमेल फैंस तो उन पर इस कदर जान छिड़का करती थीं कि उन्हें खून से खत लिखा करती थीं।

### डिंपल ने जब दिया राजेश को अवार्ड

सोशल मीडिया पर एक वीडियो काफी वायरल हो रहा है। इसमें 'काका' के फैंस उनके जमाने को याद कर इमोशनल होकर कमेंट्स पोस्ट कर रहे हैं। वीडियो में एक्ट्रेस पूनम ढिल्लो स्टेज पर उनका नाम बुलाती है और उन्हें स्टेज पर आने को कहती हैं। राजेश खन्ना स्टेज पर अपना अवार्ड लेने पहुंचते हैं और देखते ही कि राजेश को यह अवार्ड उनकी पत्नी डिंपल कपाड़िया के हाथों दिलवाया जाता है। लेकिन राजेश खन्ना स्टेज पर अपना दुख लोगों से छिपा नहीं पाए।




### मुझे लगा था तुम कहोगी 'अजी सुनते हो'...

इस वीडियो में अवॉर्ड लेते ही राजेश खन्ना शायरी करते हुए एक्ट्रेस से कहते हैं, 'मुझे लगा था कि डिंपल कहेगी, अजी सुनते हो यह अवार्ड है आपके लिए, लेकिन ऐसा हो नहीं सका। मैं भगवान का बहुत-बहुत आभारी हूं।' इसके बाद राजेश खन्ना ने ऑडियंस को शेर सुनाते हुए कहा, 'इज्जतें, शोहरतें, उल्फतें, चाहतें, सब कुछ इस दुनिया में रहता नहीं,इज्जतें, शोहरतें, उल्फतें, चाहतें, सबकुछ इस दुनिया में रहता नहीं, आज मैं हूं जहां कल कोई और था, यह भी एक दौर है और वो भी एक दौर था।' बता दें कि इस वायरल वीडियो में राजेश खन्ना अपने आंसू छिपाते नजर आ रहे हैं, लेकिन इस वीडियो में उन्होंने दुख जाहिर कर दिया, जो उनके चहीते फैंस को साफ नजर आ रहा है।

# रोशंस से लेकर एंग्री यंग मैन तक इन डॉक्यूमेंट्री में दिखा सिनेमा का जादू ...

**मुंबई।** जल्द ही ओटीटी पर एक शो आएगा डाइनिंग विद कपूर्स, इसमें बॉलीवुड के मशहूर कपूर खानदान के सितारे खानपान को लेकर अपने प्यार और सिनेमा के बारे में बात करेंगे। इस शो के जरिए बॉलीवुड के सिनेमाई इतिहास की कहानी भी सामने आएगी। इस तरह ही पहले कई डॉयक्यूमेंट्री भी बन चुकी हैं, जो हिंदी सिनेमा की अनोखी कहानियां कहती हैं। एक फिल्म बनाना आसान नहीं होता है, इसके पीछे कितने लोगों का संघर्ष, सपने मौजूद होते हैं। बॉलीवुड में भी जो हिट फिल्में बनीं, हिट डायरेक्टर्स हुए, उनकी कहानी क्या रही? कलाकारों का संघर्ष कैसा रहा है? अगर आप यह सब कुछ जानना चाहते हैं तो बॉलीवुड के कलाकारों, फिल्मी परिवारों से जुड़ी कुछ खास डॉक्यूमेंट्री देख सकते हैं। इन्हें देखकर सिनेमा के प्रति आपका प्यार और जानकारी दोनों ही बढ़ जाएगी।

***रोशंस :*** हालिया रिलीज डॉक्यूमेंट्री 'रोशंस' में राकेश रोशन, ऋतिक रोशन के परिवार के संघर्ष, सपनों की कहानी कही गई है। साथ ही हिंदी फिल्मों में इस परिवार का क्या योगदान रहा है, यह भी डॉक्यूमेंट्री में दिखाया गया है। इसमें कई बॉलीवुड कलाकारों ने भी रोशन परिवार पर अपनी राय रखी है।





***एंग्री यंग मैन :*** एंग्री यंग मैन भी एक डॉक्यूमेंट्री सीरीज है, जिसमें राइटर सलीम-जावेद ने हिंदी सिनेमा को जो साथ में फिल्में दीं, उन पर गहरी बातचीत है। इसी तरह 'द गोल्डन ईयर ऑफ विद जावेद अख्तर' में भी जावेद अख्तर के लिखे गानों की अनकही कहानियां सुनाई गईं। इस सीरीज को जावेद अख्तर ने होस्ट किया था।

***द रोमांटिक्स :*** ओटीटी पर ही आई एक डॉक्यूमेंट्री सीरीज 'द रोमांटिक्स' में यश चोपड़ा का हिंदी सिनेमा में क्या योगदान रहा? उन्होंने कौन सी हिट फिल्मों से बॉलीवुड को आगे बढ़ाया। यशराज फिल्म की सफलता की कहानी कैसे शुरू हुई, यह सब कुछ इस सीरीज में दर्शकों को देखने को मिलेगा। खासकर जो दर्शक यश चोपड़ा के सिनेमा के कायल हैं, उन्हें यह डॉक्यूमेंट्री अच्छी लगेगी।

***एक्ट्रेस नयनतारा की डॉक्यूमेंट्री :*** कुछ समय पहले साउथ की एक्ट्रेस नयनतारा पर बनीं एक डॉक्यूमेंट्री सीरीज में उनके फिल्मी सफर और निजी जिंदगी को दिखाया गया। इस डॉक्यूमेंट्री का नाम 'नयनतारा-बियॉन्ड द फेयरीटेल' था। इसी तरह सिंगर हनी सिंह की जिंदगी, म्यूजिक को लेकर भी एक डॉक्यमेंट्री ड्रामा फिल्म बनी है। इसमें हनी के स्ट्रगल की कहानी को कहा गया है। इस डॉक्यमेंट्री का नाम 'यो यो हनी सिंह फेमस' है।

## राज सिंह के परिवार वाले लता के साथ उनके विवाह के लिए नहीं माने

# स्वर कोकिला लता मंगेशकर के गीत हो गए अमर

***नई दिल्ली।*** बॉलीवुड को, भारतीय फिल्मों को आगे बढ़ाने में, इसे समृद्ध करने में कई लोगों ने योगदान दिया है, इन्हीं में से एक गायिका लता मंगेशकर भी रहीं। अपने पूरे संगीत कॅरियर में उन्होंने कई भाषाओं में लगभग 50 हजार से ज्यादा गाने गाए हैं। उनके गाए कई गाने सुपरहिट हुए, ये गाने सदाबहार भी बन गए।

### सिंगर बनने से पहले एक्टिंग की

लता मंगेशकर ने बहुत कम उम्र में ही फिल्मी गाने गाना शुरू कर दिया था, लेकिन इससे पहले उन्होंने एक्टिंग भी की। लता जी के पिता दीनानाथ मंगेशकर रंगमंच के कलाकार थे। अपने पिता के नाटकों में सबसे पहले लता मंगेशकर ने अभिनय किया। यहां तक कि बचपन में उनका नाम हेमा था लेकिन पिता के नाटक के एक किरदार पर उनका नाम लता रख दिया गया। सबकुछ अच्छा चल रहा था कि लता मंगेशकर के पिता का निधन हो गया, उस समय वह महज 13 साल की थीं। इतनी छोटी उम्र में ही लता पर घर-परिवार की जिम्मेदारी आई। तब उन्होंने फिल्मों में एक्टिंग करनी शुरू की। साल 1942 में रिलीज हुई फिल्म 'पहिली मंगलागौर' में उन्होंने एक्टिंग की। इसके अलावा भी कुछ 8 फिल्मों में लता मंगेशकर ने एक्टिंग की, लेकिन उन्हें एक्टिंग करना अच्छा नहीं लगता था। ऐसे में संगीत की राह चुनी और परिवार संग इंदौर से मुंबई आ गईं।



### मोहम्मद रफी से क्यों हुईं नाराज

लता मंगेशकर और सिंगर मोहम्मद रफी ने कई बेहतरीन गाने साथ में गाए हैं। लेकिन, एक समय ऐसा भी आया, जब लता मंगेशकर मोहम्मद रफी से नाराज हो गई थीं। दरअसल, किस्सा कुछ यूं है कि लता मंगेशकर और कुछ बड़े सिंगर चाहते थे कि अगर संगीतकारों को गाना बनाने की रॉयल्टी मिलती है तो सिंगर को भी रॉयल्टी मिलनी चाहिए। इस बात पर रफी साहब राजी ना थे। इसी कारण से लता और रफी के बीच बहस हुई। इसी दौरान रफी ने कहा है कि वह लता मंगेशकर के साथ गाना नहीं गाएंगे। लता भी नाराज हो गईं, उन्होंने भी सभी संगीतकारों को कह दिया कि वह रफी साहब के साथ गाना नहीं गाएंगी। बातचीत ना करने और गाना ना गाने का यह सिलसिला लगभग तीन साल चला। बाद में दोनों सिंगर्स के बीच रिश्ते बेहतर हुए और इन्होंने दोबारा साथ में गाना शुरू किया।



### लता ने शादी क्यों नहीं की

पिता के गुजर जाने के बाद लता मंगेशकर पर पूरे परिवार की जिम्मेदारी थी। एक यह कारण था उनका शादी ना करने का। वहीं, कुछ मीडिया रिपोर्ट्स में ऐसा भी कहा जाता है कि एक समय के बाद लता जी के जीवन में प्रेम ने दस्तक दी थी। वह राज सिंह डूंगरपुर से शादी करना चाहती थीं, वह एक राज परिवार से संबंध रखते थे। राज सिंह के परिवार वाले लता के साथ उनके विवाह के लिए नहीं माने। इसके बाद लता मंगेशकर ने कभी विवाह के बारे में नहीं सोचा।

### *जब भावुक हुए जवाहर लाल नेहरू*

*लता मंगेशकर का गाया एक गाना 'ऐ मेरे वतन के लोगों' एक सदाबहार, यादगार गीत है। इसी गीत को सुनकर देश के पहले प्रधानमंत्री जवाहर लाल नेहरू भावुक हो गए थे, उनकी आंखें भींग गई थीं। इस गाने को लता मंगेशकर ने दिल्ली में 1962 में एक कार्यक्रम में गाया था। इस गाने में सैनिकों के बलिदान को बयां किया गया। इस गाने को सुनने के बाद जवाहर लाल नेहरू लता मंगेशकर से मिले और उनसे कहा कि 'ऐ मेरे वतन के लोगों' को सुनकर उनकी आंखों में आंसू आ गए। आगे चलकर यह गाना लता जी के म्यूजिक करियर का सबसे मशहूर गीत बना। इस गाने को कवि प्रदीप ने लिखा था।*

# विशालकाय एस्टेरॉयड के पृथ्वी से टकराने का अंदेशा, भारत समेत दक्षिण एशिया में मचा सकता है तबाही

एजेंसी ▶▶| वॉशिंगटन

धरती की तरफ बढ़ते एक विशाल एस्टेरॉयड (क्षुद्रग्रह) ने वैज्ञानिकों की चिंता बढ़ा दी है। संयुक्त राष्ट्र के खगोलविद इस क्षुद्रग्रह पर नजर रख रहे हैं, जिसके पृथ्वी से टकराने का अंदेशा जताया गया है। यूरोपीय अंतरिक्ष एजेंसी (ईएसए) ने कहा है कि एस्टेरॉयड के 22 दिसंबर 2032 को पृथ्वी के पास सुरक्षित रूप से गुजरने की 99 फीसदी संभावना है, लेकिन बाकी एक फीसदी टकराव की संभावना को नकारा नहीं जा सकता है। ऐसा कोई भी टकराव एक बड़ी तबाही का सबब बन सकता है।

### अगर टकराव हुआ तो मचेगी तबाही

एक्सपर्ट का कहना है कि यह एस्टेरॉयड अगर पृथ्वी से टकराता है तो इसमें परमाणु बम जितनी तबाही मचाने की शक्ति होगी। यह किसी आबादी वाले इलाके में गिरता है तो इससे गंभीर नुकसान होगा। हालांकि, यह अधिक संभावना है कि वाईआर4 समुद्र या धरती के किसी दूरस्थ भाग में गिरेगा। इस समय यह पृथ्वी से बहुत दूर है। अभी ये तय करना मुश्किल है कि टकराव की स्थिति में इससे क्या प्रभाव होगा।



### संयुक्त राष्ट्र की टीमें विकल्पों पर करेंगी विचार

रॉयल एस्ट्रोनॉमिकल सोसाइटी के डॉक्टर रॉबर्ट मैसी का कहना है कि अभी इस बारे में ज्यादा चिंता नहीं है, लोगों को भी घबराने की जरूरत नहीं है। नासा ने 2022 में डार्ट मिशन के जरिए एक क्षुद्रग्रह का रास्ता सफलतापूर्वक बदला था। ऐसे में अगर वाईआर4 का धरती से टकराव का खतरा बना रहता है तो संयुक्त राष्ट्र की टीमें इस पर कार्रवाई करने के विकल्पों पर विचार करेंगी।

### 'अभी घबराने की जरूरत नहीं'

रॉबर्ट मैसी कहते हैं कि हमें घबराना नहीं है लेकिन सतर्क रहने की जरूरत है। फिलहाल खगोलविदों को इस तरह के खतरों को ट्रैक करने के लिए जरूरी संसाधन देने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि **YR**4 को टोरिनो इम्पैक्ट हैजर्ड स्केल पर 10 में से 3 का दर्जा मिला है। धरती से टकराव तभी निश्चित होता है जब यह 8, 9 या 10 तक पहुंच जाता है। **YR**4 फिलहाल में सीधी रेखा में पृथ्वी से दूर जा रहा है। इससे पृथ्वी की ओर वापस लौटने से पहले इसकी सटीक कक्षा का सटीक निर्धारण करना मुश्किल हो रहा है।

इस तबाही की जद में दक्षिण एशिया के देश (भारत-पाकिस्तान और आसपास के मुल्क) भी आ सकते हैं।

इस क्षुद्रग्रह का नाम 2024 वाईआर4 है, जिसका आकार 40 से 90 मीटर के बीच है। ईएसए का कहना है कि इसके सुरक्षित रूप से पृथ्वी से टकराव की संभावना 1.3 फीसदी आंकी गई है। ऐसे में संयुक्त राष्ट्र की ग्रह रक्षा संस्थाएं एक क्षुद्रग्रह की बारीकी से निगरानी कर रही हैं। खगोलविद फिलहाल क्षुद्रग्रह के आकार और गति की गणना कर रहे हैं। इसे टोरिनो इम्पैक्ट हैजर्ड स्केल पर 3 का दर्जा दिया गया है।

---

**हमले से पहले ही अंदाजा हो जाएगा खतरे का!**

# सूर्य से आने वाले तूफानों का 'एआई' लगाएगा अनुमान

*वॉशिंगटन। सूर्य हमारे लिए एक तारा भर नहीं हैं, बल्कि असीम ऊर्जा का स्रोत होने के साथ, कई तरह की समस्याओं या खतरों का भी कारण होता है। देखने से तो लगता है कि यह कभी नहीं बदलता है। लेकिन, यह प्लाज्मा का वह पिंड है जिस पर खुद के ही मैग्नेटिक फील्ड का लगातार असर होता है, जिसके गतिविधियों का अनुमान लगाना वैज्ञानिकों ने किए बहुत ही मुश्किल काम है। पर नई स्टडी का दावा है कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के जरिए सूर्य से निकलने वाले सौर तूफानों के जानकारी पहले से हासिल की जा सकती है और इस दिशा में बहुत ही सटीक नतीजे देखने को मिले हैं।*

### नए तूफानों का अनुमान

नए शोधपत्र में दावा किया गया है कि दशकों से एआई के जरिए सौर गतिविधियों की जानकारी दे कर प्रशिक्षित किए जा रहे एल्गॉरिदम नई चेतावनी दे रहे हैं। शोधकर्ताओं का कहना है कि एल्गॉरिदम ने एआर13664 इलाके में बढ़ी हुई गतिविधियों की जानकारी दी है और अब वह बता सकता है कि सूर्य की सतह पर बड़े विस्फोट कब होने वाले हैं।

### किस तरह के विस्फोट?

ये एक खास तरह की घटना होते हैं, जिन्हें कोरोनल मास इजेक्शन या सीएमई कहते हैं। ये असल में सूर्य के बाहरी वायुमडंल कोरोना से निकलने वाले प्लाज्मा के विशालकाय प्रस्फोट होते हैं, जो कि सूर्य की मैग्नेटिक फील्ड में हो रही गड़बड़ियों के कारण होते हैं। इनके कारण सूर्य की मैग्नेटिक फील्ड में बदलाव आता है जिससे सौरज्वाला और बहुत सारी ऊर्जा भी निकलती है। इस तरह से ये सीएमई उत्सर्जन हजारों किलोमीटर प्रति सेकेंड की रफ्तार से सफर करते हैं और कुछ ही दिनों में पृथ्वी तक पहुंच सकते हैं।

### क्या होता है इनका असर?



अगर सीएमई पृथ्वी की दिशा में आते हैं तो उसके मैग्नोटोस्फियर से टकरा कर भूचुंबकीय. तूफान पैदा करते हैं। इससे सैटेलाइट संचार, जीपीएस सिस्टम, पॉवर ग्रिड तक में खराबी ला सकते हैं। इनकी वजह से ध्रुवों के पास ऑरोर गतिविधि दिखती है, जो कि ध्रुवों के पास आसमान में शानदार रंगीन नजारे होते हैं। लेकिन, इनके होने और इनके प्रभाव पहले से अनुमान लगाना बहुत ही मुश्किल काम है।

### कैसे किया गया अध्ययन?

सबरीना गुस्तावीनो की अगुआई में जिनोआ यूनिवर्सिटी के खगोलविदों की टीम ने इस चुनौती को हल करने के लिए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का इस्तेमाल किया।

### क्या-क्या निकलता है?

सूर्य की सतह की गतिविधियां ही अपने आप में काफी घटनापूर्ण होती है। इसे सौर ज्वाला, सौर पवनें, विद्युत और चुंबकीय तरंगें, हानिकारक विकिरण आदि बहुत कुछ निकलता है। सौर पवन में महीन आवेशित कण होते हैं। उसके अलावा विद्युत चुंबकीय तरंगे भी कम हानिकारक नहीं होती है। लेकिन, पृथ्वी की मैग्नेटिक फील्ड इन सभी का असर धरती तक पहुंचने नहीं देती है।

### बिल्कुल सटीक परीक्षण

शोधकर्ताओं ने पाया कि वे पुराने आंकड़ों का इस्तेमाल कर 2024 की घटनाओं की सही पूर्वानुमान लगाने में सफल रहे जो कि एआई की क्षमताओं को परखने का सही मौका थीं। मकसद, सौर ज्वालाओं को होने का अनुमान लगाने के साथ उनमें बदलाव, सीएमई के बनने और पृथ्वी पर भूचुंबकीय तूफानों का अनुमान लगाना भी था, और नतीजे शानदार मिले। शोधपत्र के मुताबिक अनुमान अभूतपूर्व सटीकता भरे थे और परम्परागत तरीकों के विपरीत तकनीक से काफी अनिश्चितताएं कम हो गई थीं। नतीजे में सीएमई के पृथ्वी तक पहुंचने और भूचुंबकीय तूफानों की शुरुआत करने का समय भी सटीक था। यह अध्ययन बहुत ही उपयोगी साबित होने वाला है कि इससे अब वैज्ञानिक यह पता लगा सकेंगे कि बिजली की पॉवर ग्रिड, संचार और सैटेलाइट के कामकाज कब बंद होंगे। इतना ही नहीं, वैज्ञानिक ऑरोर का भी अनुमान पहले से लगा पाएंगे।

---

# ब्लड मून के लिए हो जाइए तैयार, मार्च में होने जा रहा 2025 का पहला चंद्रग्रहण

एजेंसी ▶▶| वॉशिंगटन

साल 2025 का पहला चंद्रगर्हण 14 मार्च को होने जा रहा है, जो दुनिया भर के खगोलविदों और अंतरिक्ष प्रेमियों के लिए शानदार नजारा पेश करेगा। यह एक पूर्ण चंद्रग्रहण होगा, जिस दौरान पृथ्वी की छाया चंद्रमा को पूरी तरह से ढंक लेगी। इससे चंद्रमा गहरे लाल रंग में नजर आएगा। इस घटना को 'ब्लड मून' कहा जाता है। साल का पहला चंद्रग्रहण 14 मार्च को कब से लगेगा और इसे कहां देखा जा सकेगा। चंद्रग्रहण एक खगोलीय घटना है जो सूर्य, पृथ्वी और चंद्रमा के क्रमशः एक सीध में आने के दौरान होती है। बीच में होने के चलते पृथ्वी की छाया चंद्रमा के ऊपर पड़ती है,जिससे चंद्रमा का रंग बदलता है और यह अलग तरह से दिखाई देता है। चंद्रग्रहण तीन तरह का होता है, पूर्ण चंद्रग्रहण, उपछाया चंद्रग्रहण और आंशिक चंद्रग्रहण। 14 मार्च को होने जा रहा ग्रहण पूर्ण चंद्रग्रहण होगा।

**जानें कब होगा और कहां आएगा नजर**



### कब से कब तक होगा चंद्रग्रहण

नासा के अनुसार, साल का पहला चंद्रग्रहण छह घंटे से अधिक समय तक चलेगा। इस दौरान यह उपछाया, आंशिक और पूर्ण ग्रहण के चरण से होकर गुजरेगा। आइए जानते हैं कि यह किस समय पर शुरू होगा और कब खत्म होगा।

- उपछाया ग्रहण शुरू- सुबह 9.27 बजे भारतीय समयानुसार
- आंशिक ग्रहण शुरू- सुबह 10.39 बजे
- पूर्ण चंद्रग्रहण शुरू- सुबह 11.56 बजे
- अधिकतम ग्रहण- दोपहर 12.28 बजे
- पूर्ण चंद्रग्रहण समाप्त- दोपहर 1.01 बजे
- आंशिक चंद्रग्रहण समाप्त- दोपहर 2.17 बजे
- उपछाया चंद्रग्रहण समाप्त- शाम 3.30 बजे

**क्या भारत में आएगा नजर?**

भारत में रहने वाले अंतरिक्ष प्रेमियों के लिए निराश करने वाली खबर है। साल का पहला चंद्रग्रहण भारत और इसके पड़ोसी देशों में नहीं दिखाई देगा। ऐसा इसलिए हो रहा है, क्योंकि जब चंद्रग्रहण हो रहा होगा, उस समय भारत में दिन होगा। ऐसे में चंद्रग्रहण को देखना संभव नहीं होगा। इसका पूर्णता मार्ग यूरोप, एशिया, ऑस्ट्रेलिया, अफ्रीका, उत्तरी और दक्षिणी अमेरिका के क्षेत्रों से होकर गुजरेगा।

### गढ़िया पहाड़ पर तेंदुआ



कांकेर। कांकेर के गढ़िया पहाड़ पर गत दिवस एक तेंदुआ आराम करते नजर आया। इधर, तेंदुए की आमद से आसपास के इलाके में दहशत का माहौल है।




### ओला का इलेक्ट्रिक बाईक सेगमेंट में प्रवेश

**जबलपुर।** प्योर-प्ले ईवी कंपनी, ओला इलेक्ट्रिक ने अपनी रोडस्टर एक्स सीरीज़ के साथ इलेक्ट्रिक मोटरसाईकल सेगमेंट में प्रवेश किया। ये हर चार्ज में 501 किलोमीटर की रेंज प्रदान करेगी। ओला इलेक्ट्रिक के चेयरमैन एवं मैनेजिंग डायरेक्टर, भाविश अग्रवाल ने कहा भारत में मोबिलिटी के लिए मोटरसाईकल सबसे अहम भूमिका रखती हैं हमारी इलेक्ट्रिक मोटरसाईकल भारत में मोबिलिटी को इलेक्ट्रिक बनाने की मुहिम को और ज्यादा तेज करेंगी।

**आवश्यकता**

आवश्यकता है- आकर्षक ऑफर, पैन पेंसिल कंपनी में घर बैठे काम करके शिक्षित, बेरोजगार, लड़के - लड़कियां, महिलाऐं - पुरुष पैकिंग (24500 से 64500) महीना कमाऐ, फन्ड + बोनस- 09034329258 (रायपुर /09 /फरवरी25)

आवश्यकता है- पेंसिल, पेन, रबड़ के माध्यम से घर बैठे पैकिंग नौकरी की सुविधा भारत के हर क्षेत्र में दी जा रही आपको नौकरी की जरूरत है संपर्क करें:- 8981475043, 8017271898 (रायपुर /21 /फरवरी25)

अब आप पायेंगे अपना सच्चा हमसफर
हरिभूमि वैवाहिकी
प्रत्येक रविवार को प्रकाशित

सूचना - पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार पत्र में प्रकाशित सभी प्रकार के विज्ञापनों (डिस्प्ले एवं रनिंग क्लासीफाईड में दिए गए तथ्यों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें। हरिभूमि समूह की विज्ञापनों के तथ्यों से संबंधित कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

छोटा लिंग निराश क्यों?
जोश जगा दे धूम मचा दे।




18 से 80 वर्ष तक लाभदायक
लिंग को 8-9 ईन्च लम्बा मोटा, कठोर बनाये। सैक्स टाइम 30 से 45 मिनट बढ़ाएं।
नसों की कमजोरी नामर्दी, धातु का पतलापन, शुगर, बी.पी. में भी जबरदस्त लाभदायक।
घर बैठे मंगवाये।
लाभ नही तो पैसे वापिस।
08116592844

हरिभूमि की एजेंसी एवं प्रतियों के लिये संपर्क करें
मों. 9340637789


---

## राशिफल


**मेष** — किसी अज्ञात भय से परेशान हो सकते हैं। कारोबार के विस्तार में किसी मित्र का सहयोग मिल सकता है। स्वास्थ्य को लेकर परेशानी बनी रहेंगी।


**वृष** — मन में उतार-चढ़ाव रहेगा। नौकरी के परीक्षा एवं साक्षात्कारादि कार्यों में सफलता मिलेगी। आय में वृद्धि मिलेगी। सुस्वादु खानपान में रुचि रहेगी।


**मिथुन** — पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। लाभ के अवसर मिलेंगे। परिश्रम अधिक रहेगा। रहन-सहन अव्यवस्थित रहेगा। सुखद समाचार की प्राप्ति होगी।


**कर्क** — आत्मविश्वास तो बहुत रहेगा, परन्तु अति उत्साही होने से बचें। बातचीत में सन्तुलित रहें। कारोबार पर ध्यान दें। कठिनाइयां आ सकती है। संतान को कष्ट



**सिंह** — व्यर्थ के क्रोध से बचें। सम्पति में वृद्धि हो सकती है। माता का साथ मिलेगा। पिता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। अज्ञात भय से परेशान रहेंगे।


**कन्या** — पठन-पाठन में रुचि रहेगी। शैक्षिक एवं बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता बढ़ेगी। बौद्धिक कार्यों से आय में वृद्धि हो सकती है। लाभ के अवसर मिलेंगे।


**तुला** — मन में आशा-निराशा के भाव हो सकते हैं। पिता का सानिध्य मिलेगा। कारोबार में परिवर्तन की सम्भावना बन रही है। धार्मिक कार्यों में रुचि बढ़ेगी।


**वृश्चिक** — परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान पर जा सकते हैं। यात्रा सुखद रहेगी। खर्च अधिक रहेंगे। सेहत का का ध्यान रखें। क्रोध की अधिकता रहेगी।


**धनु** — मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे। किसी विशेष कार्य के लिए विदेश यात्रा के योग बन रहे हैं। व्यर्थ की चिंता रहेंगी।


**मकर** — क्रोध से बचें। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता बढ़ेगी। आय में वृद्धि होगी। किसी सम्पति से भी धन मिल सकता है। मित्रों से भेंट हो सकती है।


**कुंभ** — रहन-सहन कष्टमय हो सकता है। कारोबार में सुधार होगा। परिवार का साथ मिलेगा। परिवार की किसी महिला से धन की प्राप्ति होगी।


**मीन** — पठन-पाठन में रुचि रहेगी। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। सन्तान के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। खर्च अधिक रहेंगे। भाइयों से मनमुटाव की स्थिति रहेगी।

---


# समुद्र की गहराई में मिली 'डूबी हुई दुनिया', वैज्ञानिक भी हैरान, 4 अरब साल पुराना है रहस्य!

**लंदन।** वैज्ञानिकों ने प्रशांत महासागर के नीचे एक रहस्यमय 'डूबे हुए संसार' की खोज की है। ये खोज पृथ्वी के इंटरनल मैपिंग की नई तकनीक के ज़रिये संभव हो पाई है। यहां जो कुछ मिला है वो 4 बिलियन साल यानी 4 अरब वर्ष पुराना है, जो पूरी दुनिया को आश्चर्यचकित करने के लिए काफी है। आपने सुना होगा कि इस दुनिया से परे भी कहीं कोई दुनिया है, लेकिन शायद ही इसकी खोज कभी हुई है। इस बार वैज्ञानिकों को समुद्र के अंदर ऐसा खज़ाना मिला है, जो दूसरी दुनिया की ओर इशारा करता है। दुनिया जिस रहस्य से अनजान थी, वो प्रशांत महासागर के नीचे स्विस वैज्ञानिकों ने ढूंढ निकाला है। वैज्ञानिक हमेशा ही नई-नई चीज़ों की खोज के लिए काम करते रहते हैं। अंतरिक्ष से लेकर समुद्र तक में भी उनकी खोज जारी है। इस बार पहली बार पृथ्वी के भीतर एक नई दुनिया की खोज हुई है। वैज्ञानिकों ने प्रशांत महासागर के नीचे एक रहस्यमय 'डूबे हुए संसार' की खोज की है। ये खोज पृथ्वी के इंटरनल मैपिंग की नई तकनीक के ज़रिये। यहां जो कुछ मिला है वो 4 बिलियन साल यानी 4 अरब वर्ष पुराना है, जो पूरी दुनिया को आश्चर्यचकित करने के लिए काफी है। माना जा रहा है कि इस रहस्यमय जगह का निर्माण लगभग 4 अरब वर्ष पहले पृथ्वी के मेंटल के निर्माण के दौरान हुआ होगा।ऐसा माना जाता है कि जब पृथ्वी का मेंटल बन रहा था, तभी बड़े-बड़े धब्बे बने होंगे, जो क्रस्ट की तरह मौजूद हैं। हालांकि, वैज्ञानिक अभी तक इस नई खोज की वास्तविक पहचान के बारे में कुछ नहीं कह रहे हैं। उनके अनुसार, यह अरबों वर्षों में पृथ्वी के अंदर घने पदार्थ के निर्माण का परिणाम भी हो सकते हैं। वैज्ञानिकों का कहना है कि यह आश्चर्यजनक खोज पृथ्वी के आंतरिक भाग की मैपिंग करने वाली एक नई विधि के ज़रिये संभव हुई है। यह जलमग्न दुनिया अब तक मिले सबडक्टेड स्लैब से बिल्कुल ही अलग है। ये उस जंक्शन से दूर है, जहां पृथ्वी के टेक्टोनिक प्लेट्स टकराते हैं और भूकंप की स्थिति बनती है, हालांकि ये उसी प्वाइंट पर है।

शोधकर्ताओं के अनुसार, यह पृथ्वी पर एक नया 'डूबा हुआ संसार' है। इसकी संरचना वैज्ञानिकों के लिए एक रहस्य बनी हुई है। ये खोज पृथ्वी के आंतरिक भाग के उच्च-रिज़ॉल्यूशन मॉडलिंग के ज़रिये संभव हुई। यह एक ऐसी तकनीक जो कई भूकंपीय मान को जोड़ कर का हाई क्वालिटी का डिटेल इमेज तैयार करता है। इसमें स्विटजरलैंड के लूगानो स्थित स्विस नेशनल सुपरकंप्यूटिंग सेंटर के 'पिज़ डेंट' सुपरकंप्यूटर का इस्तेमाल किया गया है।

---

## शब्द पहेली - 5771



**बाएँ से दाए**
1. मरघट, कब्रिस्तान-4
3. पागल, बुद्धिहीन-4
8. भगवान, ईश्वर, खुदा-7
10. डांटना, दुत्कार-3
11. तरुण, किशोर-3
13. ओट, घूँघट-3
15. तपस्या-2
17. पराया, अजनबी-2
18. आनंद, मौज-2
19. सूर्य, भास्कर-2
21. चिंतन, सोच विचार-3
25. वेणी, फूलों की माला जो बालों में लगाते हैं-3
26. वैद्य-3
27. आभास करना-4,3
30. शिव के इस मंदिर को महमूद गजनवी ने कई बार लूटा था-2,2
31. युद्धघोष, आक्रमण, हमला-4

**ऊपर से नीचे**
2. कवि, गजलकार-3
4. भारत का झंडा-3
5. ईश्वर, भगवान-4
6. गुरुवार-4
7. दुर्ज, पापी, भूत-3
8. शरण, आश्रय-3
9. चांदी-3
12. उत्तराधिकारी-3
13. उत्कृष्ट, प्रधान-3
14. आंचल-3
16. कमल-3
20. रुकना, अंत, ठहराव-3
22. उत्तमता, खूबी (उर्दू-4)
23. बर्दाश्त करना, निभाना-3
24. आय, कमाई-4
25. उष्णा-3
28. पराजित करना-3
29. उपपत्नी, दूसरी पत्नी-3

■ मंगल सेनाचा, बैंगलोर

**शब्द पहेली- 5770 का हल**



## सूडोकु नवताल - 5781

✱✲✲✲✲ सरल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 4 | | 7 | | 1 | | | 3 |
| 3 | | 5 | | 4 | | 1 | | |
| | 2 | | | | 8 | | | |
| 4 | | 3 | | | | | | |
| | 8 | | | 2 | | | 1 | |
| | | | | | | 8 | | 6 |
| | | | 2 | | | | 3 | |
| | | 9 | | 8 | | 2 | | 4 |
| 1 | | | 4 | | 6 | | 9 | |

■ MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल - 5780 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | 2 | 7 | 4 | 8 | 6 | 5 | 3 | 1 |
| 5 | 1 | 6 | 3 | 2 | 9 | 4 | 8 | 7 |
| 3 | 4 | 8 | 7 | 1 | 5 | 9 | 6 | 2 |
| 8 | 3 | 4 | 9 | 5 | 1 | 2 | 7 | 6 |
| 7 | 6 | 5 | 8 | 4 | 2 | 3 | 1 | 9 |
| 1 | 9 | 2 | 6 | 3 | 7 | 8 | 5 | 4 |
| 6 | 7 | 3 | 2 | 9 | 8 | 1 | 4 | 5 |
| 2 | 8 | 1 | 5 | 7 | 4 | 6 | 9 | 3 |
| 4 | 5 | 9 | 1 | 6 | 3 | 7 | 2 | 8 |

जंतु जगत
प्रत्यूष शर्मा

बच्चों, फूलों पर मंडराती रंग-बिरंगी प्यारी तितलियां, हर किसी का मन मोह लेती हैं। दुनिया भर में इन तितलियों की अनेक प्रजातियां हैं। यहां बताई जा रही तितलियों में से एक तितली को छोड़कर बाकी तितलियों को अपने-अपने राज्यों में राजकीय तितली घोषित किया गया है। जानो, इन मनभावन तितलियों के बारे में।

# मनमोहक रंग-बिरंगी तितलियां



## 89-98 तितली




**इस तितली** का वास्तविक नाम डायएथ्रिया फ्लोजिया या यूक्लिड्स फ्लोजिया है। यह 89, 98 उपनाम से भी जानी जाती है, क्योंकि इसके पंखों पर 89 और 98 अंक जैसे चिन्ह अंकित होते हैं। यह एक ऐसी तितली है, जो संख्याओं का एक सेट पहनकर घूमती है। लगभग 200-1700 मीटर की ऊंचाई पर रहने वाली ये तितलियां बहुत ही एक्टिव रहती हैं। ये तितलियां एक जगह पर ज्यादा नहीं टिकती हैं यानी एक स्थान पर कुछ सेकेंड से ज्यादा आराम नहीं करती हैं। ये तितलियां सूर्यास्त से पहले अपने पंख फैलाकर धूप सेंकती देखी जाती हैं। रात होने पर ये किसी पत्ते के नीचे बैठकर आराम करती हैं। ये तितलियां कोलंबिया समेत दक्षिण अमेरिका के कई अन्य देशों में पाई जाती हैं। *



## केसर-ए-हिंद तितली


**इस तितली** का वैज्ञानिक नाम टीनोपालपस इंपीरियलिस है। इसे अरुणाचल प्रदेश की राज्य तितली का दर्जा दिया गया है। केसर-ए-हिंद, जंगल में पाई जाने वाली सबसे दुर्लभ तितलियों में से एक है। यह तितली पूर्वी हिमालय में पाई जाती है। इस तितली को दिया गया नाम 'केसर-ए-हिंद' का शाब्दिक अर्थ 'भारत का सम्राट' है। इस तितली को मध्यम और उच्च ऊंचाई वाले क्षेत्रों में यानी 6,000 से 10,000 फीट की ऊंचाई पर देखा जा सकता है। इस तितली की उड़ान बहुत तेज होती है, यह पेड़ की चोटी पर बहुत तेज गति से पहुंच जाती है। केसर-ए-हिंद तितली भारत के अलावा नेपाल, भूटान, वियतनाम, म्यांमार, लाओस और दक्षिणी चीन में भी पाई जाती है। *



## ब्लू पैंसी बटरफ्लाई

**ब्लू पैंसी** तितली, जम्मू कश्मीर की राज्य तितली है। ब्लू पैंसी तितली अपने चमकीले नीले और काले पंखों के लिए जानी जाती है, जो नारंगी रंग के धब्बों से सजे होते हैं। यह तितली जम्मू-कश्मीर के घास के मैदानों में और उद्यानों में पाई जाती है। *


## ब्लू मॉर्मन बटरफ्लाई



**ब्लू मॉर्मन** तितली का वैज्ञानिक नाम पैपिलियो पॉलीमेनेस्टर है। आकर्षक रंग और बड़े-बड़े पंखों वाली यह तितली बहुत ही मनमोहक लगती है। इसे महाराष्ट्र की राज्य तितली घोषित किया गया है। बच्चों, इस तितली के बारे में एक खास बात यह भी जान लो कि महाराष्ट्र भारत का पहला ऐसा राज्य है, जिसने साल 2015 में अपनी राज्य की राजकीय तितली घोषित किया थी। इसके बाद कुछ अन्य राज्यों में भी अपने-अपने राज्य की राजकीय तितलियों की घोषणा की गई। ब्लू मॉर्मन भारत के अलावा श्रीलंका में भी बहुतायत में पाई जाती है। *

## पीकॉक बटरफ्लाई

**पीकॉक तितली** को पैपिलियो बियानोर के नाम से भी जाना जाता है। इसे भारत के उत्तराखंड राज्य की राज्य तितली का दर्जा प्राप्त है। इस तितली के पंखों पर पीकॉक यानी मोर की तरह बड़े-बड़े धब्बे और पैटर्न बने होते हैं। इन धब्बों और पैटर्न्स की वजह से ही इसे 'पीकॉक बटरफ्लाई' कहा जाता है। यह तितली जंगल, घास के मैदान, खेत, पार्क आदि में रहती है। इसके पंखों के नीचे का हिस्सा गहरे भूरे-काले रंग का होता है। पीकॉक तितली की एक खासियत यह भी होती है कि यह आस-पास के रंगों और माहौल में घुल-मिल जाती है। कोई खतरा भांपते ही किसी पत्ते की तरह स्थिर हो जाती है, जिससे इसके शिकार के लिए आया कोई शिकारी जंतु इसे पहचान नहीं पाता। यह तितली यूरोप, एशिया महादेशों और जापान के समशीतोष्ण क्षेत्रों में पाई जाती है। *



छोटी कहानी / समीर गांगुली

नदी के इस पार इंसान का बच्चा तो दूसरे पार शेर का बच्चा था। दोनों ने एक-दूसरे को देखा और नदी में उतर कर शरारत करने लगे। पढ़ो एक मजेदार कहानी।

# दोस्ती-दुश्मनी

शेर जंगल की तरफ था। छोटा था छह महीने का।

शेरू गांव की तरफ था। वह भी छोटा था छह साल का।

दोनों के बीच नदी बह रही थी।

आज से पहले शेर ने दो पैर से चलने वाले किसी को नहीं देखा था। शेरू ने भी सचमुच का शेर नहीं देखा था। सो दोनों एक-दूसरे को देखने लगे। नदी के इस पार, उस पार से।

फिर दोनों ने नदी का पानी पीया। पहली बार अपने-अपने तरीके से, दूसरी बार दूसरे के तरीके से। फिर कुछ देर तक वे एक-दूसरे को देखते रहे।



शेरू को मजाक सूझा। वह पानी में उतरा और दोनों हाथों से पानी को छपछपाने लगा। यह देख शेर भी पानी में उतरा और पानी को छपछपाने लगा। ऐसा करके उन्होंने इतना पानी उछाला कि दोनों भीग गए।

तभी उनकी नजर ऊपर से नदी में बहती आ रही एक लंबी-मोटी चीज पर पड़ी। यह एक मोटे पेड़ का तना था, जो पहाड़ों से बहता चला आ रहा था। लेकिन उन्होंने इसे पानी का जानवर समझा और डर कर किनारों के बड़े पत्थरों के पीछे जा छिपे। जब तना बहता हुआ आगे चला गया तो उनका डर दूर हुआ। दोनों फिर से बाहर आकर एक-दूसरे की तरफ देखने लगे।

नदी गहरी थी और दोनों ही तैरना नहीं जानते थे, मगर वे एक दूसरे को और नजदीक से देखना चाहते थे। इसलिए वे फिर से पानी में उतर गए और दो कदम आगे, एक कदम पीछे करके थोड़ा आगे बढ़े। शेर दो पैर से चलना चाहता था। शेरू भी चार पैर की चाल देखना चाहता था। शायद दोनों एक-दूसरे से दोस्ती करना चाहते थे।

शेर ने आवाज लगाई, 'आऽऽऽऽ आऽऽऽ!'

शेरू ने भी आवाज लगाई, 'आऽऽऽऽ आऽऽऽऽ!'

तभी जंगल की तरफ से एक दहाड़ गूंजी। शेरू ने देखा, एक बहुत बड़ा शेर नदी के उस पार आकर खड़ा हो गया था। वह छोटे शेर का बाप था।

नदी के इस पार शेरू की तरफ भी तभी हलचल हुई, हवा में बंदूक की 'धांय' की आवाज गूंज उठी।

इधर शेरू का बापू शंभू अपनी दुनाली बंदूक के साथ खड़ा था।

नदी के दोनों पार, अब दोनों बच्चे अपने पिता के साथ थे।

शेर अपने बेटे को आदमी के बारे में बता रहा था और आदमी अपने बेटे शेरू को शेर के बारे में बता रहा था। बहुत बुरा, डरावना और नफरत लायक। फिर सब जहां से आए थे, वहां लौट गए।

शेर और शेरू ने एक बार भी मुड़कर एक-दूसरे की तरफ नहीं देखा। *

## जीके क्विज-140

1. हाल में संपन्न 76वें गणतंत्र दिवस समारोह में किस राज्य ने सर्वश्रेष्ठ झांकी का पुरस्कार जीता?
2. असम के मुख्यमंत्री ने किस शहर को राज्य की दूसरी राजधानी बनाने की घोषणा की है?
3. खेलो इंडिया विंटर गेम्स का आयोजन कहां किया जा रहा है?
4. हाल ही में देश का केंद्रीय बजट पेश करने वाली वित्त मंत्री का क्या नाम है?
5. सबसे भारी धातु कौन सी है?
6. भारत में मीठे पानी की सबसे बड़ी झील कौन-सी है?
7. शरीर का कौन-सा अंग हमारे रक्त को शुद्ध करता है?
8. किस देश को 'केक की भूमि' कहा जाता है?
9. सेब में कौन-सा एसिड पाया जाता है?
10. विश्व का सबसे बड़ा द्वीप कौन-सा है?



बच्चों, जीके क्विज-140 का उत्तर बालभूमि के अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा। सही जवाब देने वाले बच्चों के नाम भी प्रकाशित किए जाएंगे। तुम अपने जवाब हमें **balbhoomihb@gmail.com** पर मेल कर सकते हो।

**जीके क्विज-139 का उत्तर :** 1.प्रलय, 2.ऋषभ पंत, 3.टेनिस, 4.बाबर, 5.मौलाना अबुल कलाम आजाद, 6.क्षोभमंडल (ट्रोपोस्फेयर), 7.भारत और चीन, 8.प्रशांत महासागर, 9.स्वामी विवेकानंद, 10.बौद्ध धर्म

**जीके क्विज-139 का सही उत्तर देने वाले :** क्षमा-बिलासपुर, रमेश-रायगढ़, कबीर-हिसार, डिंपल-बिलासपुर, बी.ईशान-अहमदाबाद, बी.आकांक्षा-अहमदाबाद, मनोज-ईमेल से, राहुल-रोहतक, कुसुम-रायपुर, जतिन-महेंद्रगढ़

## हंसगुल्ले



**रिंकी :** चलो, डिनर कर लो।
**पिंकी :** लेकिन अभी तो दोपहर है। डिनर तो रात के खाने को कहते हैं।
**रिंकी :** हां, यह रात का बचा हुआ खाना ही है।
-अंशु, रायपुर

**टीचर :** मैं जो सवाल पूछूं, उसका जवाब फटाफट देना।
**रोहन :** जी मैम।
**टीचर :** बताओ, ऑस्ट्रेलिया की राजधानी कहां है?
**रोहन :** फटाफट...।
-जीवेश, बिलासपुर

**साइंस टीचर :** कौन-सा लिक्विड गर्म करने पर सॉलिड बन जाता है?
**राजू :** बेसन के पकौड़े।
-तनुजा, बेमेतरा

कहानी / सरस्वती रमेश

दादी ने अपने घर में एक लाइब्रेरी बना रखी थी। इस लाइब्रेरी में बच्चे भी किताबें पढ़ने आते थे। दादी को लगा कि लाइब्रेरी छोटी पड़ रही है तो उन्होंने एक बड़ी जगह खोज ली। अब समस्या यह थी कि इतनी ढेर सारी किताबें वहां पहुंचाई कैसे जाएं? लेकिन बच्चों ने ऐसा कुछ करिश्मा दिखाया कि सारी किताबें नई जगह पर देखते ही देखते शिफ्ट हो गईं!

# जादूगर बच्चे



कनिका को किताबें पढ़ने का बहुत शौक था। यह शौक उसे अपनी दादी से मिला था। असल में दादी ने अपने घर में ही एक छोटी-सी लाइब्रेरी बना रखी थी। उस लाइब्रेरी में तरह-तरह की ज्ञानवर्धक किताबें थीं। दादी जब भी फुर्सत में होतीं, लाइब्रेरी में बैठकर किताबें पढ़तीं। लाइब्रेरी की किताबें बड़ों के लिए ही नहीं, बच्चों के लिए ज्ञानवर्धक थीं। दादी को पढ़ता देखकर कनिका भी लाइब्रेरी में जाने लगी। दादी ने अपनी लाइब्रेरी में बच्चों की ढेर सारी पत्रिकाएं, कॉमिक्स, स्टोरी बुक्स और जीके बुक्स लाकर रख दीं। ताकि कनिका को पढ़ने में दिलचस्पी पैदा हो। ये किताबें इतनी इंटरेस्टिंग थीं कि रविवार को कनिका के दोस्त भी वहां आकर किताबें पढ़ने लगे। धीरे-धीरे दादी की सहेलियों से ज्यादा वहां कनिका के दोस्त आने लगीं। दादी भी उनका पूरा ख्याल रखतीं। उन्होंने लाइब्रेरी को पूरी तरह बच्चों के लिए समर्पित कर दिया। अब तो आस-पास के खूब सारे बच्चे छुट्टी के दिन वहां जुटते। रविवार के दिन तो कनिका के घर में जैसे कोई बुक फेयर चल रहा होता। भीड़ बढ़ती देखकर दादी को महसूस हुआ कि लाइब्रेरी कहीं और शिफ्ट करनी पड़ेगी, क्योंकि अब घर में जगह कम पड़ने लगी थी।

जल्दी ही दादी ने घर के पास ही एक जगह देख ली। इसमें बड़ा-सा हॉल खाली पड़ा था, जिसके सामने एक छोटा-सा गार्डन भी था। बच्चे लाइब्रेरी से किताबें लेकर गार्डन में बैठकर पढ़ सकते थे। इसलिए दादी को यह जगह बहुत पसंद आई। उन्होंने लाइब्रेरी के लिए फर्नीचर का भी इंतजाम कर लिया, जिसमें किताबें रखी जा सकें और बच्चे बैठकर पढ़ सकें। जब लाइब्रेरी तैयार हो गई तो किताबें शिफ्ट करने की बारी आई। किताबें बहुत ज्यादा थीं। दादी घुटनों में दर्द के कारण बहुत चल-फिर नहीं पाती थीं। फिर किताबें किस तरह शिफ्ट की जाएं, दादी सोच में पड़ गईं। उन्होंने कनिका को अपनी चिंता बताई।

'दादी आप चौक पर से मजदूर लेकर आ जाएं, वो मजदूरी में कुछ पैसे लेकर किताबें वहां पहुंचा देंगे।' कनिका ने सुझाव दिया।

'लेकिन मेरे पास जितने भी पैसे थे, वह मैंने नई लाइब्रेरी के किराए और फर्नीचर के लिए दे दिया। अब तो मेरे पास बहुत कम पैसे बचे हैं, कब, कैसी जरूरत पड़ जाए पता नहीं, ये पैसे तब संकट में काम आएंगे। इन पैसे का मेरे पास रहना जरूरी है।' दादी ने कहा।

कनिका सोच में पड़ गई। बिना पैसे के तो कोई भी मजदूर नहीं आएगा। थोड़ी देर सोचने के बाद उसने चुटकी बजाते हुए जोर से कहा, 'आइडिया!'

दादी ने चौंक कर पूछा, 'कैसा आइडिया!'

'कल किताबें अपने-आप शिफ्ट हो जाएंगी। दादी बस आप देखती जाओ।' यह कहकर कनिका चली गई।

'किताबें अपने-आप कैसे शिफ्ट हो सकती हैं!' दादी मन ही मन सोच में पड़ गईं। अगले दिन रविवार था। दादी सब्जी लेने बाजार गई थीं। हर बार की तरह कनिका के सारे दोस्त और मोहल्ले के बच्चे कनिका के घर पहुंच गए। कनिका ने किताबें शिफ्ट करने की अपनी योजना के बारे में बच्चों को बताया। 'यह तो बहुत मजेदार प्लान है।' राहुल बोला। 'हां... हां...! यह तो किसी खेल जैसा है।' सुप्रिया बोली। फिर सारे बच्चे खुशी से चिल्लाते हुए चल पड़े। बच्चों ने कनिका के घर से शुरू करके नई लाइब्रेरी तक ह्यूमन चेन बना ली। फिर एक-एक किताब एक दूसरे को पास करने लगे। घंटे भर में ही सारी किताबें कनिका के घर से नई लाइब्रेरी तक पहुंच गईं। फिर बच्चों ने मिलकर किताबों को कायदे से रैक में लगा दिया। दादी जब लौटीं तो नई लाइब्रेरी में लगी किताबों को देखकर दंग रह गईं। 'यह सब कैसे हुआ?' दादी ने हैरानी से पूछा। 'जादू से...!' कनिका ने हंसते हुए कहा। सारे बच्चे भी हंस पड़े। बच्चों को हंसता देखकर दादी भी हंसते हुए बोलीं, 'बच्चे सच में जादूगर होते हैं, थैंक्यू मेरे जादूगर बच्चों!' *

बाल गीत
डॉ. आर. पी. सारस्वत



## रंग-बिरंगी बुक

रंग-बिरंगी बुक आई है।
बेहद सबके मन भाई है।।
इसका तो मुखपृष्ठ निराला।
बनी हुई इस पर है शाला।।
भीतर इसके बंदर, भालू।
लाल-टमाटर, बैंगन-कालू।।
वो देखो, वो हाथी-दादा।
खड़ा धूल का ओढ़ लबादा।।
फूलों से महकी है क्यारी।
तितली इनकी करे सवारी।।
काश! हमारे भी पर होते।
हम भी होते हरियल तोते।।
हमने उलट-पुलट ली सारी।
कितनी सुंदर, कितनी प्यारी।।
चलो, चलें अब घर चलते हैं।
विद्यालय में कल मिलते हैं।।

## रंग भरो-168

**रंग भरो-168** में दिए गए चित्र को तुम लोगों ने बहुत अच्छे से रंगकर हमें भेजा। उनमें से चुना गया सबसे अच्छा चित्र हम यहां प्रकाशित कर रहे हैं। उसे रंगकर भेजने वाले बच्चे के चित्र के साथ कुछ अन्य बच्चों के नाम और चित्र भी प्रकाशित कर रहे हैं।





नव्श, हिसार



डॉली, दुर्ग



समृद्धि, शहडोल



तेजस, रायपुर



वाणी, रायपुर



अनन्य, बिलासपुर

**इनके भी चित्र रहे प्रशंसनीय**

आदित्य-खैरागढ़, डॉली-मटियारी, प्रगति-बिलासपुर, रितेश-मटियारी, सार्थक-रायपुर, शौर्य-रोहतक, सौम्य-बालोद, वसनि-रायपुर, कार्तिक-खैरागढ़, रेयांश-बिलासपुर, कीर्ति-महासमुंद


## रंग भरो 169



बच्चों, इस ब्लैक एंड व्हाइट चित्र में सोनू और मोनी मस्ती के मूड में दिख रहे हैं। चित्र को मनचाहे रंगों से रंग कर हमें भेजो। जिस बच्चे का चित्र सर्वश्रेष्ठ होगा, उसे हम बालभूमि में प्रकाशित करेंगे। चित्र के साथ अपनी फोटो, अपना और शहर का नाम हमें इस पते पर भेजो- संपादक - फीचर, हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सेंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली- 110035 या ई-मेल आईडी balbhoomi-hb@gmail.com पर मेल करो।

## चित्र पूरा करो

बच्चों, यहां बाईं तरफ एक आधा-अधूरा चित्र दिया गया है। दाहिनी तरफ इस चित्र के कुछ कट-आउट्स दिए गए हैं। इन कट-आउट्स को सही जगह लगाकर चित्र पूरा करो।




उत्तर: A-5, B-3, C-2

# ऑस्ट्रेलिया सदमे में, कमिंस-हेजलवुड बाहर, स्टोइनिस का अचानक संन्यास

## आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी जीतने की उम्मीदों को लगा करारा झटका

एजेंसी ▸▸ मेलबर्न/गॉल

कप्तान पैट कमिंस और जोश हेजलवुड की तेज गेंदबाजी जोड़ी चोटिल होने के कारण बाहर हो गई है। ऑलराउंडर मार्कस स्टोइनिस ने अचानक संन्यास लेकर सभी को चौंका दिया जिससे आस्ट्रेलिया की आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी जीतने की उम्मीदों को करारा झटका लगा है। कमिंस और हेज़लवुड के अलावा ऑलराउंडर मिशेल मार्श भी चोटिल होने के कारण चैंपियंस ट्रॉफी में नहीं खेल पाएंगे।

इसका मतलब है कि ऑस्ट्रेलिया को अपनी शुरुआती 15 सदस्यीय टीम में कम से कम चार बदलाव करने होंगे। चैंपियंस ट्रॉफी 19 फरवरी से पाकिस्तान और दुबई में खेली जाएगी जिसमें दुनिया की शीर्ष आठ टीम भाग लेंगी। ऑस्ट्रेलिया को 12 फरवरी तक अपनी अंतिम टीम का चयन करना होगा। चैंपियंस ट्रॉफी के लिए ऑस्ट्रेलिया की टीम में चुने गए स्टोइनिस ने एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लेकर सभी को चौंका दिया। यह 35 वर्षीय खिलाड़ी हालांकि टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में खेलने के लिए उपलब्ध रहेगा।



### तीन खिलाड़ी चोटिल

कमिंस टखने की चोट से नहीं उबर पाए हैं, जिसने उन्हें भारत के खिलाफ हाल ही में बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी टेस्ट श्रृंखला के दौरान भी परेशान किया था। हेज़लवुड अभी भी पिंडली की चोट से उबर रहे हैं। वह अपनी इस चोट के कारण भारत के खिलाफ अंतिम दो टेस्ट मैच में नहीं खेल पाए थे। मार्श पीठ की चोट से नहीं उबर पाने के कारण पहले ही चैंपियंस ट्रॉफी से बाहर हो गए हैं।

### अन्य को मिलेगा मौका

ऑस्ट्रेलिया के राष्ट्रीय चयन पैनल के अध्यक्ष जॉर्ज बेली ने गुरुवार को गॉल में कहा, 'दुर्भाग्य से पैट, जोश और मिच चोटों से जूझ रहे हैं और चैंपियंस ट्रॉफी के लिए समय पर फिट नहीं हो पाएंगे। यह निराशाजनक है लेकिन इससे अन्य खिलाड़ियों को अपना कौशल दिखाने का मौका मिलेगा।' कमिंस की अनुपस्थिति में स्टीव स्मिथ या ट्रैविस हेड चैंपियंस ट्रॉफी में वनडे विश्व कप विजेता टीम का नेतृत्व कर सकते हैं।

### 71 वनडे मैच में 1495 रन


स्टोइनिस ने अपने वनडे कॅरियर की शुरुआत 2015 में इंग्लैंड के खिलाफ ओल्ड ट्रैफर्ड में की थी। उन्होंने 71 वनडे मैच में 1495 रन बनाए हैं जिसमें एक शतक और छह अर्धशतक शामिल हैं। उन्हें 2018-19 में देश का वर्ष का एकदिवसीय क्रिकेटर चुना गया था। वह टी20 (2021) और वनडे (2023) दोनों प्रारूपों में ऑस्ट्रेलिया की विश्व कप विजेता टीम का हिस्सा रहे हैं।

### पहला मैच 22 को

ऑस्ट्रेलिया को चैंपियंस ट्रॉफी में अपना पहला मैच 22 फरवरी को इंग्लैंड के खिलाफ खेलना है। इसके बाद उसे बाद दक्षिण अफ्रीका (25 फरवरी, रावलपिंडी)

### फैसला करना आसान नहीं

*माना जा रहा है कि एसए20 टूर्नामेंट के दौरान हैमस्ट्रिंग की चोट के कारण स्टोइनिस ने अचानक यह फैसला किया। वह इस टूर्नामेंट में डरबन सुपर जॉइंट्स की तरफ से खेलते हैं। स्टोइनिस ने क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया द्वारा जारी किए गए बयान में कहा,*



*'ऑस्ट्रेलिया के लिए एक दिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में खेलना अविश्वसनीय सफर रहा और इसके लिए मैं आभारी हूं। अपने देश का शीर्ष स्तर पर प्रतिनिधित्व करना ऐसी चीज है जिसे मैं हमेशा संजोकर रखूंगा। मेरे लिए यहां फैसला करना आसान नहीं था लेकिन मुझे लगता है कि एक दिवसीय क्रिकेट को अलविदा कहने और अपने करियर के अगले अध्याय पर पूरी तरह से ध्यान केंद्रित करने का यह सही समय हे। रॉन (मुख्य कोच एंड्रयू मैकडोनाल्ड) के साथ मेरे संबंध बहुत अच्छे हैं और मैंने उनके समर्थन की बेहद सराहना की है। मैं चैंपियंस ट्रॉफी के दौरान अपने खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाऊंगा।'*

---

तीन मैच की वनडे श्रृंखला में बनाई 1-0 की बढ़त

# गेंद-बल्ले से भारत हिट, इंग्लैंड को चार विकेट से हराया, शतक से चूके शुभमन

एजेंसी ▸▸ नागपुर

पदार्पण कर रहे तेज गेंदबाज हर्षित राणा और रविंद्र जडेजा की उम्दा गेंदबाजी के बाद शुभमन गिल और अक्षर पटेल की शतकीय साझेदारी से भारत ने गुरुवार को यहां पहले एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में इंग्लैंड को चार विकेट से हराकर तीन मैच की श्रृंखला में 1-0 की बढ़त बना ली। इंग्लैंड के 249 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए गिल ने 96 गेंद में 14 चौकों से 87 रन की पारी खेलने के अलावा अक्षर (52 रन) के साथ चौथे विकेट के लिए 108 रन की साझेदारी की जिससे भारत ने सिर्फ 38.4 ओवर में छह विकेट पर 251 रन बनाकर जीत दर्ज की।

गिल ने श्रेयस अय्यर (59 रन) के साथ भी उस समय तीसरे विकेट के लिए 94 रन की साझेदारी की जब टीम 19 रन पर दो विकेट गंवाने के बाद संकट में थी। इंग्लैंड इससे पहले जडेजा (तीन विकेट) और राणा (तीन विकेट) की धारदार गेंदबाजी के सामने 47.4 ओवर में 248 रन पर सिमट गया। कप्तान जोस बटलर (52) और जेकब बेथेल (51) ने अर्धशतक जड़े जबकि सलामी बल्लेबाज फिल सॉल्ट (43) ने भी उपयोगी पारी खेली लेकिन इंग्लैंड ने नियमित अंतराल पर विकेट गंवाए और मेहमान टीम बड़ा स्कोर खड़ा करने में नाकाम रही।



### अक्षर-अय्यर की फिफ्टी

श्रेयस अय्यर और शुभमन गिल के बाद अक्षर पटेल ने भी अर्धशतक जड़ दिया है। उन्होंने महज 46 गेंदों में अपने करियर का तीसरा पचासा पूरा किया। तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी के लिए उतरे शुभमन गिल ने 60 गेंदों में अपने करियर का 14वां अर्धशतक पूरा कर लिया।

### स्कोर बोर्ड

| इंग्लैंड | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| फिल सॉल्ट रन आउट | 43 | 26 | 5 | 3 |
| डकेट का जायसवाल बो राणा | 32 | 29 | 6 | 0 |
| जो रूट बो जडेजा | 19 | 31 | 1 | 0 |
| हैरी ब्रूक का राहुल बो राणा | 00 | 03 | 0 | 0 |
| बटलर का पंड्या बो अक्षर | 52 | 67 | 4 | 0 |
| बेथेल पगबाधा बो जडेजा | 51 | 64 | 3 | 1 |
| लिविंगस्टोन का राहुल बो राणा | 05 | 10 | 0 | 0 |
| ब्राइडन कार्स बो शमी | 10 | 18 | 1 | 0 |
| आदिल राशिद बो जडेजा | 08 | 16 | 0 | 0 |
| जोफ्रा आर्चर नाबाद | 21 | 18 | 3 | 1 |
| साकिब स्ट राहुल बो कुलदीप | 02 | 04 | 0 | 0 |

अतिरिक्त : 05, कुल : 47.4 ओवर में 248/10
गेंदबाजी : शमी 8-1-38-1, राणा 7-1-53-3, अक्षर 7-0-38-1, पंड्या 7-1-37-0, कुलदीप 9.4-0-53-1, जडेजा 9-1-26-3

| भारत | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| यशस्वी का सॉल्ट बो आर्चर | 15 | 22 | 3 | 0 |
| रोहित का लिविंगस्टोन बो महमूद | 02 | 07 | 0 | 0 |
| शुभमन का बटलर बो महमूद | 87 | 96 | 14 | 0 |
| श्रेयस अय्यर पगबाधा बो बेथेल | 59 | 36 | 9 | 2 |
| अक्षर पटेल बो राशिद | 52 | 47 | 6 | 1 |
| लोकेश राहुल का एवं बो राशिद | 02 | 09 | 0 | 0 |
| हार्दिक पंड्या नाबाद | 09 | 06 | 0 | 1 |
| रविंद्र जडेजा नाबाद | 12 | 10 | 2 | 0 |

अतिरिक्त : 13,
कुल : 38.4 ओवर में 251/6
गेंदबाजी :
आर्चर 7-1-39-1, महमूद 6.4-0-47-2, कार्स 5-0-52-0, राशिद 10-1-49-2, बेथेल 3-0-18-1, लिविंगस्टोन 5-0-28-0, रूट 2-0-10-0.

### जडेजा ने पूरे किए 600 अंतरराष्ट्रीय विकेट

भारतीय टीम के स्टार ऑलराउंडर रवींद्र जडेजा ने इंग्लैंड के खिलाफ पहले वनडे मुकाबले में शानदार गेंदबाजी की और तीन विकेट लेने में सफल रहे। जडेजा ने इसके साथ ही भारत के लिए अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में 600 विकेट पूरे कर लिए हैं और वह ऐसा करने वाले पांचवें भारतीय गेंदबाज हैं।



जडेजा ने अपने करियर में भारत के लिए 80 टेस्ट मैचों में 323 विकेट, 198 वनडे में 223 विकेट और 74 टी20 में 54 विकेट लिए हैं। डेब्यू कर रहे तेज गेंदबाज हर्षित राणा और स्पिनर रवींद्र जडेजा की अगुआई में गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन के दम पर भारत ने 47.4 ओवर में इंग्लैंड को 248 रन पर ऑलआउट कर दिया।

### भारत के लिए सबसे ज्यादा विकेट

| खिलाड़ी | मैच | विकेट |
|---|---|---|
| अनिल कुंबले | 401 | 953 |
| रविचंद्रन अश्विन | 287 | 765 |
| हरभजन सिंह | 365 | 707 |
| कपिल देव | 356 | 687 |
| रवींद्र जडेजा | 352 | 600* |
| जहीर खान | 303 | 597 |
| जवागल श्रीनाथ | 296 | 551 |
| मोहम्मद शमी | 191 | 452* |
| जसप्रीत बुमराह | 204 | 443* |
| ईशांत शर्मा | 199 | 434* |

क्रिकेट

# चक्रवर्ती, त्रिशा प्लेयर ऑफ द मंथ अवार्ड के लिए नामित

एजेंसी ▸▸ दुबई

रहस्यमयी स्पिनर वरुण चक्रवर्ती को हाल में इंग्लैंड के खिलाफ संपन्न पांच मैच की टी20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला में शानदार प्रदर्शन के बाद गुरुवार को अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद के महीने के सर्वश्रेष्ठ पुरुष क्रिकेटर के पुरस्कार के लिए नामित किया गया।

चक्रवर्ती ने पांच मैच में 9.85 की शानदार औसत और 7.66 की इकोनॉमी रेट से 14 विकेट चटकाए। चक्रवर्ती ने टी20 विश्व चैंपियन भारत को घरेलू श्रृंखला 4-1 से जिताने में अहम योगदान दिया। हाल में आईसीसी महिला अंडर-19 टी20 विश्व कप के दौरान टूर्नामेंट की सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी रहीं भारतीय सलामी बल्लेबाज गोंगाडी त्रिशा को महिला वर्ग में पुरस्कार के लिए नामित किया गया है।

त्रिशा 309 रन के साथ टूर्नामेंट में सबसे ज्यादा रन बनाने वाली खिलाड़ी थीं।






**कार्यालय कार्यपालन यंत्री, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकीय मेकेनिकल खण्ड, छुई खदान, बेदीनगर जबलपुर**

Phone- 0761- 2977337 E-mail-eephmecjb@yahoo.com

निविदा क्र0 54 /2024–25/तक./का.यं./लो.स्वा.यां.मैके.खण्ड/जबलपुर दिनांक 05.02.2025

**निविदा आमंत्रण सूचना**

म.प्र. के राज्यपाल की ओर से अधोहस्ताक्षर्ता द्वारा निम्नानुसार ई–टेण्डर ऑन लाईन डिजिटल मुहरबंद (Digitaly Sealed) लोक स्वा. यां. मैके. खण्ड जबलपुर के अन्तर्गत मण्डला जिले मे विभागीय ड्रिलिंग रिग मशीनों द्वारा सफल नलकूपों में प्लेटफार्म निर्माण कार्य कराने हेतु मध्यप्रदेश लोक निर्माण विभाग में उपयुक्त श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निविदा आमंत्रित की जाती है। जिसका अवलोकन http://www.mptender.gov.in वेबसाईट में किया जा सकता है।

| क्र. | निविदा क्रमांक | पोर्टल निविदा क्रमांक (2025 - PHED) | कार्य का विवरण | अनुमानित लागत रूपये (रूपये में) | प्रतिभूति राशि (रूपये में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य (रूपये में) | निविदा प्रपत्र कय करने की प्रारंभिक दिनांक | निविदा प्रपत्र कय करने की अंतिम दिनांक |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 |
| 1 | 54/2024–25 | 400707 | 100 नग लेटफार्म निर्माण कार्य | 839900.00 | 16798/– | 2000/– | 05.02.25 | 17.02.25 |

नोटः– निविदा में अन्य कोई संशोधन होता है, तो केवल ऑन–लाईन संशोधन किया जायेगा, समाचार पत्रों में नहीं।

G-22708/24 (एस. के. कुरील) कार्यपालन यंत्री लो. स्वा. यां. मैके. खण्ड जबलपुर



**कार्यालय, कलेक्टर (जनजातीय कार्य ) शहडोल,म0प्र0**

http://mptender.gov.in दूरभाषः– 07652–240320 Email- twelfareshd@mp.nic.in

कमांक/ज0जा0का0/निर्माण/2024–25/ 688 शहडोल, दिनांक 03/02/2025

**ई–निविदा विज्ञप्ति प्रथम आमंत्रण**

म0प्र0 के राज्यपाल की ओर से ऑनलाइन निविदायें प्रतिशत दर पर लोक निर्माण विभाग में उचित श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से भवन निर्माण हेतु लोक निर्माण विभाग(भवन) म0प्र0 भोपाल द्वारा जारी दिनांक 01 जनवरी 2024 से भवन/विद्युत कार्य, एवं 25 मार्च 2022 लोक निर्माण विभाग (रोड एवं ब्रिज) से प्रभावशील लोक निर्माण विभाग के प्रचलित एस.ओ.आर. पर (निविदा दिनांक तक समस्त संशोधनों सहित) निम्नांकित कार्यो हेतु ऑनलाईन निविदायें निम्न विवरण अनुसार आमत्रित की जाती है। निविदा की विस्तृत शर्ते, निविदा प्रपत्र एवं अन्य जानकारियां http://mptender.gov.in पर देखी जा सकती है।

1. आनलाईन निविदा प्रपत्र विकय की प्रारंभिक तिथि : 31.01.2025
2. आन लाईन निविदा प्रपत्र विकय की अंतिम तिथि : 14.02.2025
3 ऑन लाइन निविदा प्रपत्र जमा करने की अंतिम तिथि : 14.02.2025
4 ऑन लाइन निविदा प्रपत्र खोलने की तिथि : 17.02.2025

| क्र. | NIT No. | Online NIT No. | कार्य का नाम | निविदा प्रपत्र का मूल्य | ठेके की अनुमानित राशि लाखों में | अमानत राशि | कार्य पूर्ण करने अवधि | उचित पंजीयन की श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 6 | 7 |
| 1 | 610/ 30.1.25 | TWD/ TENDER NO- 2025_TAD_ 400016_1 | संभाग स्तरीय सामुदायिक भवन का निर्माण | 12500 | 167.83 | 167830 | 12 माह वर्षा (ऋतु सहित) | लोक निर्माण विभाग में पंजीकृत ठेकेदार |

आनलाईन अभिलेख जमा करना अनिवार्य होगा । निविदा से संबंधित समस्त आवश्यक संशोधन उपरोक्त बेवसाइट http://mptender.gov.in पर ही दर्ज किये जायेगें पृथक से समाचार पत्रों पर प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

G-22685/24 सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य शहडोल म.प्र.


# नीरज ने स्वप्निल और ऐश्वर्य को पछाड़कर जीता स्वर्ण पदक

एजेंसी ▸▸ देहरादून

भारतीय नौसेना के निशानेबाज नीरज कुमार ने गुरुवार को यहां पेरिस ओलंपिक के कांस्य पदक विजेता स्वप्निल कुसाले को पछाड़कर राष्ट्रीय खेलों की पुरुष 50 मीटर राइफल थ्री पोजीशन्स का स्वर्ण पदक जीता। सेना खेल नियंत्रण बोर्ड के 25 साल के नीरज ने 464.1 अंक के साथ शीर्ष स्थान हासिल किया।

मध्यप्रदेश के ऐश्वर्य प्रताप सिंह तोमर ने 462.4 अंक के साथ रजत पदक हासिल किया जबकि महाराष्ट्र के स्वप्निल 447.7 अंक के साथ तीसरे स्थान पर रहे।



स्वप्निल पेरिस में इतिहास रचते हुए कांस्य पदक के साथ इस स्पर्धा में ओलंपिक पदक जीतने वाले पहले भारतीय बने थे। इस बीच 10 मीटर एयर पिस्टल मिश्रित टीम स्पर्धा में हरियाणा की सुरुचि सिंह और प्रमोद ने राजस्थान की अंजलि शेखावत और उमेश चौधरी को 17-7 से हराकर स्वर्ण पदक जीता। राही सरनोबत और प्रणव अरविंद पाटिल की महाराष्ट्र की जोड़ी ने कांस्य पदक हासिल किया जिन्होंने अभिनव देशवाल और यशस्वी जोशी की उत्तराखंड की जोड़ी को 17-3 से हराया।

### नई स्कोरिंग प्रणाली का परीक्षण करेगा बीडब्लूएफ

**नई दिल्ली।** खेल के प्रति नए दर्शकों को आकर्षित करने और मैचों को छोटा करने के उद्देश्य से बैडमिंटन विश्व महासंघ इस साल अप्रैल से कम से कम छह महीनों के लिए चुनिंदा प्रतियोगिताओं में 15 अंक के तीन गेम की स्कोरिंग प्रणाली का परीक्षण करेगा। मौजूदा प्रारूप में 21 अंक के 'बेस्ट ऑफ थ्री गेम' मैच होते हैं। विश्व संचालन संस्था की फैसला लेने वाली संस्था बीडब्लूएफ परिषद ने नवंबर में कुआलालंपुर में अपनी बैठक के दौरान मौजूदा स्कोरिंग प्रणाली को बदलने के लिए 15 अंक के तीन गेम की स्कोरिंग प्रणाली का समर्थन किया था जो पहले से ही बैडमिंटन के वैकल्पिक नियमों का हिस्सा है।

### वेस्टइंडीज में एक दशक बाद टेस्ट श्रृंखला खेलेगा ऑस्ट्रेलिया

**सेंट जॉन्स।** वेस्टइंडीज क्रिकेट बोर्ड ने बुधवार को घोषणा की कि ऑस्ट्रेलिया तीन टेस्ट और पांच टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों के श्रृंखला खेलने के लिए इस साल जून और जुलाई में कैरेबियाई दौरे पर आएगा। यह 2015 के बाद से ऑस्ट्रेलिया का वेस्टइंडीज का पहला टेस्ट दौरा होगा। यही नहीं 2015-16 में वेस्टइंडीज के ऑस्ट्रेलिया दौरे के बाद दोनों देशों के बीच पहली बार तीन टेस्ट मैचों की श्रृंखला होगी। फ्रैंक वॉरेल ट्रॉफी के लिए खेले जाने वाली टेस्ट श्रृंखला का पहला मैच 25 जून से ब्रिजटाउन, बारबाडोस में खेला जाएगा। दूसरा टेस्ट तीन जुलाई से सेंट जॉर्ज, ग्रेनाडा में और तीसरा टेस्ट 12 जुलाई से किंग्स्टन, जमैका में खेला जाएगा। इसके बाद पांच टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच की श्रृंखला खेली जाएगी। इसके पहले दो मैच किंग्स्टन में सबीना पार्क 20 और 22 जुलाई को जबकि बाकी तीन मैच 25, 26 और 28 जुलाई को सेंट किट्स के बैसेटेरे में खेले जाएंगे।


**दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे**

**नागपुर मंडल में ROB के निर्माण सम्बंधित सड़क के शेष कार्य के लिए ई-निविदा सूचना**

सीपीएम / जीएसयू, दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, नागपुर द्वारा भारत के राष्ट्रपति के लिए एवं उन की ओर से निम्नलिखित कार्यों के निष्पादन हेतु ई-निविदा आमंत्रित की जाती है:

**निविदा क्र.:** सीपीएम-जीएसयू-22-एनजीपी-2024-25

**कार्य का नाम:** नागपुर मंडल के BRD-KT ब्लॉक सेक्शन के बीच भंडारा-खात (BRD-KT) के दरम्यान कि.मी. 1073/21-23 पर समपार क्रमांक 542 व कि.मी. 1076/13-15 पर समपार क्रमांक 543 पर ROB के निर्माण सम्बन्धित शेष कार्य (सड़क कार्य)।

**अनु. निविदा मूल्य:** ₹ 2,45,35,172/-

**बयाना राशि:** ₹ 2,72,700/-

बोलीदाता उपरोक्त निविदाओं के लिए अपनी मूल/संशोधित बिड्स दिनांक **24.02.2025** के **15:00** बजे तक जमा कर सकते हैं।

मैन्युअल निविदाओं की अनुमति नहीं है व ऐसे प्राप्त सभी मैन्युअल निविदा ऑफर्स अस्वीकार कर दिए जाएंगे। अन्य विवरण वेबसाइट www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है।

उप. मुख्य अभियंता - जीएसयू, दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, नागपुर

PC/40/211

स्वच्छ भारत अभियान एक कदम स्वच्छता की ओर



**म.प्र. राज्य पर्यटन विकास निगम मर्यादित**

पर्यटन भवन, भदभदा रोड, भोपाल- 462003

फोन नं. : +91-755 4027100, 2774340/42, वेबसाइट : www.mpstdc.com

क्रमांक : 80/यांत्रिकी/पविनि/25 दिनांक : 06.02.2025

**निविदा सूचना 43/2025_STDC_401117_1**

मध्यप्रदेश राज्य पर्यटन विकास निगम भोपाल द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ऑनलाइन (Online) निविदा प्रपत्र APPENDIX 2.10 पर म.प्र. लोक निर्माण विभाग में उपयुक्त श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से आमंत्रित की जाती है। **कार्य का नाम:- खैरी माता की मढ़िया महू ब्योहरी, जिला शहडोल में उन्नयन एवं विकास कार्य (10 माह)। कार्य की अनुमानित लागत राशि रु. 77.83 लाख** वेबसाइट पर ऑनलाइन भुगतान कर निविदा प्रपत्र (टेण्डर डॉक्युमेंट) वेबसाइट के माध्यम से क्रय किये जा सकते हैं। निविदा प्रपत्र ऑनलाइन क्रय करने की **अंतिम तिथि 21.02.2025 समय सायं 05:00 बजे तक** निर्धारित है। कार्य का विस्तृत विवरण वेबसाइट **https://mptenders.gov.in** पर देखा जा सकता है।

म.प्र. माध्यम/118695/2025 कार्यपालन यंत्री



**पश्चिम मध्य रेल**

सामग्री प्रबंधन विभाग

(भंडार आपूर्ति हेतु ई– निविदा सूचना, संख्या/ईपीएस/58/2025)

प्रमुख मुख्य सामग्री प्रबंधक, पश्चिम मध्य रेल, भारत के राष्ट्रपति की ओर से, ई–खरीद प्रणाली के जरिए निम्नलिखित विज्ञापन निविदायें आमंत्रित करते हैं। कोई भी हस्तलिखित/डाक प्रस्ताव स्वीकार नहीं किए जाएंगे। पूर्ण विवरण/विनिर्देशन के लिए "website https://ireps.gov.in" पर 'ई' निविदा की जानकारी प्राप्त की सकती है।

| क्र सं. | निविदा संख्या | संक्षिप्त विवरण | निविदा की मात्रा |
|---|---|---|---|
| 1 | 81245892 | ग्लूड इंसुलेटेड रेल जॉइंट्स का निर्माण और आपूर्ति | 7282 संख्या |
| 2 | 81255001 | लोचदार रेल क्लिप का निर्माण और आपूर्ति | 3971298 संख्या |
| 3 | 81245633 | पुनर्वितरण के लिए स्पेयर्स पार्ट/आइटम | 02 संख्या |
| 4 | 81246066 | उच्च विस्कस नायलॉन–66 इंसुलेटिंग लाइनर का निर्माण और आपूर्ति | 747170 संख्या |
| 5 | 20241653 | संपर्क ब्रिज कॉम्प्लीट को स्थानांतरित करना | 3506 संख्या |
| 6 | 65245004C | संगत उपसाधनों के साथ ड्रॉप पिट टेबल | 01 संख्या |
| 7 | 34241139 | क्लोरीनयुक्त रबर पेंट की आपूर्ति | 42440 लीटर |
| 8 | 38242108 | ब्रेक पाइप के लिए एयर ब्रेक नली युग्मन | 17919 संख्या |
| 9 | 20255002 | माइक्रोप्रोसेसर आधारित नियंत्रण और फॉल्ट की आपूर्ति, निर्माण और कमीशनिंग | 30 सेट |
| 10 | 34243114 | पेंट तैयार मिश्रित ऑलिव ग्रीन | 62466 ली. |
| 11 | 65245003 | डिजाइन आपूर्ति निर्माण और 50/10 टन ईओटी क्रेन की कमीशनिंग | 03 संख्या |
| 12 | 65245018 | ईओटी क्रेन–10 टन | 01 संख्या |
| 13 | 20244097 | पिनियन शाफ्ट 21 टीथ फॉर डब्ल्यूएजी9 | 336 संख्या |
| 14 | 38241126 | संबर्धित क्षमता साइड बफर प्लंजर | 1800 संख्या |
| 15 | 38242306A | वितरक मूल्य प्रकार C3W के लिए POH किट | 1610 सेट |
| 16 | 20244424 | वैप–7 लोको 20 टीथ के लिए पिनियन शाफ्ट | 312 संख्या |
| 17 | 90241101 | एल्यूमीनियम चीकर्ड शीट, आकार: 2940x813x2.03 एमएम | 23752 कि.ग्रा. |

उपरोक्त सभी निविदाओं में क्र. सं. 1 की नियत तिथि – 12.02.2025, क्र. सं. 2 से 4 की नियत तिथि – 17.02.2025, क्र. सं. 5 से 6 की नियत तिथि – 20.02.2025, क्र. सं. 7 की नियत तिथि – 24.02.2025, क्र. सं. 8 एवं 9 की नियत तिथि – 25.02.2025, क्र. सं. 10 से 14 की नियत तिथि – 27.02.2025, निविदा सं. 15 से 17 की नियत तिथि – 03.03.2025, 50 लाख रूपये से कम अनुमानित मूल्य वाली निविदाओं के लिए इच्छुक फर्मों को www.ireps.gov.in पर जाने की सलाह दी जाती है।

प्रमुख मुख्य सामग्री प्रबंधक, पमरे, जबलपुर

स्वच्छ भारत अभियान एक कदम स्वच्छता की ओर



**छत्तीसगढ़ शासन वन विभाग**

**राजनांदगांव वनमंडल राजनांदगांव**

कार्या. 225059

सर्व साधारण सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि राजनांदगांव वन मण्डल के डिपो में उपलब्ध ईमारती/जलाऊ / बांस का ई-ऑक्शन द्वारा निवर्तन निम्नानुसार किया जावेगा । इच्छुक बोलीदारों से अनुरोध है कि वे ई-ऑक्शन में भाग लेवें। ई-ऑक्शन की शर्ते एवं अन्य जानकारी कार्यालयीन दिवस व समय पर वनमण्डल कार्यालय / वन काष्ठागार डिपो, चिरचारी से प्राप्त की जा सकती है।

अछोली काष्ठागार, नीलाम दिनांक :- 18.02.2025,

काष्ठागार का नाम :- अछोली, वनमण्डल :- राजनांदगांव

**समय :-** काष्ठागार चिल्फी का नीलाम सम्पन्न होने के पश्चात काष्ठागार अछोली का नीलाम प्रारंभ किया जावेगा ।

| क्र. | प्रजाति | नये वनोपज | | | पुराने वनोपज | | | योग | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | ईमारती घ.मी. | बल्ली | डेंगरी | ईमारती घ.मी. | बल्ली | डेंगरी | ईमारती घ.मी. | बल्ली | डेंगरी |
| 1. | सागौन | 25.000 | 73 | 163 | 82.793 | - | 1689 | 107.793 | 73 | 1852 |
| 2. | बीजा | - | - | - | 12.455 | - | - | 12.455 | - | - |
| 3. | साजा | - | - | - | 1.612 | - | - | 1.612 | - | - |
| 4. | ह.मु. ख. | - | - | - | 1.648 | - | - | 1.648 | - | - |
| 5. | कसही | - | - | - | 8.141 | - | - | 8.141 | - | - |
| 6. | अन्य | 25.000 | - | - | 14.171 | 77 | - | 39.171 | 77 | - |
| | योग | 50.000 | 73 | 163 | 120.820 | 77 | 1689 | 170.820 | 150 | 1852 |
| | 1) बम्लेश्वरी डिपो के निरस्त औद्योगिक बांस 1 मी. 6.752 नो. टन | | | | | 2) अछोली डिपो के निरस्त जलाऊ चट्टे 10 | | | | |

(1) क्रेताओं को ई-ऑक्शन से पूर्व एम. एस. टी. सी. ई-कॉमर्स पोर्टल में रजिस्ट्रेशन करना अनिवार्य है। (2) क्रेताओं को ई-ऑक्शन के पूर्व क्रय लाटों के अपसेट प्राईज मूल्य के 10 प्रतिशत की राशि अपने वालेट में रखना अनिवार्य है। सफल बोलीदार को एक सप्ताह के भीतर शेष 15 प्रतिशत ई. एम.डी. की राशि जमा करना अनिवार्य है । (3) लॉट की थप्पी सूची एवं फोटो एम. एस. टी. सी. ई-कॉमर्स पोर्टल में अपने आई.डी. से लॉग इन करके देख सकते है । (4) ई-ऑक्शन में लॉट क्रय के पश्चात प्रथम क्रेता को 40 सेकण्ड का समय प्राप्त होगा, उसी लॉट में अन्य क्रेताओं द्वारा 40 सेकण्ड के पूर्व क्रय करने पर 30 सेकण्ड का समय प्राप्त होगा।

वनमण्डलाधिकारी राजनांदगांव वनमण्डल राजनांदगांव

G-242505489/3




### हाई कोर्ट ने जनहित याचिका पर मांगा जवाब

# राजकीय ट्रस्ट की भूमि शिक्षण संस्थान के लिए कैसे दे दी

जबलपुर।

हाई कोर्ट के न्यायमूर्ति विवेक अग्रवाल व न्यायमूर्ति अनुराधा शुक्ला की युगलपीठ ने रीवा के राज परिवार के ट्रस्ट की भूमि शिक्षण संस्थान के लिए आवंटित किए जाने के रवैये पर जवाब-तलब कर लिया है। इस सिलसिले में राज्य शासन, सचिव, महर्षि पाणिनी संस्कृत व वैदिक विश्वविद्यालय उज्जैन की सचिव, प्राधिकारी, लक्ष्मणबाग संस्थान गोपालबाग के को नोटिस जारी किए गए हैं। मामले की अगली सुनवाई सात मार्च को नियत की गई है।

जनहित याचिकाकर्ता लक्ष्मणबाग संस्थान, रीवा के पूर्व लेखापाल केशव कृष्ण मिश्रा की ओर से अधिवक्ता नागेंद्र सिंह ने पक्ष रखा। उन्होंने दलील दी कि 28 एकड़ बेशकीमती जमीन मनमाने तरीके से महर्षि पाणिनी संस्कृत एवं वैदिक विवि को आवंटित की गई है। ऐसा इसलिए क्योंकि



यह जमीन धर्मार्थ आयोजनों के लिए आरक्षित की गई थी। 30 मार्च, 1953 को जो अनुबंध हुआ था, उसके सर्वथा विपरीत प्रक्रिया अपनाई गई है, जो चुनौती के योग्य है। शिकायत के बावजूद ठोस कार्रवाई नदारद रही। इसीलिए व्यापक जनहित में हाई कोर्ट की शरण ली गई है।

## शासकीय भूमि को अतिक्रमण मुक्त करें

**जबलपुर।** हाई कोर्ट के न्यायमूर्ति विवेक अग्रवाल व न्यायमूर्ति अनुराधा शुक्ला की युगलपीठ ने शासकीय भूमि का अतिक्रमण मुक्त करने के निर्देश दिए हैं। इसके लिए सात मार्च, 2025 तक की मोहलत दी है।

जनहित याचिकाकर्ता मैहर निवासी शारदा प्रसाद द्विवेदी की ओर से अधिवक्ता राजेश पटेल ने पक्ष रखा। उन्होंने दलील दी कि मैहर के ग्राम जरियारी में खसरा क्रमांक-1240 की शासकीय भूमि सार्वजनिक हित की है। इसके बावजूद रमाकांत सहित अन्य दबंगों ने उस पर मनमाने तरीके से अतिक्रमण व अवैध निर्माण कर लिए हैं। कई बार शिकायत के बावजूद ठोस कार्रवाई नहीं हुई। यहां तक की पब्लिक लैंड प्रोटेक्शन सेल में आवेदन देने का भी कोई नतीजा नहीं निकला। इसीलिए व्यापक जनहित में हाई कोर्ट की शरण ली गई है। जिस भूमि पर अतिक्रमण किए गए हैं, वह सार्वजनिक निरस्तार की भूमि है। अवैध निर्माणों से ग्रामवासियों को असुविधा का सामना करना पड़ रहा है।

## दुष्कर्म के मामले में आठ वर्ष का कारावास

**जबलपुर।** अपर सत्र न्यायाधीश निशा विश्वकर्मा की अदालत ने दुष्कर्म के आरोपित बरगी अंतर्गत ग्राम खापा निवासी गुड्डा बर्मन का दोष सिद्ध पाया। इसी के साथ आठ वर्ष के कारावास की सजा सुना दी। साथ ही पांच हजार रुपये का जुर्माना लगाया। अभियोजन की ओर से अपर लोक अभियोजक अनिल तिवारी ने पक्ष रखा। उन्होंने दलील दी कि 18 फरवरी, 2025 को आरोपित ने सायं साढ़े छह बजे पीड़िता के साथ दुष्कर्म किया था। पीड़िता खेत में लगी सब्जी की देखभाल कर रही थी। इसी दौरान आरोपित ने उसे शिकार बना लिया। हल्ला मचाने पर चाकू दिखाकर जान से मारने की धमकी दी। अदालत ने दोष सिद्ध पाकर सजा सुना दी।

## आ रहे बादल, लौट सकती है ठण्ड

# हवाओं की दिशा बदलते ही पारे की उछाल पर लगा ब्रेक



**जबलपुर।** एकाएक बढ़ रही गर्मी पर गुरुवार को दिनभर चली उत्तर-पश्चिमी हवाओं ने न सिर्फ ब्रेक लगाया बल्कि दिनभर में 5 डिग्री तक नीचे पारा लुढ़का दिया। आज भी इन हवाओं का जोर है। मौसम विदों की मानें तो तापमान के पारा में और गिरावट की संभावना है। गत कुछ दिनों से पारे में उछाल का क्रम जारी था, जिससे ठंड पर गर्मी का रुतवा भारी दिखाई देने लगा था, हालांकि यह एक अच्छी खबर है कि उत्तर भारत के उंचाई वाले क्षेत्रों में हिमपात का दौर फिर शुरू हो गया। है जो ठंड के लौटने का संकेत दे रहा है, एक ओर जहां रात के तापमान के उछलने का सिलसिला बदस्तूर जारी है वहीं दिन के तापमान में भी गिरावट आई है। आसमान की रंगत साफ रहने से धूप को फलने-फूलने का पूरा मौसम मिल रहा है। जिससे सूर्योदय के बाद कुछ मिनिटों में ही सूरज की तेज तपिस वातावरण में गर्मी पैदा करने लगती है। दोपहर बाद एक बारगी तो यह एहसास होता है कि ठंड की बिदाई के साथ गर्मी ने दस्तक दे दी है। इस तरह पल-पल बदल रहा मौसम का मिजाज ठंड को स्मृति से ओझल कर देता है। यदि मौसम विभाग की मानें तो ठंड अभी ठिठुरी नहीं है। बस यह मौसम की तासीर बदलने का इंतजार कर रही है, आमतौर पर हर वर्ष होली के आसपास मौसम का मिजाज बदली और बारिश वाला हो जाता है,यदि बर्फबारी लगातार जारी रही तो उत्तर ले जाने वाली शीतल बयार फिर मौसम का मिजाज ठंड करने लगेगी। संभाग में फिलहाल उत्तर पश्चिमी हवा का दौर चल रहा है। मौसम विभाग के प्रवक्ता का कहना है कि यदि आसमान पर बादल छाते हैं तो बारिश की संभावना बन सकती है। गुरुवार का अधिकतम तापमान 23.08 डिग्री दर्ज किया गया, जो सामान्य से 3 डिग्री कम रहा। इसी तरह न्यूनतम तापमान भी 13.4 डिग्री दर्ज किया गया जो औसत से 1 डिग्री अधिक रहा।।



# वाहन चैकिंग के दौरान पकड़े गए नशे के सौदागर

**600 नशीले इंजैक्शनों के साथ 4 आरोपी**

जबलपुर।

गोहलपुर पुलिस ने गत रात चैकिंग के दौरान नेशनल धर्मकांटा के पास नशीले इंजैक्शन के कारोबार में लिप्त चार आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 600 नग नशीलें इंजैक्शन, 3 मोबाइल एवं 2 दोपहिया वाहन जब्त किया है।

गोहलपुर थाना प्रभारी श्रीमति प्रतीक्षा मार्को ने ईएमएस को बताया कि गत देर रात चैकिंग के दौरान नेशनल धर्मकांटा के पास बाईक चालक सुलेमानी मस्जिद के पास चांदनी चौक हनुमानताल निवासी 35 वर्षीय तौहीद अंसारी, मुबीनपुरा तलैया गोहलपुर निवासी 34 वर्षीय मोह.वसीम और एक्सिस वाहन चालक नूरानी मस्जिद के पास बहोराबाग हनुमानताल निवासी 34 वर्षीय जीशान अंसारी पुलिस को रोककर उनके वाहन की तलाशी ली गई, इस दौरान पल्सर मोटर सायकिल मे टंगे थैले तथा एक्सिस की डिक्की मे मिले पॉलीथीन के अंदर 300 फेनिरामाईन मैलेट इंजैक्शन एवं 300 बुप्रेनोरफिन इंजैक्शन रखे मिले। पुलिस ने नशीले इंजैक्शनों के साथ साथ 3 मोबाईल तथा मोटर सायकिल क्रमांक एमपी 20 एम 4882 तथा एक्सिस क्रमांक एमपी 20 एस एस 5374 जब्त की है। पूछताछ करने पर आरोपियों ने छोटी ओमती निवासी आमीन से थोक में इंजैक्शन खरीदकर फुटकर में नशीले इंजैक्शन बेचने की बात स्वीकार की। पुलिस ने कोठी मेडिकल के पास ओमती निवासी 42 वर्षीय आमीन को भी गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने चारों आरोपियों के विरूद्ध धारा 8/22 , 8/29 एन.डी.पी.एस. एक्ट तथा 5/13 म.प्र. ड्रग कन्ट्रोल एक्ट 1949 का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

# एमपी ऑनलाईन सेंटर में प्रशासन की छापेमारी

## फर्जी दस्तावेज तैयार करने की शिकायत पर कार्रवाई, सेंटर सील

**जबलपुर।** घमापुर चौक के समीप स्थित एक मलिक एसोसिएट एमपी ऑनलाईन सेंटर पर एसडीएम के नेतृत्व में छापा मार कार्रवाई की गई। प्रशासन को शिकायत मिली थी कि यहां फर्जी दस्तावेज बनाए जाते है। हालांकि छापा पड़ते ही सेंटर संचालक जुबेर मौके से फरार हो गया। प्रशासन को प्रारंभिक जांच पड़ताल में कई संदिग्ध दस्तावेज मिले हैं जिनमें कुछ स्कूलों के दाखिला-खारिज प्रमाण पत्र, बीपीएल कार्ड और अन्य सरकारी दस्तावेज शामिल हैं, जिन पर बिना किसी के नाम लिखे कार्यालय



प्रमुख के हस्ताक्षर और सील लगी हुई थी। छापे की कार्रवाई गुरुवार को एसडीएम अधारताल पंकज मिश्रा और एसडीएम रांझी रघुवीर सिंह मरावी के संयुक्त नेतृत्व में की गई।

बताया जा रहा है कि, प्रशासन को सूचना मिली थी कि मलिक एसोसिएट एमपी ऑनलाइन केंद्र पर जाति, आय, निवास प्रमाण पत्र सहित अन्य महत्वपूर्ण दस्तावेज अवैध रूप से बनाए जा रहे हैं। इस शिकायत पर संज्ञान में लेते हुए प्रशासन की टीम ने पुलिस बल की मौजूदगी में कार्रवाई की। टीम ने जांच में पाया कि दस्तावेज अवैध रूप से बनाए जा रहे हैं। जांच के दौरान एमपी ऑनलाइन केंद्र का संचालक जुबेर मौके पर मौजूद नहीं था, लिहाजा प्रशासन ने दुकान को सील कर दिया। एसडीएम रांझी रघुवीर सिंह मरावी ने बताया कि प्रारंभिक जांच में प्रमाण पत्रों पर संदिग्ध हस्ताक्षर और छेड़छाड़ के प्रमाण मिले हैं। उन्होंने कहा, दस्तावेजों की गहन जांच की जाएगी

## राज्य शासन, प्रशासक व एमडी को नोटिस

# हाई कोर्ट ने अपैक्स बैंक में 118 पदों की भर्तियों पर लगाई अंतरिम रोक

**जबलपुर।** हाई कोर्ट के न्यायमूर्ति संजय द्विवेदी की एकलपीठ ने अपैक्स बैंक में चल रही एडिशनल सीईओ, अकाउंट एडमिनिस्ट्रेशन मैनेजर, नोडल अधिकारी, असिस्टेंट प्रोग्रामर सहित अन्य के 118 पदों की भर्ती पर अंतरिम रोक लगा दी है। इसके साथ ही राज्य शासन, प्रशासक और बैंक के एमडी को नोटिस जारी कर जवाब-तलब कर लिया है। इसके लिए मार्च के प्रथम सप्ताह तक का समय दिया है।

याचिकाकर्ता प्राची मिश्रा की ओर से अधिवक्ता अनिल लाला ने पक्ष रखा। उन्होंने दलील दी कि दो अलग-अलग विज्ञापनों को देखने के बाद मैनेजर और असिस्टेंट मैनेजर की परीक्षा दी है। लिखित परीक्षा का रिजल्ट आ गया है, लेकिन मार्क्स बताए बिना ही इंटरव्यू के नाम शार्टलिस्ट हो गए। जब लिखित परीक्षा ली गई है तो यह पहले पता होना चाहिए कि कितने नंबर मिले, जिसके आधार पर इंटरव्यू की लिस्ट में नाम नहीं है। याचिका के मुताबिक लिखित परीक्षा और इंटरव्यू के बाद मार्क्स जारी किए जाने की बात कही गई। इससे पारदर्शिता नहीं होगी। इसी के बाद हाई कोर्ट ने इस मामले में नियुक्ति प्रक्रिया पर आगामी सुनवाई तक अंतरिम रोक लगा दी है।

# घर में घुसा बेलगाम ट्रक, युवक गंभीर



जबलपुर।

खमरिया थाना अतंर्गत घाना पिपरिया क्षेत्र में बुधवार की देर रात तेज रफ्तार ट्रक एक घर में घुस गया। घटना में घर में सो रहा एक युवक गंभीर रुप से घायल हो गया। घायल को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया। घटना के बाद क्षेत्र में हड़कंप का माहौल बन गया और क्षेत्र के लोग एकत्रित हो गए। सुबह क्रेन से ट्रक को हटाया गया। पुलिस सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार बुधवार की देर रात तेज रफ्तार ट्रक एक घर में घुस गया। जिससे घर की दिवाल ढह गई और वहां सो रहा अमन यादव मलबे में दब गया। जिसे गंभीर चोटें आ गई।

तेज आवाज सुनकर अमन के भाई अभय की नींद भी खुल गई और मोहल्ले वाले भी आ गए, जिसके बाद सभी ने मिलकर तत्काल मलबा हटाया और घायल को उपचार हेतु अस्पताल पहुंचाया। पुलिस ने क्रेन बुलवाकर ट्रक हटवाया और ट्रक को जब्त कर लिया है। ट्रक चालक के खिलाफ मामलें की विवेचना की जा रही है।




# स्टाफ की कमी से नहीं हो पा रहे पोस्टमार्टम

## मृतकों के परिजनों को करना पड़ रहा लंबा इंतजार

**जबलपुर।** डॉक्टरों और कर्मचारियों की कमी से जूझ रहे नेताजी सुभाषचंद्र बोस मेडीकल कॉलेज अस्पताल के मरचुरी विभाग में एमएलसी केसो का पोस्टमार्टम समय पर नहीं हो पा रहा हैं। मरचुरी में मौजूदा स्टाफ से एक दिन में अधिकतम 6 शवों का पोस्टमार्टम संभव हो पा रहा है जबकि प्रतिदिन 12 से 15 शव पोस्टमार्टम के लिए मरचुरी में पहुंचते है लिहाजा मृतकों के परिजनों को एक-एक, दो-दो दिन तक इंतजार करना पड़ता हैं। मृतकों के परिजनों का आरोप है कि वे दो दिनों से शवों का पोस्टमार्टम कराने के लिए परेशान हो रहे हैं, लेकिन प्रक्रिया पूरी नहीं हो रही। एक मृतक के परिजन धनसिंह लोधी ने अपनी पीड़ा व्यक्त करते हुए कहा, "हम सुबह से शव लेकर आए हैं, लेकिन अब तक कोई सुनवाई नहीं हुई। हमें कल भी इंतजार करना पड़ा था। बताया गया है कि मेडीकल की मरचुरी में



वर्तमान में सिर्फ दो कर्मचारी और 6 डॉक्टर पदस्थ हैं जो दिन भर में सिर्फ 6 या 7 शवों का ही पोस्टमार्टम कर पाते हैं। नियम के अनुसार सूर्यास्त के बाद पोस्टमार्टम की प्रक्रिया नहीं की जाती। लिहाजा मरचुरी विभाग में स्टाफ का बढ़ाया जाना आवश्यक हैं। स्टाफ की कमी को देखते हुए फोरेंसिक विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. विवेक श्रीवास्तव ने उच्च अधिकारियों को पत्र लिखकर कर्मचारियों की संख्या बढ़ाने की मांग की है। उन्होंने कहा, "हम लगातार अधिक स्टाफ की मांग कर रहे हैं। सीमित संसाधनों के साथ काम करना मुश्किल हो रहा है, जिससे शवों के पोस्टमार्टम में देरी हो रही है। पोस्टमार्टम में देरी से मृतकों के परिजन परेशान हैं। वे अपने प्रियजनों के अंतिम संस्कार की प्रक्रिया को पूरा करने के लिए अस्पताल में लंबा इंतजार करने को मजबूर हैं।




हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अचिंत महेश्वरी द्वारा हरिभूमि प्रेस, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)– 482002 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)– 482002 से प्रकाशित। प्रधान संपादक–डॉ. हिमांशु द्विवेदी RNI No.: MPHIN/2008/24240